व्यवसायिक शिक्षा वह शिक्षा है जो लोगों को एक तकनीकी एवं कुशल व्यापारी या एक कारीगर के रूप में काम करने के लिए तैयार करती है। व्यावसायिक शिक्षा को कभी–कभी कैरियर और तकनीकी शिक्षा भी कहा जाता है।(1)हर शिक्षा का अपना एक महत्व होता है। जिस प्रकार शारीरिक शिक्षा के अन्तर्गत शरीर और मस्तिष्क को स्वस्थ रखने का शिक्षण दिया जाता है। इसमें व्यक्ति के सर्वांगीण विकास पर बल दिया जाता है। उसी प्रकार व्यावसायिक शिक्षा का भी अपना महत्व है जिसमें व्यक्ति को व्यवसाय में कुशल एवं दक्ष बनाने पर बल दिया जाता है। इसमें विद्यार्थियों को व्यवसाय हेतु उपयुक्त कौशलों का प्रशिक्षण दिया जाता है। इसमें विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करता है और उसमें दक्ष होता है।

◆◆◆◆

# छात्रों के लिए मूल्यों की आवश्यकता

**डा0 सोमवीर सिंह[1] एवं बिन्दु सिंह[2]**
*[1]सहायक प्रोफेसर, श्री गोविन्द महाविद्यालय, तैवर खास, मुरादाबाद (उ०प्र०)*
*[2]शोधार्थिनी, आईएफटीएम विश्वविद्याल, मुरादाबाद (उ०प्र०)*

**सारांश**

प्राचीनकाल से लेकर वर्तमान काल तक दर्शन ने शिक्षा के उद्देश्य को प्रभावित किया है। प्राचीन काल में शिक्षा के उद्देश्य मोक्ष की प्राप्ति व आध्यात्मिक विकास होता था उसके बाद मध्यकाल में शिक्षा का उद्देश्य धर्म का प्रचार–प्रसार हो गया उसके बाद शिक्षा के उद्देश्य प्रत्येक दर्शन के अनुसार बदलते रहे। शिक्षा के उद्देश्य ये परिवर्तन का कारण मानव जाति का विकास ही रहा है या कहा जा सकता है कि बालक का सर्वांगीण विकास करना शिक्षा के 3 अंगों में शिक्षक, छात्र व पाठ्यक्रम को शामिल किया जाता है और तीनों में से छात्र को छोड़ कर दोनो का उद्देश्य बालक के अन्दर सद्गुणों का विकास करना है। या कहा जा सकता है बालक के अन्दर मूल्यों का विकास करना है। भौतिकवादी युग में विद्यार्थियों के समक्ष मूल्यों की बात करना एक ऐसी घटना की चर्चा करना है जिसके बारे में छात्रों ने कभी भी नहीं सुना।

वर्तमान में अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय तो भौतिकवाद की सबसे बड़ी प्रयोगशाला हो गए

हैं। वहाँ बालक सभी प्रकार की शिक्षा ग्रहण करता है लेकिन मूल्य शिक्षा का उसके जीवन मेंकोई महत्व नहीं है अगर बात हिन्दी माध्यम के विद्यालयों की करें तो पाऐंगे तो वहां के छात्र भी लगभग उसी दिशा में प्रयासरत हैं वे मूल्यों को नहीं मानते हैं। अन्ततः कहा जा सकता है कि विद्यार्थियों के अन्दर वर्तमान समय में मूल्यों के प्रति उदासीनता दिखाई देती है। हिन्दी माध्यम के विद्यार्थी हो चाहें अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थी मूल्यों के प्रति कोई भी जागरूक नहीं दिखाई नहीं पड़ती है। दोनों माध्यम के विद्यार्थियों में मूल्यों का ह्रास हो रहा है। इस प्रकार मूल्यों के माध्यम से मानव जाति सहित पूरे राष्ट्र को बचाया जा सकता है। मूल्यों के माध्यम से ही व्यक्ति का सामाजिक विकास आध्यात्मिक विकास, नैतिक विकास आदि प्रत्यक्ष रूप से जुड़े हैं। विद्यार्थियों को प्रारम्भ से मूल्य की शिक्षा प्रदान कर उनका आध्यात्मिक, आत्मिक, संवेगात्मक आदि विकसित किया जा सकता है।

◆◆◆

# मानवीय मूल्यों की आवश्यकता एवं महत्व

**डॉ0 भानु प्रकाश**
*ज्योति कॉलेज ऑफ मैनेजमेण्ट साइंस एण्ड टैक्नोलॉजी, बरेली (उ०प्र०)*

## सारांश

प्रत्येक व्यक्ति स्वयं के लिए एक मूल प्रणाली रखता है। इस प्रणाली के आधार पर ही सही–गलत, उचित–अनुचित, निर्णय लिया जाता है। इस निर्णय के आधार पर जीवन की कार्य कार्य प्रणाली संचालित होती है। दैनिक जीवन में व्यक्ति प्रतिदिन, हर पल, पल–पल, निर्णय लेता है वह कदम–कदम पर निश्चय करता है और उस कार्य को वरीयता प्रदान करता है जिस कार्य को करने के लिए मूल्य उसे प्रेरित करते है यदि इस प्रकार से मूल्यों के माध्यम से मूल्यांकन क्षमता व्यक्ति के अन्दर न होती तो वह निर्णयन कार्य को नहीं कर सकता।

वर्तमान समय में मूल्य क्षण भंगुर हो रहे है, चिन्तन का अभाव है। बालक को वास्तविकता से आदर्शों को जोड़ने की आवश्यकता है। मनुष्य को ऐसा बनाने की आवश्यकता है जिससे वह स्वयं मूल्यों का पालन करें। मूल्यों में सुधार के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति सामने आयी, जिसमें बताया गया कि शिक्षा ऐसी हो जो लोगों में सत्य, सहयोग, कर्तव्य परायणता का विकास करें। यह सर्वविहित है कि मूल्य शिक्षा की जड़ समाज है यदि समाज नैतिकता से व्यवहार करने लगेगा तो उसके सभी सदस्य भी मूल्यों के प्रति अपनी आस्था रखते हुए अपना कार्य करेंगे। समाज को मूल्यों की शिक्षा में रूचि लेनी चाहिए। मूल्यों के विकास हेतु अधिगम अनुभव प्रदान करने की व्यवस्था करनी चाहिए तथा मूल्य आधारित आचरण को स्वीकृत, पुरस्कृत तथा

अनुमोदित करना चाहिए। साथ ही साथ समाज को अपने देश की निर्धनता के अभिशाप से मुक्त कराने हेतु सतत् प्रयास करना अवश्यक होगा। क्योंकि मूल्य ह्रास का एक प्रमुख कारक निर्धनता भी है। अतः यह समाज मूल्यों के विकास में सार्थक प्रेरक व पूरक की प्रभावशाली भूमिका निभा सकें एवं भावी पीढ़ी के एक स्वस्थ, स्वच्छ व मूल्य आधारित भविष्य दे सकें।

◆◆◆◆

# शिक्षा एवं मानवीय मूल्य

**डॉ0 कुलदीप चौधरी**
*असिस्टेण्ट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान, राजकीय महाविद्यालय, चकराता (उ०ख०)*

## सारांश

शिक्षा अंधकार से प्रकाश की ओरमानव यात्रा का नाम है। शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा मनुष्य के अंतःकरण के द्वार खुल जाते हैं और मानव को परम आलौकिक प्रकाश की प्राप्ति होती है। किसी भी राष्ट्र अथवा समाज के उत्थान में जो उन्नति जिस कारण से होती है वह उस राष्ट्र अथवा समाज की शिक्षा के फलस्वरूप होती है। हमारे देश की पवित्र भूमि पर अनेकों महान ऋषियों, विद्वानों, संतों एवं महापुरूषों का जन्म हुआ। इन्हीं महान पुरुषों में महर्षि सन्दीपन, आचार्य चाणक्य, महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानन्द, महर्षि दयानन्द, सर्वपल्ली डॉ० राधा कृष्णन् इत्यादि प्रमुख हैं। इन्हीं महान पुरुषों की शिक्षा से अनेकों साधारण व्यक्ति जैसे राम, कृष्ण, चन्द्रगुप्तमौर्य, सम्राट अशोक आदि राष्ट्र नायक बने। अतः स्पष्ट है कि शिक्षा के बिना किसी भी राष्ट्र एवं समाज की उन्नति होना असम्भव है।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का व्यक्तित्व और कृतित्व आदर्शवादी रहा है। उनका आचरण प्रयोजनवादी विचारधारा से ओतप्रोत था। संसार के अधिकांश लोग उन्हें महान राजनीतिज्ञ एवं समाज सुधारक के रूप में जानते हैं किन्तु उनका यह मानना था कि सामाजिक उन्नति हेतु शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान होता है। अतः गांधी जी का शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान रहा है उनका मूलमन्त्र था–"शोषित विहीन समाज की स्थापना करना। "उसके लिये सभी का शिक्षित होना आवश्यक है। क्योंकि शिक्षा के आभाव में एक स्वस्थ समाज का निर्माण असम्भव है। अतः गांधीजी ने जो शिक्षा के उद्देश्यों एवं सिद्धान्तों की व्याख्या की वह प्रारम्भिक शिक्षा योजना उनके शिक्षा दर्शन का मूर्त रूप है। अतएव उनका शिक्षा दर्शन उनको एक शिक्षाशास्त्री के रूप में प्रस्तुत करता है। उनका मानना था कि मेरे प्रिय भारत के बच्चोंको 3भ की शिक्षा अर्थात भ्मंक, भ्ंदक, भ्मंतज की शिक्षा दी जाये। शिक्षा उन्हें स्वावलम्बी बनाये और वे देश को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दें।

स्वामी विवेकानन्द भारत की वर्तमान एवं भविष्य में आने वाली परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए वर्तमान शिक्षा प्रणाली में अत्यधिक परिवर्तन की आवश्यकता है। स्वामीविवेका नन्द मानते थे कि इस शिक्षा प्रणाली से व्यक्ति के व्यक्तित्व निर्माण में कोई सहयोग नहीं हो रहा है। उनका मानना था कि ऐसी शिक्षा का क्या महत्व है जो युवा पीढि को गलत मार्ग दिखाये। स्वामी विवेकानन्द ने कहा था कि शिक्षा के लिए जरूरी है एकाग्रता, एकाग्रता के लिये जरूरी है ध्यान, ध्यान से ही हम इन्द्रियों पर संयम रखकर एकाग्रता प्राप्त कर सकतें हैं।

शिक्षा ही राष्ट्र की वह अनूठी शक्ति है जिसके द्वारा राष्ट्र का निर्माण, राष्ट्र की रक्षा और राष्ट्र की उन्नति सम्भव है। शिक्षा प्राप्तकरने का लक्ष्य केवल सम्पत्ति अर्जन करना नहीं है बल्कि अखण्ड राष्ट्र भक्ति से ओत प्रोत चरित्रवान विद्यार्थियों का निर्माण करना है। यह सत्य है कि शिक्षक पर शिक्षा का उत्तरदायित्व है तथा आदर्श शिक्षक अपने ज्ञान और व्यवहार द्वारा अपने विद्यार्थियों को प्रभावित करता है। विद्यार्थी की बुद्धि अत्यन्त कोमल होती है। वह अपने शिक्षक के विचारों का सरलता से अनुकरण करके अपने संस्कारों का निर्माण करता रहता है। अतः अध्यापक को अपने व्यवहार में सदैव सतर्क रहना आवश्यक है। एक शिक्षक को शिक्षा के द्वारा अपने विद्यार्थी के सम्मुख सुन्दर एवं उच्च आदर्श उपस्थित करने चाहिये। अध्यापक ऐसी शिक्षा प्रदान करे जो किसी शिक्षार्थी के चरित्र को उच्च कोटि का बनाये। विद्यार्थी का सबसे मूल्यवान गुण उसका चरित्र है। संसार में सर्वोत्तम शिक्षा उसी के द्वारा होती है जिसका चरित्र महान होता है।

◆◆◆◆

# शिक्षा में मानवीय मूल्य

**महेश कुमार आर्य**
*शोधार्थी (शिक्षा विभाग), जे.वी.जैन (पी.जी.) कॉलेज, सहारनपुर (उ०प्र०)*

## सारांश

स्वामी विवेकानंद– "हमें ऐसी शिक्षा चाहिए जिससे चरित्र बनता है,मन की शांति बढ़ती है, प्रतिभा का विस्तार होता है और आदमी अपने पैरों पर खड़ा हो सकता हो मूल्यों के विकास में भाषा शिक्षण का विशेष योगदान है।" मनुष्य ने शिक्षा से असीमित संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं लेकिन आज हम शिक्षा में ऐसी कमी अनुभव करते हैं, जिसका निदान आवश्यक है। शिक्षा में मानवीय मूल्यों की शिक्षा को अनौपचारिक न बनाकर अनिवार्य कर दी जाये तो हम पतन्नोमुख समाज व देश को बचा सकते हैं देश समाज व मानव जाति की मानसिक शांति, सुरक्षा व विकास का एक मात्र विकल्प मानवीय मूल्यों की शिक्षा देना है। शिक्षा के माध्यम से केवल भौतिक

संपन्नता प्राप्त करना ही पर्याप्त नहीं होता, शिक्षा द्वारा हम एक अच्छे और बेहतर इंसान भी बनने चाहिएं। शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति को कुसंस्कारों की मानसिक गुलामी से बचाया जा सकता है मानवीय मूल्यों की शिक्षा के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग का दृष्टिकोण सकारात्मक बन सकता है। "शिक्षक छात्र का माता– पिता दोनों है उसे आंखो से पिता तथा हृदय से माता होना चाहिए"। शिक्षा मानवीय मूल्यों के सम्प्रेषण में उत्प्रेरक का कार्य करती हैं इस शिक्षा रूपी उत्प्रेरक का संवाहक शिक्षक होता है हमारा समाज शिक्षक से आशा रखता है कि वह अपना यह पुनीत कार्य मानवीय मूल्यों को संप्रेशित कर पूर्ण करें

**मुख्य शब्द–** मानवीय मूल्य,सकारात्मक दृष्टिकोण,संस्कार एवं मानसिक शांति।

◆◆◆◆

# शिक्षा एवं मानवीय मूल्य

**प्रेमलता**
*एम.एड. चतुर्थ सेमेस्टर छात्रा, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय कैम्पस, बरेली*

## सारांश

शिक्षा मानव जीवन की आधारशिला तथा सामाजिक जीवन का अनिवार्य उपादान है। प्रकृति के आंगन में सूर्य के प्रकाश से जिस प्रकार कमल का पुष्प खिल उठता है उसी प्रकार शिक्षा रूपी ज्ञान को पाकर मानव प्रकाशवान हो जाता है। कहा भी जाता है कि पौधे का विकास कृषि द्वारा तथा मानव का विकास शिक्षा द्वारा होता है। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य मनुष्य एवं उसके समाज को प्रगतिशील, सांस्कृतिक एवं सभ्य बनाना है। शिक्षा समाज द्वारा स्थापित विद्यालयों के माध्यम से समाज की आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए सामाजिक वातावरण में दी जाती है। अतः समाज और शिक्षा को एक दूसरे से प्रथक नहीं किया जा सकता। वर्मा एवं यादव (2012) में और समाज के विषय में कहा है, '' मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। व्यक्ति से ही समाज का और समाज से ही व्यक्ति का अस्तित्व जुड़ा हुआ है।'' बालक समाज में रहकर बड़ा होता है। तथा समाज से ही सीखता है। सीखने की इस प्रक्रिया में वह कुछ विचारों को ग्रहण करता है जो उसके आदर्श बनते हैं, यह आदर्श ही उसके मूल्य कहलाते हैं। मूल्य सभी के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं और एक विशेष स्थान रखते हैं। शिक्षा द्वारा समाज और व्यक्ति का सर्वागींण तथा सर्वोत्तम विकास सम्भव है परन्तु यह विकास मूल्यों के अभाव में पूर्णतः असार्थक है।

मानवीय मूल्य खोज के प्रयासः– 1951 के अमेरिकी शैक्षिक नीति आयोग ने पब्लिक स्कूलों के लिए कुछ मानवीय मूल्य निर्धारित किये थे। जैसे– मानव व्यक्तित्व के लिए आदर, व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी, संस्थाओं का व्यक्ति के अधीन होना, सामान्य सहमति, सत्य निष्ठा,

समानता, भ्रातत्व, आनन्द की खोज, आध्यात्मिक संवर्धन, श्रेष्टता के लिए आदर। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में उलिखित है कि हमारा समाज सांस्कृतिक दृष्टि से बहुलबादी है, तथा शिक्षा में ऐसे सार्वभौमिक व शाश्वत मूल्यों का विकास होना चाहिए जो लोगों की एकता व उसके समाकलन की ओर अभिमुक्त हो इस मूल्य शिक्षा से धार्मिक उनमाद, हिंसा, अन्धविश्वास, भाग्यवाद व रूढ़िवादिता समाप्त होगी। शिक्षा नीति के अनुच्छेद–84 में शिक्षा के सामाजिक व नैतिक मूल्यों के विकास के लिए सशक्त साधन बनाने के लिए कहा गया है। अतः शिक्षा प्रणाली राष्ट्रीय ढ़ाचें पर आधारित होगी तथा भारत की उभयनिष्ठ धरोहर, प्रजातन्त्र समवादिता व धर्मनिपेक्षता जैसे मूल्य भिन्न–भिन्न लिगों के लोगों में समानता पर्यावरण रक्षा, सामाजिक बाधाओं की समाप्ती तथा वैज्ञानिक स्वभाव के विकास को बढ़ावा मिल सके। शिक्षा की कार्ययोजना में धर्मनिरपेक्ष, वैज्ञानिक तथा नैतिक व मानवीय मूल्य व समाजसेवा तथा राष्ट्रीय एकता आदि जैसे मूल्यों के विकास पर बल देने की अनुशंसा की गयी।

लगभग सभी समाज में हिंसा, युद्ध, घृणा तथा अपराध का वर्चस्व दिखाई पड़ता है तथ इतिहास के विभिन्न युगों में भी यही प्रवृत्ति दिखायी पड़ती है जिससे ऐसा प्रतीत होता है जैसे मानवीय मूल्यों की सार्वभौमिकता जैसी की बात होती ही नहीं परन्तु मानवीय मूल्यों की आदि समाजों व धर्मों में देखा जा सकता है तथा मूल्यों की यह परम्परा तदतर आज भी जारी है जो सभी युगों एवं सभी संस्कृतियों में दृष्टिगोचार होती है अर्थात इन मूल्यों की सार्वभौम व सर्वगत मूल्यों की कोटि में रखा जा सकता है यह है– सत्यता (सत्य), प्रेम और सेवा भावना, शान्ति, अहिंसा तथा न्याय।

अतः कहा जा सकता है कि यह शिक्षा ही है जिसके माध्यम से समाज उच्च मानवीय मूल्यों का संरक्षण करता है और साथ में उन्हें प्रोत्साहन भी देता है।

◆◆◆◆

# समाज में मूल्य आधारित शिक्षा की भूमिका

**अश्वनी कुमार**
*शोधकर्ता, सत्यभामा विश्वविद्यालय, परिसर, तमिलनाडु*

## सारांश

भारत में मूल्य आधारित शिक्षा समय की वास्तविक आवश्यकता है। जैसा कि हम देखते हैं कि दिन–प्रतिदिन मूल्यों के मामले में समाज कैसे कम होता जा रहा है। समाज में मूल्यों को विकसित करने के लिए कार्यक्रमों को विकसित करना आवश्यक है। प्रेस और मीडिया द्वारा नए तकनीकी उपकरणों, सूचना विस्फोट और हिंसक समाचारों की बमबारी के कारण आज के

भारतीय युवा थोड़े भ्रमित हैं। उनके भ्रमित दिमागों में मूल्य प्रणाली को विकसित करने और उन्हें मूल्य–उन्मुख–शक्तिशाली नेता बनाने के लिए, शैक्षिक संस्थानों को इस नई पीढ़ी को मूल्य आधारित आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करने की पहल करनी चाहिए। "अच्छे आचरण, आत्मविश्वास और उच्च मूल्यों के गुणों को पूरा करने से छात्रों को समाज में महत्वपूर्ण स्थान हासिल करने में मदद मिलेगी। मूल्यों के बिना शिक्षा सुगंध के बिना फूल की तरह है। छात्रों को यह महसूस करना चाहिए कि चरित्र निर्माण उतना ही महत्वपूर्ण है जितना करियर निर्माण। जीवन में एक अच्छा चरित्र अंतिम चीज है जो व्यक्ति के आत्म–साक्षात्कार को बढ़ाती है "। इस पत्र में समाज में मूल्य आधारित शिक्षा की भूमिका पर चर्चा करने का प्रयास किया गया है, यह मूल्य शिक्षा को विकसित करने के निहितार्थों के बारे में विस्तृत चर्चा करता है। रेना, आर. सही बताते हैं कि एक गलत धारणा है कि मूल्य सिखाया से बेहतर पकड़े जाते हैं। हालांकि वास्तविकता में, मूल्यों को पकड़ा और सिखाया जाता है। "आज की पीढ़ी शिक्षण के बिना मूल्यों को पकड़ने वाली नहीं है। हमें इस पीढ़ी को मूल्यों को सिखाना होगा, इससे पहले कि वे नए तकनीकी उपकरणों की बमबारी, सूचना विस्फोट और मीडिया द्वारा पकड़े जाएं। कागज अंत में अपने कॉलेज के छात्रों के लिए संस्कारार्जन ब्लॉग बनाकर लेखक द्वारा खुद के लिए किए गए मूल्य शिक्षा के प्रयास के बारे में चर्चा करता है। लेखक के अनुसार मूल्य आधारित शिक्षा को आध्यात्मिक ज्ञान या आध्यात्मिक चेतना के बिना नहीं पढ़ाया जा सकता है। निश्कर्श में, जीवन में प्रगति के लिए केवल इच्छा या आकांक्षा पर्याप्त नहीं है सफलता मूल्यों पर आधारित होनी चाहिए। और इसके लिए आज के संस्थानों में मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए। ताकि छात्र अपने चुने हुए क्षेत्रों में अच्छे नेता के रूप में उभर सकें।

◆◆◆◆

# शिक्षा में मानवीय मूल्यों की मानव जीवन में आवश्यकता एवं महत्व

**डॉ० ललित कुमार**
*असिस्टेन्ट प्रोफेसर, राजकीय रज़ा पी०जी० कॉलेज, रामपुर (उ०प्र०)*

## सारांश

भारत एक अति प्रचीन सनातन देश है, जिसके कण–कण में विविधता के रंग भरें हुए हैं, बौद्धिक दृष्टि से भारत को 'विश्व–गुरु' के रूप से जाना जाता है। हमारे देश के मनीषियों 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की परिकल्पना के अनुसार सम्पूर्ण विश्व को एक परिवार माना है। इस तथ्य से समझा जा सकता है कि भारत में शिक्षा और मानवीय मूल्यों का क्या महत्व रहा है। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी का मत था कि–''ऐसी शिक्षा जो हमें अच्छे–बुरे के बीच भेद–भाव करना नहीं, एक

के अनुकूल और दूसरे को त्यागता नहीं सिखाती बह मिथ्या है।'' महात्मा गाँधी का यह कथन शिक्षा सम्बन्धी विचारों हेतु कितना महत्वपूर्ण है। महात्मा गाँधी ने शिक्षा हेतु जो अपने विचार प्रस्तुत किये है, भारतीय समाज में मानव जीवन के मानवीय मूल्यों की भूमिका तथा शिक्षा के महत्व को परिभाषित करता है। जिसमें मानव को एवं उसकी सामजिक एवं व्यवसायिक जीवन में नैतिक मूल्यों एवं उसकी आवश्यकता को समझा जा सकता है।

सर लार्ड मैकाले जो भारत में गर्वनर रहे थे उन्होंने सन् 1832 में भारतीय समाज में मानवीय मूल्यों को महत्व को रेखांकित करते हुए भारत के सन्दर्भ में हाउस ऑफ कामन्स में अपने अध्ययन में बताया है कि भारत देश में लोगों के मानवीय मूल्य और नैतिकता इतना जबरदस्त प्रभाव रखता था कि भारत में कोई व्यक्ति भूखा नहीं सोता था। इस देश में लोग भौतिकता से अधिक सामाजिकता को महत्व प्रदान करते थे। जिसके एक प्रभाव यह था कि कोई भी व्यक्ति चाहे कितना भी आश्रित क्यों न हो परन्तु वह किसी भी दशा में असामाजिक कृत्यों के लिए उद्घृत नहीं होता था। जो भारतीय समाज की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता थी। किसी देश में शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो मानव को किसी पर आश्रित न बनाये, यदि शिक्षित व्यक्ति चाहे जो स्वयं रोजगार कर सके एवं रोजगार प्रदान कर सके।

वर्तमान परिदृश्य में आज जब सम्पूर्ण विश्व को एक बाजार के स्वरूप में देखा जाता है। भूमण्डलीकरण का दौर है, आज कोई भी व्यक्ति सम्पूर्ण विश्व में किसी भी देश, राज्य, समाज, समुदाय के किसी भी व्यक्ति से किसी भी क्षण वार्तालाप कर सकते हैं। आज के समय में दूरी का महत्व नहीं रह गया है जिस प्रकार तेजी से तकनीकी विकास हो रहा है, वह समय दूर नहीं कि कोई व्यक्ति अल्प समय में ही सम्पूर्ण विश्व में कहीं जाने हेतु सम्पन्न हो जायेगा। दूसरे शब्दों में कहे तो मानव में भौतिकता के प्रति चाव बढ़ा है जिस कारण व्यक्ति के सामाजिक, पारिवारिक एवं मानवीय मूल्य शिथिल हुए हैं। आज के सम्बन्ध में कह सकते हैं देश में सामाजिक, पारिवारिक एवं मानवीय मूल्य शिथिलता ने भौतिक दृष्टि से देश को लोगों को समषद्धि प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। जोकि आज के भौतिकतावादी दृष्टिकोण से एक बड़ी उपलब्धि है परन्तु इसका एक महत्वपूर्ण और काला पक्ष यह है कि भौतिकवादी इस विचारधारा ने समाज की प्राथमिक ईकाई परिवार को छिन्न–भिन्न कर दिया है। आज के समाज में एकल परिवार तो मिलते हैं परन्तु संयुक्त परिवार नहीं। संयुक्त परिवार के बिखरने पर समुदाय प्रभावित हुआ और समुदाय प्रभावित होने से राज्य और फिर राष्ट्र।

कुल मिलाकर शोधार्थी का मत है कि भौतिकतावादी इस संस्कृति ने मानवीय मूल्यों एवं शिक्षा को इस प्रकार प्रभावित किया गया है, व्यक्ति एकल परिवार में रहने के तत्पर होने लगा है, अब उसे पारिवारिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति जागरुकता निष्क्रिय प्रायः हो गयी

है। पारिवारिक एवं सामाजिक मूल्यों के प्रति उदासीन होने के कारण समाज में बुराई का प्रभाव बड़ा है। मानव में प्रेमभाव, लगाव, पारिवारिक रिश्ते, आदर, सत्कार, अपनत्व, संयम, सदासशयता, सहिष्णुता, वरदाश्त करने की क्षमता दूसरे और अपने से बड़े और छोटे को सम्मान देने का भाव जैसे लगभग सभी प्रकार के मानवीय मूल्य के प्रति मानवीय एवं सामजिक उदासीनता को भौतिकता ने पूर्णतः प्रभावित किया है। आज समाज में व्यक्ति 'मैं' का भाव लेकर जीता है, ना कि 'हम' का भाव लेकर।

एक बड़ा असर मानवीय मूल्यों में क्षरण का कारण है प्रतिद्वंद्वता। हमें यह समझाना होगा कि जीवन में प्रतिस्पर्धा आवश्यक है ना कि प्रतिद्वंद्वता। आज के समाज में लोग या मानव प्रतिस्पर्धा एवं प्रतिद्वंद्वता को समान ही समझते हैं, प्रत्येक व्यक्ति भौतिकता में इतना रच–बस गया है कि प्रतिस्पर्धा एवं प्रतिद्वंद्वता को समझना ही नहीं चाहता। शोधार्थी ने अपने अध्ययन में इस प्रभाव का अध्ययन करने का प्रयास किया है। जिसके लिए शोधार्थी द्वारा द्वितीयक स्त्रोंतों का सहारा लिया गया है।

◆◆◆◆

# मानवीय मूल्य और शिक्षा

**बृज नरेश[1] एवं प्रदीप कुमार कश्यप[2]**
*[1]शोधार्थी –इतिहास विभाग, आर.जी. (पी.जी.) कॉलेज,मेंरठ (उ०प्र०), [2]प्रवक्ता– शिक्षा विभाग, दिशा भारती कॉलेज ऑफ मेंनज़मेंट एंड एजूकेशन, सहारनपुर (उ०प्र०)*

## सारांश

स्वामी महावीर– "सभी मनुष्य अपने स्वयं के दोषों के कारण दुखी होते हैं और स्वयं अपनी गलती सुधार कर प्रसन्न हो सकते है" शिक्षा मानवीय जीवन को समुचित रूप से परिष्कृ त कर अपने सार्थक रूप से पूर्ण हो कर उच्च ज्ञान का सृजन करती है मानवीय मूल्य मानव जीवन हेतु दिशा सूचक की भाति कार्य करते हैं। वर्तमान समय में मानव के ह्रदय में प्रेम, करुणा, नैतिक चिंतन की अवधारणा और नैतिक चिंतन कहीं खो सा गया है जीवन मूल्यों को आचरण में धारण करना ही सच्चा मानवीय धर्म है। दैनिक जीवन में मानवीय मूल्यों का क्षरण विश्वभर के शिक्षाविदों के लिए गम्भीर चिंता का विषय है इसके कारण परंपरागत संस्थाओं के अस्तित्व पर प्रश्न चिन्ह लगा हुआ है मनुष्य इस बात से पहचाना जा रहा है कि उसके पास "क्या है" न कि "वह क्या है" गर्दन काट प्रतिस्पृधा प्रत्येक क्षेत्र में बढ़ती जा रही है मनुष्य को अपने जीवन, समाज व देश को ऊच्चता प्रदान करने हेतु पुरुषार्थ करना होगा। धर्म ग्रंथो में पुरुषार्थ चार बताए गये – धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष। हमें भावी पीढ़ी की शिक्षा, मानवीय मूल्यों को समाहित करते

हुए आचरण में उतारने की व्यावहारिक शिक्षा दी जाये तो हम अपने देश को फिर से विश्वगुरु के रूप में देख पाएंगे।

**मुख्य शब्द–** मानवीय मूल्य, नैतिक चिंतन, परंपरागत संस्था एवं व्यावहारिक शिक्षा।

◆◆◆◆

# मानवीय मूल्यों की आवश्यकता एवं महत्व

**सन्त कुमार राजपूत**
*असिस्टेंट प्रोफेसर, शिक्षा विभाग, ज्योति कालेज आंफ मैंनेजमेंट साइंस एंड टेक्नोलॉजी, बरेली (उ०प्र०)*

## सारांश

समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने के लिए एक मूल्य विधि रखता है। इस विधि के आधार पर ही सही, गलत उचित ,अनुचित निर्णय लेता है। इसी निर्णय के आधार पर जीवन के कार्य प्रणाली संचालित होती है। जीवन में हर वयक्ति प्रतिदिन निर्णय लेता है और कदम उठाता है। जिस कार्य को करने के लिए मूल्य उन्हें प्रेरित करते हैं ,उस कार्य को वह मुख्य स्थान देता है। व्यक्ति मूल्यों के माध्यम से मूल्य अंकित क्षमता बढ़ाकर सही निर्णय लेता है।

सुंदर, असुंदर, सही, गलत, अच्छा, बुरा, प्रशंसा, निंदा, इन सभी को निश्चित करना ,इन सभी के बारे में निर्णय लेना मूल्य की अवधारणा पर निर्भर करता है। हर समाज की अपनी एक मूल्य पद्धति होती है। ये मूल्य साक्ष्य का काम करते हैं। उन मूल्यों को प्राप्त करने के लिए मनुष्य अपना पूरा जीवन लगा देता है। मूल्यों के द्वारा हम अपने जीवन को सार्थक बनाते हैं। मूल्य हमारे मन में कर्तव्यनिष्ठा, विश्वास, श्रद्धा, प्रेरणा आदि उत्पन्न करते हैं। इन सब के बिना मनुष्य समाज में अपना स्थान निर्धारित नहीं कर सकता। मूल्य हमारे जीवन को कुशल एवं सार्थक बनाते हैं, जिससे समाज में एक स्थान बन सके। हम रोज की नई–नई घटनाओं से सीख लेते हैं। प्रत्येक मानव व्यवहार और घटना हमें सीख देती है और इसी सीख से हमारे अंदर अनुभव उत्पन्न होते हैं। और यह अनुभव हमें भावी, निर्णय लेने में, योजना बनाने में मदद करते हैं। मूल्य हमारे व्यवहार को निर्देशित करते हैं। हमारे अनुभव जिस प्रकार विकसित होते हैं, उसी प्रकार मूल्य भी विकसित होते जाते हैं।

मूल्य हमारे जीवन को आधार प्रदान करते हैं जो कि हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। व्यक्ति अपनी आचरण में मूल्यों को इस प्रकार प्रयोग करता है जिससे अन्य सामाजिक व्यक्तियों से उसका तालमेल बना सके और समाज से अनुकूलन बना सके। जितना अच्छा अनुकूलन होगा वह व्यक्ति उतना ही सुरक्षित स्वयं को उस समाज में महसूस करेगा। यह अनुकूलन तभी संभव है जब आचरण में मूल्यों का समावेश हो।

अतः सामाजिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए, सामाजिक व्यवस्था के पुनर्निर्माण में सामाजिक विघटन को रोकने के लिए मूल्यों का होना अति आवश्यक है।

◆◆◆◆

# शिक्षा एवं मानवीय मूल्य

**मो0 शमीम**
*प्रवक्ता, हिन्दी विभाग, अ0इ0 डिग्री कालेज, लालबाग़ लखनऊ (उ०प्र०)*

## सारांश

भौतिक सम्पन्नता प्राप्त करना शिक्षा का उद्देश्य नहीं होता है। शिक्षा के द्वारा हमें एक अच्छा इन्सान और बेहतर नागरिक बनाना चाहिए इसके लिए हमें अपनी परम्पराओं, आदर्शों आदि से जीवन मूल्यों से जोड़ना आवश्यक हो जाता है। मूल्य हमारे जीवन में सही दिशा दिने में सहायता करते हैं और सही मूल्यों से ही व्यक्ति की पहचान बनती है। मूल्य हमारे जीवन में सही और गलत का अहसास कराते हैं जिसके बिना निर्णय लेना बेहद कठिन है। व्यक्ति के व्यक्तित्व एवं समाज के निर्माण में परम्पराओं विश्वासों मूल्यों और आदर्शों का महत्वपूर्ण स्थान मात्र है। शिक्षा व्यक्ति की मानसिकता व बौद्धिकता का महत्वपूर्ण साधन होती है। शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति को कुसंस्कारों व मानसिक गुलामी से बचाया जा सकता है। इसके द्वारा विद्यार्थियों में आत्म विश्वास, नई चेतना और जोश पैदा करके उनके अंधविश्वास व सामाजिक विकृतियों के विरूद्ध खड़ा किया जा सकता है। आज की नई पीढ़ी जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में नई–नई उपलब्धियाँ प्राप्त कर रही हैं। जिसके अर्न्तगत अंतरिक्ष में मनुष्य को भेजने की तैयारियाँ चल रही हैं। आज मनुष्य ने जीवन व समाज में असीमित संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं। इसके विपरीत आज हम शिक्षा में ऐसी कुछ कमियों का अनुभव करते हैं कि जिसका निदान अति आवश्यक है।

◆◆◆◆

# शिक्षा एवं मानवीय मूल्य

**पार्वती वर्मा**
*प्रवक्ता, समाज कार्य विभाग, दीक्षित कॉलेज, रामपुर (उ०प्र०)*

## सारांश

वर्तमान शिक्षा से हमने असंख्य भौतिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं, लेकिन वर्तमान संदर्भ में शिक्षा मानवीय मूल्यों परंपरा व आदर्शों की उपेक्षा कर एकांगी व संवेदनहीन होती जा रही है। संवेदनहीनता की स्थितियां पूरे परिवेश में देखी जा सकती हैं। मूल्यों व आदर्शों के अभाव में

दिशाहीन विद्यार्थी हिंसक, क्रूर व अमानवीय वृत्तियो की ओर अग्रसर हो रहे हैं। अपने महापुरुषों के संदेशो, अपनी परंपरा व अदर्शों से अन्जान नई पीढ़ी बेलगाम हो रही है। आधुनिकता की चकाचौंध व प्रदर्शन की प्रवृत्ति ने उन्हे घोर अवसरवादी व अनैतिक बना दिया है। हिंसा, बलात्कार, चोरी, डकैती व आतंक की ओर व्यक्ति तभी बढ़ता है जब उसे सही मार्गदर्शन, उचित शिक्षा व स्वस्थ्य वातावरण नहीं मिलता। तात्कालिक लाभ व भोगवादी प्रवृत्ति ने मनुष्य को संवेदनशून्य व हिंसक बना दिया है।

◆◆◆◆

# मूल्याश्रित शिक्षण में प्रभावी पाठ्यक्रम की उपयोगिता

**डा0 विक्रान्त उपाध्याय**
*असिस्टेन्ट प्रोफेसर,(बी0एड0), एन0एम0एस0एन0दास, पी0जी0 कालेज, बदायूं (उ०प्र०)*

## सारांश

शिक्षण वृत्ति व्यवसाय नहीं मिशन है। मूल्याश्रित शिक्षण अधिगम ही वास्तविक शिक्षण अधिगम है। विभिन्न वय वर्ग के शिक्षार्थियों हेतु उपयुक्त मानवीय मूल्यों की स्थापना के लिए, शिक्षकों में व्यावसायिक निष्ठा के साथ–साथ समीचीन पाठ्यक्रम की भी महती आवश्यकता है। सम्प्रति पाठ्यक्रम में ज्ञान,समझ और अभिव्यक्ति के विकास से सम्बन्धित विषय वस्तु तो सन्निहित है परन्तु मूल्य संस्थापन हेतु समीचीन विषय वस्तु अपर्याप्त प्रतीत होती है।

एन0सी0एफ02005 के एक मार्गदर्शी सिद्वान्त के अनुसार भी ज्ञान को विद्यालय के बाहर व्यावहारिक जीवन से युक्त करने की बात कही गई है। जिसका तात्पर्य होता है– शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के अन्तर्गत प्रयुक्त मूल्यों को आत्मसात करके जीवन यापन करना। अतः प्रत्येक स्तर के पाठ्यक्रम में आवश्यकतानुसार शारीरिक,आर्थिक,सामाजिक,नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित विषय वस्तु समाहित होना आवश्यक है। शिक्षण अधिगम प्रक्रिया भी शिक्षार्थियों के अन्तर्गत मूल्य संस्थापन में सक्षम होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त शिक्षकों में भी मूल्यपरक शिक्षण करने की दक्षता होना परमावश्यक है क्योंकि मूल्यवान शिक्षक ही शिक्षार्थियों के अन्तर्गत समुचित मूल्यों की स्थापना में योगदान कर सकते हैं।

मानव जीवन को सुखमय बनाने के लिए मूल्य शिक्षा की महती आवश्यकता है। मूल्य संस्थापन हेतु चिन्तन करना समीचीन है। आशा है कि नयी शिक्षा नीति इस उद्देश्यपूर्ति में सहायक सिद्ध होगी।

◆◆◆◆

# बदलते विश्व परिदृश्य में मूल्य शिक्षा की प्रासंगिकता

**रेखा रानी**
*प्रवक्ता, बी0 एड0 विभाग, किशोरी रमण महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा (उ०प्र०)*

## सारांश

आज सम्पूर्ण विश्व के सभी राष्ट्र विकास की अलग – अलग ऊँचाइयों में अपना स्थान बनाने की होड़ में लगे हुए हैं। इस विज्ञान व प्रौद्योगिकी की दौड़ में सभी ने बहुत कुछ पाया है लेकिन इस चमकती चकाचौंध में बहुत कुछ खो दिया है जिसकी भरपाई करना किसी भी विकास व उन्नति की परिधि से कहीं अधिक है। यहाँ हम उन मानवीय मूल्यों और संवेदनाओं की बात कर रहे है जो व्यक्ति के सर्वांगीण विकास और सभ्यता के विकास की आधार शिला है इसके मूल्यों में कल्याण की भावना निहित है। इन सभी के अभाव में मनुष्य सिर्फ और सिर्फ एक मशीन बनकर रह गया है। प्रेम, सहानुभूति, करुणा, दया, त्याग, संवेदना, धर्मनिपेक्षिता, सहिष्णुता, शांति, परोपकार जैसे शब्द सिर्फ अच्छे लेखन कार्य व भाषण की भाषा बन कर रह गये है। हमारा आचरण पूरी तरह पशु समान बन गया है। हमने अपने उन मूल्यों का परित्याग कर दिया है। जिनको हमारा समाज अपनी संस्कृति व मानव मूल्य समझकर अगली पीढ़ी को अमूल्य सौगात समझकर देता है परन्तु आज शिक्षा का उद्देश्य व्यवसायोन्मुखी हो गया है। ऐसी स्थिति में पुनः आज मूल्याधारित शिक्षा की आवश्यकता है जो मानव में जीवन मूल्य, आन्तरिक, सौन्दर्य, सदगुण तथा मानवीय गरिमा जैसे गुणों को समाहित कर सच्चे अर्थों में मानव का निर्माण करें।

◆◆◆◆

# मूल्य परक अध्यापक शिक्षा

**कंचन लोहानी**
*प्रवक्ता, ज्योति कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट, साइंस एंड टेक्नोलॉजी बरेली (उ०प्र०)*

## सारांश

शिक्षा के द्वारा व्यक्ति एक अच्छा तथा भले आदमी को विकसित होता देखना चाहता है। आज मूल्य परक अध्यापक शिक्षा की आवश्यकता से कोई इन्कार नहीं कर सकता। कार्टर बी0गुड के अनुसार शिक्षा उन सभी क्रियाओं की समष्टि है जिसे व्यक्ति अपनी योग्यताओं, अभिवृत्तियों तथा समाज के सकारात्मक मूल्यों के व्यवहार प्रतिमान विकसित करता है।

मूल्य शिक्षा सम्बन्धी प्रत्येक योजना का सफल क्रियान्वयन अध्यापकों के वैयक्तिक व्यवहार शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं पर कार्य निष्ठा पर निर्भर करता है। अपने शिष्यों के कलयाण हेतु पुर्णतः सृजनशील, परिश्रमी शिक्षकों ने शिक्षा प्रणाली में व्यापक असन्तोष तथा नगण्य लाभों के बाद भी अपने दायित्वों का समर्पण भाव पूरा किया है। दुर्भाग्यवश अनपयुक्त शिक्षकों के कारण हमारी शिक्षा तन्त्र पंगु हो गया है तथा हमारे अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम भावी शिक्षकों में उपयुक्त अभिवृत्तियॉ, शिक्षण प्रवीणता कार्यमूल तथ मानवीय मूल्य विकसित करने में असफल रहते हैं। शिक्षक को मूल्य परक शिक्षा के संचालन के लिए सक्षम होना चाहिए। 1986 राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दस्तावेज में पर्यावरण संरक्षण, नारी सम्मान, सामाजिक न्याय, धर्म निर्पेक्षता और राष्ट्रीय चेतना के विकास पर बल दिया है। अतः शिक्षकों को स्वयं के लिए मूल्यों का निर्धारण करना होगा। उन्हें इन मूल्यों के सम्बन्ध में स्वयं सचेष्ट और सक्रिय रहना होगा। शिक्षण प्रशिक्षण की अवधि में मूल्यों से तथा अपनी संस्कृति से परिचित करना होगा, मूल्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता विकसित करनी होगी। और मूल्यों के शिक्षण के लिए निश्चित शिक्षण संव्यूहन खोजने होंगे। सुयोग्य भावी शिक्षक तैयार करने का दायित्व शिक्षक संस्थानों तथा विभागों का है। भावी शिक्षकों की तैयारी के समय मूल्य परक शिक्षा के सैद्धान्तिक, क्रियात्मक तथा शोध पक्ष पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।

अध्यापक शिक्षा का पाठ्यक्रम ऐसा हो जो छात्राध्यापकों को एक आदर्श शिक्षक के रूप में स्थापित कर सकें। मूल्य परक शिक्षा अध्यापक शिक्षा के मानवीय पक्ष पर बल दिया जाना चाहिए।

◆◆◆

# मानवीय मूल्यों की शिक्षा में परिवार, समाज एवं विद्यालय की भूमिका

**शशिबाला**
*असि० प्रोफेसर, शिक्षा विभाग, ज्योति कॉलेज ऑफ मैनेजमेण्ट साइंस एण्ड टैक्नोलॉजी, बरेली*

## सारांश

मूल्य वह चारित्रिक विशेषता है जो मनोवैज्ञानिक, सामाजिक एवं सौन्दर्य बोध की दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जाती है। मूल्य का शाब्दिक अर्थ है उपयोगिता, वांछनीयता, महत्व। मूल्य मानक रूपी मानदण्ड है जिनके आधार पर मनुष्य अपने सामने उपस्थित क्रिया विकल्पों में से चयन करने में प्रभावित होते हैं। भिन्न–भिन्न अनुशासनों में इन्हें भिन्न–भिन्न रूप में लिया गया है जैसे–दर्शनशास्त्र में मनुष्य के जीवन के प्रति दृष्टिकोण को मूल्य की संज्ञा दी जाती है। धर्मशास्त्र में नैतिक नियमों को मूल्य माना गया है। मानवशास्त्री मूल्यों को सांस्कृतिक लक्षणों

के रूप में स्वीकार करते हैं। आधुनिक युग में मूल्यों पर सबसे अधिक चिन्तन दार्शनिकों, मनोवैज्ञानिकों एवं समाजशास्त्रियों ने किया है। दार्शनिकों ने मूल्यों को अमूर्त सम्प्रत्यय कहा है। जिनका सम्बन्ध मनुष्य के अन्तर्मन से होता है। मनोवैज्ञानिकों ने मूल्यों को मनुष्य की रूचियों अभिवृत्तियों के रूप में लिया है। मूल्यों के सन्दर्भ में दार्शनिकों, समाजशास्त्रियों के दृष्टिकोणों पर समग्र रूप से विचार करें तो निष्कर्ष निकलता है कि किसी समाज के वे विश्वास, आदर्श सिद्धान्त, नैतिक नियम और व्यवहार मान दण्ड जिन्हें समाज के व्यक्ति महत्व देते हैं और जिनसे उनका व्यवहार निर्देशित एवं नियन्त्रित होता है वे उस समाज एवं उसके व्यक्तियों के मूल्य होते हैं। अब प्रश्न उठता है कि समाज के अन्तर्गत वे कौन से कारक या साधन हैं जो मूल्यों को बनाने में सहायक हैं। इसके लिए हमें व्यक्ति समाज तथा शिक्षा तीनों की सम्पूर्ण गतिविधियों का अवलोकन करना होगा। छात्र वह बीज है जो अपने अन्दर समस्त मूल्यों के विकास को समेटे हुए है। शिक्षा वह परिवेश है जो इस बीज को खाद–पानी देकर उसे विकसित करती है। इन दोनों के योगदान से ही मानवीय मूल्यों का उद्‌भव होता है। शिक्षा समाज की वह सीढ़ी है जिस पर पांव रखकर व्यक्ति अपने संस्कारों को संवारता है और शिक्षा को दिशा प्रदान करता है। शिक्षा समाज तथा व्यक्ति तीनों मिलकर यह निर्धारित करते हैं कि किन मानवीय मूल्यों पर ध्यान देने से व्यक्ति तथा समाज दोनों का कल्याण सम्भव है।

◆◆◆◆

# मानवीय मूल्य और वर्तमान मदरसा शिक्षा

**वसीम मियाँ**
*शोधार्थी महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली (उ०प्र०)*

## सारांश

शिक्षा व्यक्ति के मानसिक व बौद्धिक विकास का महत्तवपूर्ण साधन होती है। शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति को कुसंस्कारों तथा मानसिक गुलामी से बचाकर रखा जा सकता है। शिक्षा के माध्यम से ही छात्रों में आत्मविश्वास और नई चेतना देकर सामाजिक कुरीतियों, अन्धविश्वासों तथा शोषण के विरूद्ध खड़ा किया जा सकता है। वर्तमान समय में शिक्षा मानवीय मूल्यों तथा आदर्शो की उपेक्षा कर संवेदनहीन होती जा रही है। ऐसे में छात्रों को नैतिक तथा आध्यात्मिक मूल्यों से परिचित कराना अति–आवश्यक है। छात्रों में मानवीय भावनाएं तथा संवेदनशीलता पैदा करने के लिये उन्हे आदर्शों, मानवीय मूल्यों तथा संस्कारों से जोड़ना आवश्यक है।

भारत में विभिन्न संस्कृतियों का प्रभाव पड़ा भारत के मध्य युग में इस्लाम का आगमन हुआ जिसने भारतीय समाज, संस्कृति तथा विचारधारा को नवीनता प्रदान कर एक नवीन शिक्षा

दर्शन का सूत्रपात किया जिसके फलस्वरूप इस्लाम धर्म के सिद्धान्तों के अनुरूप ही एक नई शिक्षा व्यवस्था का संगठन किया गया। साथ ही शिक्षा का अर्थ, उद्देश्य, पाठ्यक्रम, विधि, विद्यार्थी तथा अध्यापक के सम्बन्ध में नई अवधारणाओं ने जन्म लिया जिसको संगठित रूप मे हम इस्लामी शिक्षा दर्शन कहते हैं। इस्लाम धर्म में ज्ञान की प्राप्ति पर विशेष बल दिया गया है। पूर्व में मदरसा शिक्षण संस्थानों के प्रति यह धारणा बनी हुई थी कि ये केवल धार्मिक शिक्षा तक ही सीमित हैं परन्तु वर्तमान में केन्द्र तथा राज्य सरकारों के उदार दृष्टिकोण के कारण मुस्लिम शिक्षण संस्थान भी न केवल अन्य शिक्षण संस्थानों की भांति ही शिक्षा देने का कार्य कर रहे हैं बल्कि छात्रों में प्रेम की भावना, मानवीय भावना तथा संवेदनशीलता पैदा करने के लिये उनमें आदर्शों, मानवीय मूल्यों, तथा संस्कारों से जोड़ने का कार्य कर रहे है। अतः मदरसा शिक्षा के आधुनिकरण के पश्चात मदरसा शिक्षण संस्थान भी एक नये भारत के निर्माण में अपना सहयोग देने के लिये अग्रसर हैं। वर्तमान में समय की यह मांग हो चुकी है कि बालकों को मूल्य की शिक्षा के स्थान पर शिक्षा का मूल्य समझाने का प्रयास किया जाये अर्थात अध्यापक को अपने शिक्षण की विधियों के प्रति दृष्टिकोण में परिवर्तन लाना होगा।

**मुख्य शब्द–** मानवीय भावनाएं, संवेदनशीलता, मानवीय मूल्य, आधुनिकरण, मदरसा शिक्षण संस्थान।

◆◆◆

# शिक्षा एवं मानवीय मूल्य

**डॉ0 राजीव पाल**
*असि0 प्रोफेसर, हिन्दी–विभाग, राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर (उ0प्र0)*

## सारांश

सामाजिक प्राणी होने के कारण मनुष्य के जीवन में समाज का बड़ा महत्त्व है। समाज से पृथक मनुष्य का कोई अस्तित्व नहीं है। वह समाज में ही जन्म लेता है और समाज में ही विकास करता है। जन्म लेने के पश्चात् अनेक प्रकार की परिस्थितियों का मनुष्य सामना करता है। अपने जीवन में अनेक अनुभवों का संचय कर लेता है। ये अनुभव ही उसे कुछ न कुछ सिखाते व शिक्षित करते जाते हैं तथा अपने आस–पास के परिवेश से सामंजस्य स्थापित करता जाता है। शिक्षा मनुष्य के जीवन में परिवर्तन लाती है और उसका व्यवहार परिष्कृत होता जाता है। शिक्षा द्वारा ही मनुष्य अपना सामाजिक विकास करता है, सभ्यता व संस्कृति की ओर निरन्तर उन्मुख होता है और जीवन की पूर्णता को उपलब्ध होता है। मनुष्य शिक्षा द्वारा ही अपने आन्तरिक गुणों का विकास करता है व अपने ज्ञान व कला–कौशल में वृद्धि करता हुआ समाज

का उपयोगी सदस्य बनता है। शिक्षा शब्द संस्कृत भाषा की शिक्ष् धातु से बना है जिसका अर्थ है सीखना व सिखाना। इस प्रकार शिक्षा ग्रहण करना ही शिक्षा है।

आज देश में जो साम्प्रदायिक और जातीय भेदभाव पनप रहा है, जिससे शिक्षा का ह्रास हो रहा है जो व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के लिए एक गम्भीर चुनौती है। यदि व्यक्ति के व्यक्तित्व का समग्र विकास करना है, समाज में सत्य, प्रेम, सहयोग, सहानुभूति, सहिष्णुता, बन्धुत्व का वातावरण पैदा करना है और राष्ट्र की रक्षा करनी है, उसकी एकता और अखण्डता बनाये रखनी है व आर्थिक समृद्धि लानी है तो मूल्यों के महत्त्व को प्रत्येक व्यक्ति को न केवल समझना होगा वरन् उन्हें अपने जीवन में उतारना भी होगा। मूल्यों के महत्त्व को समझने और उन्हें आत्मसात करने में शिक्षा का बहुत बड़ा योगदान है। भारत विश्व के विकसित देशों के मध्य अपना महत्त्वपूर्ण स्थान बना लेगा। मानव अधिकार शिक्षा के साथ ही मानवीय कर्त्तव्यों की जानकारी शिक्षा के माध्यम से सम्यक् रूप से प्रदान की जानी चाहिए, जिससे कि हम देश को प्रगति के पथ पर और अधिक तेजी से अग्रसर करने में सफल हो सकें। अतः प्रत्येक व्यक्ति को सम्यक् रूप से मानव अधिकार प्राप्त होने चाहिए और इसके हेतु शिक्षा की समुचित व्यवस्था की जानी चाहिए जिससे कि मानव जाति विध्वंसकारी प्रवृत्ति से मुक्त होकर रचनात्मक कार्यों में लग सकें, जिससे राष्ट्र की एकता और अखण्डता अक्षुण रहेगी।

◆◆◆◆

# शिक्षा में व्यावसायिक प्रतिबद्धता और आचार संहिता

**प्रदीप कुमार**
*सहायक प्रोफेसर, शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय संभल, मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय*

**सारांश**

शिक्षक छात्रों को शैक्षिक बातें सीखने में मदद करते हैं, और सकारात्मक उदाहरण देकर जीवन की महत्वपूर्ण चीजों को सिखाते हैं। अच्छे शिक्षक अपने छात्रों के रोल मॉडल होते हैं, इसलिए शिक्षकों को रोल मॉडल के रूप में नैतिकता और व्यावसायिक प्रतिबद्धता की एक आचार संहिता का पालन करना चाहिए। शिक्षकों की व्यावसायिक आचार संहिता यह सुनिश्चित करती है कि छात्रों को एक उचित, ईमानदारी वाली और समझौताविहीन सर्वोत्तम शिक्षा मिले। नैतिकता एवं आचार संहिता अपने छात्रों के प्रति शिक्षकों की जिम्मेदारियों की रूपरेखा तैयार करती है और छात्रों के जीवन में उनकी भूमिका को परिभाषित करती है।

◆◆◆◆

# शिक्षा में मानवीय मूल्य एंव व्यावसायिक नैतिकताः आवश्यकता एंव महत्व

**डॉ० प्रदीप कुमार[1] एवं वैष्णवी गुप्ता[2]**
*[1]असिस्टेन्ट प्रोफेसर, शिक्षा विभाग, [2]छात्रा (बी.एस–सी.), राज. रज़ा पी.जी. कॉलेज, रामपुर*

## सारांश

शिष्टाचार दूसरों की गरिमा का सम्मान तथा दूसरों के प्रति भावनात्मक समझ आदि तत्व 'मानवीय मूल्य' कहलाते है। मानवीय मूल्य व्यक्ति के उदारवादी चरित्र की अस्मिता होते है। मानव के मूल्य ही समाज में उसके चरित्र का द्योतक होते हैं। प्रत्येक सफल व्यक्ति के पीछे उसके सकारात्मक मूल्य ही कार्य करते हैं। कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार का व्यवसाय करता है तब उसकी कार्यपद्धति में भी मानवीय मूल्यों का अभाव नहीं होना चाहिए अर्थात् व्यक्ति के प्रत्येक व्यवसाय में मानवीय मूल्यों का निहित होना एक 'नैतिक आवश्यकता' है। जिस कारक का उददेश्य 'व्यक्ति का चहुँमुखी विकास' होता है वह कारक 'शिक्षा' कहलाता है। जिस प्रकार किसी व्यक्ति को आर्थिक रूप से सम्पन्न जीवन के लिए 'धन' की आवश्यकता होती है उसी प्रकार सामाजिक, बौद्धिक तथा गरिमापूर्ण जीवन के लिए 'शिक्षा' आवश्यक होती है। शिक्षा के क्षेत्र में मानवीय मूल्य निहित होने से शिक्षा व्यवस्था स्वच्छ एवं सुदृढ़ बनती है।

आज ये जानकर हर्ष की अनुभूति होती है कि हमारे देश मे अध्यापक तथा अभ्यार्थी दोनों ही भारतीय होते हैं तथा इतना ही नही विदेश से भी छात्र शिक्षा ग्रहण करने के उद्देश्य से भारत आते हैं। यदि नैतिक मूल्यों की बात करें तब किसी विद्यार्थी की व्यक्तिगत उपलब्धियों चाहें कुछ भी हो परन्तु उसमें यदि अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान भाव नही है तब उसकी शिक्षा पूर्ण नही है अतः छात्र तथा शिक्षक के मध्य मात्र शिक्षा तथा धन का ही सम्बन्ध नही होना चाहिए अपितु वे सम्बन्ध ufrdrk जैसे प्राथमिक मूल्यों से सम्बन्द्ध होना चाहिए। छात्र को अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ रहना चाहिए तथा संकल्पयुक्त मनोदशा के साथ भविष्य की ओर कूच करना चाहिए।

समाज की बर्बादी बुरे व्यक्तियों की सक्रियता से नही होती समाज की बर्बादी तो अच्छे व्यक्तियों की निष्क्रियता से होती है। भारत की साक्षरता लगभग 65 प्रतिशत (2011 की जनगणना के अनुसार) है। हमारा लक्ष्य इसमें वृद्धि करना है। देश के सभी राज्यों में अधिकतम साक्षरता केरल राज्य (90 प्रतिशत) तथा न्यूनतम बिहार (47 प्रतिशत) है। वर्तमान में विद्यार्थी ही भावी भारत का भविष्य है तथा भावी भारत का विकास ही हमारी प्राथमिक आवश्यकता है।

शिक्षा में मानवीय मूल्यों का न होना उस शिक्षित व्यक्ति के अपूर्ण व्यक्तित्व का सबसे

बड़ा कारण होता है। हमारे जीवन में शिक्षा का महत्व अनुपम है।

◆◆◆◆

# व्यावसायिक आचार संहिता

(शिक्षक और उनके दायित्व यू.जी.सी. विनियम 2018 के सदर्भ में)

**डॉ० अनिल कुमार यादव[1] एवं डॉ० अशु सरीन[2]**
*[1]विभागाध्यक्ष, बी.एड.विभाग आर.एस.एम. (पी.जी.) कालेज, धामपुर, जिला बिजनौर (उ०प्र०)*
*[2]विभागाध्यक्ष, बी.एड.विभाग गोकुल दास हिन्दु गर्ल्स कालेज, मुरादाबाद (उ०प्र०)*

**सारांश**

जो कोई भी शिक्षण को व्यवसाय के रुप में अपनाता है उसका दायित्व होता है कि वह पेशे के आदर्शो के अनुरुप अपने आचरण को बनाए रखे। एक शिक्षक लगातार अपने छात्रों और समाज की समीक्षा के अधीन रहता है। इसलिए, प्रत्येक शिक्षक को यह ध्यान रखना चाहिए कि उसकी कथनी और करनी के बीच कोई भेद नहीं हो। पहले से ही निर्धारित शिक्षा के राष्ट्रीय आदर्शो और उन्हें छात्रों प्रसार करना एक शिक्षक का स्वयं का आदर्श होना चाहिए। इस व्यवसाय में आगे यह भी आवश्यक है कि शिक्षक शांत, धैर्यवान, मिलनसार और मैत्रीपूर्ण स्वभाव का हो।

एक शिक्षक को :

(1) ऐसा जिम्मेदारी भरे आचरण व्यवहार का पालन करना चाहिए जैसा कि समुदाय उनसे आशा करता है;

(2) उन्हें अपने निजी मामलों का इस प्रकार से प्रबंधन करना चाहिए जो कि पेशे की प्रतिष्ठा के अनुरुप हों;

(3) अध्ययन और शोध के माध्यम से लगातार पेशेवर विकास जारी रखने चाहिए;

(4) ज्ञान के क्षेत्र में योगदान देने के लिए पेशेवर बैठकों, संगोष्ठियों, सम्मेलनों इत्यादि में भागीदारी करके मुक्त और मैत्रीपूर्ण विचार व्यक्त करने चाहिए;

(5) पेशेवर संगठनों में सक्रिय सदस्यता को बनाए रखना चाहिए और उनके माध्यम से शिक्षा और व्यवसाय को बेहतर बनाने का प्रयास करना चाहिए;

(6) विवेकपूर्ण और समर्पण भावना से शिक्षण, अनुशिक्षण, प्रायोगिक ज्ञान, संगोष्ठियों और शोध कार्य के रुप में अपने कर्तव्यों का निष्पादन करना चाहिए;

(7) शिक्षण और शोध में साहित्य चोरी और अन्य अनैतिक व्यवहार में शामिल नहीं होना और उन्हें हतोत्साहित करना चाहिए;

(8) विश्वविद्यालय के अधिनियम, सांविधि और अध्यादेश का पालन करना चाहिए और विश्वविद्यालय के आदर्शो, विजन, मिशन, सांस्कृतिक पद्धतियों और परंपराओं का आदर करना चाहिए;

(9) महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के शैक्षणिक दायित्वों से संबंधित कार्यो का क्रियान्वयन करने में सहयोग और सहायता प्रदान करना जैसे किः प्रवेश हेतु आवेदनों का मूल्यांकन करने में सहायता करना, छात्रों को परामर्श देना और निगरानी करना, पर्यवेक्षण और मूल्यांकन करने सहित विश्वविद्यालय और महाविद्यालय में परीक्षाएं आयोजित कराने में सहायता करना;

(10) सामुदायिक सेवा सहित सह–पाठयचर्या पाठ्येत्तर कार्यकलापों के विस्तार में भागीदारी करना;

◆◆◆◆

# भारतीय संविधान एवं मानवीय मूल्य

**डा० मनमीत कौर**
*एसोसिएट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग, बरेली कालेज, बरेली (उ०प्र०)*

## सारांश

संविधान राष्ट्र का पवित्र दस्तावेज है। यह उस दर्शन और मूल्यों का प्रतिनिधित्व करता है जिस पर कोई राष्ट्र विकसित होता है और उन लक्ष्यों की पहचान करता है जिन पर देश के नागरिकों की ऊर्जा को निर्देशित किया जाना चाहिए। भारत में हर घर में धार्मिक ग्रन्थ जैसे–भगवद्गीता, रामायण, बाइबिल, गुरू ग्रंथ साहिब या कुरान मिल सकते हैं, लेकिन भारत का संविधान पढ़ने के लिए यह मुमकिन नहीं है। भारतीय संविधान अपने आप में अनूठा है, दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान होने के साथ ही मूल्यों को प्रदर्शित करता है। हिन्दी और अंग्रेजी की दोनों मूल प्रतियाँ संविधान की हस्तलिखित हैं। इस तरह से यह दुनिया का सबसे बड़ा हस्तलिखित संविधान भी है। संविधान की मूल प्रतियों में हमारे पौराणिक और धामिक पात्रों को भी उकेरा गया है, भगवान राम, कृष्ण और शिव को चित्रित किया गया है। इसके साथ ही उपदेश देते भगवान बुद्ध को भी शामिल किया गया है, भारतीय संविधान शिक्षित करता है और जीवन जीने के तरीके को बढ़ावा देता है। संविधान की प्रस्तावना के अन्तर्गत उन आदर्शों को आत्मसात

किया गया है जिनके लिए हम प्रयास कर रहे हैं। यह सभी नागरिकों के लिए सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय या विचारों की अभिव्यक्ति के लिए स्वतन्त्रता और विश्वास यहाँ तक की अवसर की स्थिति और समानता प्रदान करता है तो साथ ही नागरिकों के लिए आचार संहिता भी उपलब्ध कराता है। जब संविधान रोजगार में अवसर की समानता की बात करता है और धर्म, वंश, जाति और लिंग के आधार पर भेदभाव को रोकता है तो वह महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा दे रहा होता है और यहाँ तक की जातिगत बंधनों को तोड़ रहा होता है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना 'भारत के लोग' से शुरू होती है। यह बताती है कि देश का संविधान देशवासियों के लिए है। लोगों को बेहतर जीवन देने के लिए संविधान ने हमें कुछ मौलिक अधिकार दिए हैं। इसमें समानता, स्वतन्त्रता, धार्मिक स्वतन्त्रता, सांस्कृतिक व शैक्षिक अधिकार, शोषण के विरूद्ध अधिकार व संवैधानिक उपचारों का अधिकार है, 1976 में संविधान संशोधन से अनुच्छेद 51ए को जोड़ा गया यह नागरिक के मौलिक कर्तव्यों की बात करता है। ये कर्तव्य संविधान के प्रति सम्मान, समग्र संस्कृति की समृद्ध विरासत को संरक्षित करना, पर्यावरण में सुधार और सुरक्षा सार्वजनिक सम्पत्ति की सुरक्षा और हिंसा को रोकना और व्यक्तिगत व सामाजिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में श्रेष्ठता प्राप्त करना है। यदि सभी नागरिक कर्तव्यों का पालन करें तो यह पूरे देश के लिए एक अच्छा कदम होगा। संवैधानिक मूल्यों के लिए सबसे अधिक आवश्यक है कि भारतीय संविधान को देश के घर–घर में धार्मिक पुस्तक के समान अध्ययन किया जाए व अंतःकरण में समाहित किया जाए। क्योंकि संवैधानिक मूल्य देश की कानूनी व्यवस्था की नींव हैं हमारे संविधान को एक अद्वितीय संविधान के साथ–साथ सबसे बड़ा तभी माना जा सकता है जब उसके मूल्य ईमानदारी से भारतीय नागरिकों द्वारा अपनायें जायें।

◆◆◆◆

# भारतीय संविधान एवं मानवीय मूल्य

**डॉ0 नरेश कुमार**
*एसोसिएट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग, राजकीय महाविद्यालय भोजपुर मुरादाबाद (उ०प्र०)*

**सारांश**

भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, जिसमें विश्व के महत्वपूर्ण संविधानों की जाँची परखी सभी अच्छी व्यवस्थाओं को भारत की प्राचीन सभ्यता एवं संस्कृति से अनुकूलित कर के भारतीय संविधान में स्थान दिया गया है। संविधान ऐसी तांत्रिक व्यवस्था का नाम है जो देश में शान्ति व्यवस्था कायम रखते हुए उसे विकास के पथ पर आगे ले जा सके और जिसके द्वारा देश के मानवीय मूल्यों का निरन्तर संरक्षण एवं संर्वधन होता रहे।

मानवीय मूल्य वे मानवीय मान, लक्ष्य या आदर्श हैं, जिनके आधार पर विभिन्न मानवीय परिस्थितियों तथा विषयों का मूल्यांकन किया जाता है। वे मूल्य व्यक्ति के लिए कुछ अर्थ रखते हैं और उन्हें व्यक्ति अपने सामाजिक जीवन के लिए महत्वपूर्ण मानता है। मानवीय मूल्य दोप्रकार के होते हैं:—साध्य मूल्य और साधन मूल्य। वे मूल लक्ष्य तथा संतोष जिन्हें मनुष्य तथा समाज जीवन तथा मस्तिष्क के विकास एवं विस्तार प्रक्रिया में अपने लिए स्वीकार कर लेते हैं तथा जो व्यक्ति के आचरण में अन्तर्विष्ट होते हैं साध्य मूल्य कहलाते हैं, जैसे— सत्य, अहिंसा, प्रेम, शान्ति, दया तथा आचरण। इसके विपरीत वे मूल्य जो साध्य मूल्यों की सेवा हेतु एवं उन्हें उन्नत करने के लिए आवश्यक होते हैं साधन मूल्य कहलाते हैं जैसे—स्वास्थ्य, सम्पत्ति, सुरक्षा, पेशा एवं प्रास्थिति आदि।

सत्य, अहिंसा, प्रेम, शान्ति, दया तथा सदाचरण आदि शाश्वत मानवीय मूल्यों के बिना कोई भी संविधान सार्थक नहीं हो सकता है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना को संविधान की कुँजी कहा जाता है, जिसमें सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक न्याय, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा एवं अवसर की समानता, व्यक्ति की गरिमा एवं राष्ट्र की एकता एवं अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बन्धुता बढ़ाने का संकल्प लिया गया है। जिससे परिलक्षित होता है कि भारतीय संविधान में सभी मानवीय मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन की पूर्ण व्यवस्था की गयी है।

इस शोध पत्र में संविधान से पुष्पित और पल्लवित होने वाले समस्त मानवीय मूल्यो ंको उद्घाटित करने का प्रयास किया गया है।

◆◆◆

# संविधान और मानवीय मूल्य

**चन्द्रमुखी पाल**
*छात्रा, एल. एल. एम. द्वितीय वर्ष, महात्मा ज्योतिबा फूले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली*

**सारांश**

किसी भी देश का संविधान कई उद्देश्यों की पूर्ति करता है, जिससे देश का सर्वांगीण विकास हो सके प्रत्येक देश आम तौर पर ऐसे लोगों के विभिन्न समुदायों से बना होता है जो कुछ मान्यताओं को साझा करते हैं लेकिन जरूरी नहीं है कि वे सभी मुद्दों पर सहमत हों। किसी भी देश का संविधान सिद्धान्तों, नियमों और प्रक्रियाओं के खाके के रूप में कार्य करने में मदद करता है जिससे सभी के हितों व मानवीय मूल्यों को संरक्षित किया जा सकता है। एक आम आदमी की समझ में मानवीय मूल्य वह हैं, जो मानव समाज के अस्तित्व के लिए एक उपकरण के रूप में बहुत आवश्यक है।

संवैधानिक मूल्यों को भारत के सम्पूर्ण संविधान में परिलक्षित किया जाता है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना में मूलभूत मूल्यों और उसके स्वरूप को दर्शाती है जिस पर संविधान आधारित है। यह है, सम्प्रभुता, समाजवाद, धर्म निरपेक्षता, लोकतन्त्र, गणतन्त्रीय चरित्र, न्याय, स्वतन्त्रता, समानता, बन्धुत्व, मानवीय गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता।

70 साल पहले संविधान लागू करने के साथ देश में विकास की जो नींव रखी गई थी, समय के साथ वह और भी मजबूत हुई है। विभिन्न क्षेत्रों में विकास हुआ है, लेकिन इस सब के बाद भी गणतन्त्र की वह परिभाषा भारत में दिखाई नहीं देती जिसकी उम्मीद संविधान लागू करते समय की गई थी आज भी हमारे देश में कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां लोग अपनी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति भी नहीं करा पा रहे हैं, इसके अलावा जाति, धर्म, अमीरी, गरीबी के नाम पर बढ़ता भेद भाव भी कई जगह दिखाई देता है इन सब समस्याओं का बहुत बड़ा कारण लोगों में चीजों को लेकर जागरूकता की कमी भी है।

आज के समय में जब भी लोग संविधान के विषय में बात करते हैं, तो वह सिर्फ अपने अधिकारों तक ही सीमित रहते हैं। अधिकतर व्यक्ति देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों और कर्तव्यों को अनदेखा करते ही दिखाई देते हैं। इस लेख के माध्यम से लेखिका ने यह कहने का प्रयास किया है कि आज की युवा पीढ़ी को संविधान के बारे में पढ़ाने का अर्थ केवल कक्षा में सूचना और ज्ञान देना नहीं है। बल्कि इसमें सभी तरह के तौर तरीके भी शामिल है।

**मुख्य शब्द–** मानवीय मूल्य, सर्वांगीण विकास, भेदभाव, दृष्टिकोण।

◆◆◆

# शिक्षा का विकास एवं भारतीय संविधान

**डॉ० संजीव कुमार[1] एवं शिल्की सिंह[2]**
*सहा0 आचार्य, कु० मायावती राज. महिला महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर (उ०प्र०)*
*प्रवक्ता, शिक्षाशास्त्र, आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलिज, हापुड़ (उ०प्र०)*

## सारांश

'किसी देश के समुचित विकास के लिए अतिआवष्यक है की उस देश के नागरिक सुशिक्षित हो' इस विचार को स्वीकारते हुए भारत की सरकार ने अंग्रेजो से स्वतंत्रता प्राप्त करते ही देश में समुचित शिक्षा के प्रबंध हेतु सन 1948 में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग का गठन किया। इस आयोग ने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु विष्वविद्यालय अनुदान आयोग के गठन के साथ अन्य महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किये। इसके

पश्चात भारत सरकार ने माध्यमिक शिक्षा में सुधार हेतु सन 1952 में डॉ लक्ष्मण स्वामी मुदालियर की अध्यक्षता में माध्यमिक शिक्षा आयोग का गठन किया। इस आयोग ने माध्यमिक शिक्षा के विभिन्न पक्षों से सम्बंधित अनेकों सुझाव प्रस्तुत किये जिनमे माध्यमिक स्तर पर बहुउद्देषीय विद्यालयों की स्थापना करना प्रमुख था। तत्पश्चात भारत सरकार ने शिक्षा पर समग्र रूप से विचार–मंथन करने हेतु सन 1964 में डॉ डी० एस० कोठारी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय शिक्षा आयोग का गठन किया। इस आयोग के प्रतिवेदन का शीर्षक था– 'शिक्षा एवं राष्ट्रीय प्रगति' (Education And National development)। इस प्रतिवेदन का षुभारम्भ इस वाक्य से किया है– 'देश का भविश्य उसकी कक्षाओं में निर्मित हो रहा है।' इस आयोग ने शिक्षा के सभी स्तरों से सम्बंधित अनेको सुझाव प्रस्तुत किये जिनमे सामान्य विद्यालय पद्धति (Common School System) की अवधारणा, विद्यालयो में कार्यानुभव (Work Experience) पर बल, विज्ञान की शिक्षा, वरिश्ठ एवं कृशि विष्वविद्यालयो की स्थापना आदि प्रमुख थे। कोठारी आयोग के सुझावों पर गंभीरता से चिंतन करते हुए भारत सरकार ने सन 1968 में प्रथम राष्ट्रीय शिक्षा नीति का निर्माण किया। इस शिक्षा नीति में शिक्षा के सभी स्तरों पर गुणात्मक सुधार पर बल दिया गया। सन 1979 में भारत सरकार ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की घोषणा की। इस नीति में प्राथमिक शिक्षा एवं कमजोर वर्ग के बच्चो की शिक्षा पर अधिक बल दिया गया। तत्पश्चात भारत सरकार ने सन 1986 में एक और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की घोषणा की तथा 1992 में इसमें कुछ संशोधन के साथ संशोधित राष्ट्रीय शिक्षा नीति की घोषणा की। इस शिक्षा नीति की विशेषता यह थी की इसमें नीति के साथ उसके क्रियान्वन की पूरी कार्य योजना (Plan Of Action) भी प्रस्तुत की गयी। इस शिक्षा नीति में राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली, समानता के लिए शिक्षा, शिक्षा प्रषासन के विकेंद्रीकरण, तकनीकी एवं प्रबंध की शिक्षा, कमजोर वर्ग के बच्चो की शिक्षा आदि पर प्रमुख बल दिया गया इस शिक्षा नीति के बाद भी भारत सरकार ने शिक्षा के प्रसार एवं उसकी गुणवत्ता में सुधार हेतु समय–समय पर विभिन्न शिक्षा आयोगों एवं समितियों का गठन किया जिनमे प्रो० यशपाल समिति 1992–93, राष्ट्रीय ज्ञान आयोग 2005, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2005 आदि प्रमुख हैं। सन 2009 में भारत सरकार ने एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए शिक्षा का अधिकार अधिनियम (Right To Education Act) पारित किया जिसमे 6 से 144 वर्ष तक के सभी बच्चो के लिए निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान किया गया है। इस वर्ष सन 2016 में भारत सरकार ने आधुनिक भारत की आवश्यकताओं एवं आकांक्षाओं के अनुसार नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनाने हेतु राष्ट्रीय स्तर पर एक व्यापक परिचर्चा शुरू की है। इस परिचर्चा में समाज के प्रत्येक वर्ग से विचार लिए जा रहे हैं तथा संगोष्ठीयाँ व सम्मेलनों के आयोजन किये जा रहे हैं। आशा है कि सभी की भागीदारी से एक ऐसी राष्ट्रीय शिक्षा नीति का निर्माण होगा जो भारत को विकसित देश बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगी।

◆◆◆◆

# आजादी के समर मे आधुनिक शिक्षा का योगदान

**सचिन कुमार**
*असि. प्रोफेसर, इतिहास विभाग, डी.ए.वी, कॉलेज, मुजफ्फरनगर (उ०प्र०)*

## सारांश

शिक्षा मानव जीवन मे एक शस्त्र की भांति होती है। जिस प्रकार कोई योद्धा शस्त्र धारण करने के पश्चात अपने आपको गौरवान्वित और आत्मनिर्भर महसूस करता है। उसी प्रकार एक सामान्य मानव भी शिक्षित होने के पश्चात अपने आपको गौरवान्वित समझता है इसके अतिरिक्त वह अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक हो जाता है। अंग्रेज़ो ने जो शिक्षा प्रणाली मैकाले के समय आरंभ की थी उसका उद्देश्य था केवल अंग्रेजी माध्यम से कुछ भारतीयों को पढ़ाना जो उनके लिए एक दूभाषिया का कार्य कर सके। प्रारम्भ मे अंग्रेज़ो ने कुछ योजना बनाई जैसे –1854 का (wood dispatch),1882 का हंटर आयोग आदि।

लेकिन अंग्रेज़ो के यें प्रयोग आधिक सफल नहीं हो सके। शिक्षा का जैसे–जैसे प्रसार हुआ लोगो मे राष्ट्रवाद की भावना जागने लगी। अब भारतीय जनमानस अपने विचारो का आदान–प्रदान भी करने लगा। साहित्य का निर्माण अनेकों रूपो किया जाने लगा जैसे–

1. समाचार–पत्रो का प्रकाशन

2 उपन्यास लेखन

3 पत्रिकाओ का सर्जन

इसके अतिरिक्त कुछ क्रांतिकारी साहित्य का भी लेखन हुआ।जिसे पढ़कर तत्कालीन समय के नौजवान क्रांति की राह पर चल पड़े और हमे आजादी दिलाई।

◆◆◆◆

# थारू जनजाति की भौगोलिक परिस्थितियां एवं उनके मानवीय मूल्य

**भाग्य श्री**
*भूगोल शोधकत्री, कुमाउं विश्वविद्यालय, नैनीताल (उ०प्र०)*

## सारांश

किसी भी जाति– समुदाय की भौगोलिक परिस्थितियां उस जाति के लोगों के मानवीय मूल्यों से घनिष्ठ रूप से सम्बन्धित होती हैं। थारू जनजाति का निवास स्थान उत्तर प्रदेश,

उत्तराखण्ड, बिहार राज्य के जिलों में मिलता है। उत्तराखण्ड के तराई जिला उधम सिंह नगर के ब्लॉक खटीमा एवं सितारगंज में इनका मुख्यतः निवास स्थान है। खटीमा एवं सितारगंज ब्लॉक का विस्तार तराई के जिले उधम सिंह नगर के पूर्व की ओर पाया जाता है। सितारगंज का अक्षांशीय एवं देशान्तर विस्तार 28.93 अंश उत्तर से 97.70 अंश पूर्व के बीच पाया जाता है। सितारगंज ब्लॉक के उत्तरी सीमा जिला नैनीताल की दक्षिणी सीमा तक है तथा दक्षिणी सीमा पीलीभीत उत्तर प्रदेश तक है। सितारगंज मुख्यालय के पूर्व की ओर खटीमा 28 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है तथा पश्चिम में उधम सिंह नगर मुख्यालय रूद्रपुर से 45 किमी. की दूरी पर स्थित है। खटीमा के पूर्व में नेपाल सीमा है जो कि 11 किमी. की दूरी पर है। खटीमा से सितारगंज की दूरी 28 किमी. दूर है।

सितारगंज एवं खटीमा में तापमान मई–जून में सबसे अधिक लगभग 43 डि.से. एवं दिसम्बर–जनवरी में सबसे कम लगभग 9 डि.से. होता है। तराई में होने के कारण यहां की भूमि दलदलीय है। आसमानी वर्षा लगभग 100 से 150 सेमी. के कारण यहां भयंकर बाढ़ आती हैं। यहां की जलवायु मानसूनी जलवायु है। यहां की वनस्पतियां पर्णपाती हैं। जैसे सागौन, साल, आम, शीशम, महुआ, पॉपलर, नीम, पीपल, यूकेलिपटिस आदि। पशुओं के लिये यहां अच्छे चारागाह तथा घास के भण्डार पाये जाते हैं। यह क्षेत्र हिमालय के दक्षिण में स्थित होने के कारण यहां का मन्द ढाल उत्तर से दक्षिण की ओर पाया जाता है। यह दोनों विकास खण्ड तराई में होने के कारण कृषि प्रधान क्षेत्र हैं। यहां की मिट्टी में नाइट्रोजन तथा जैवपदार्थों की प्रचुर मात्रा है परन्तु फॉस्फेट की कमी है। यह मिट्टी गेहूं, चावल, गन्ना, सोयाबीन की कृषि के लिये उपयुक्त है। उपर्युक्त विवरण के आधार पर ही दोनों विकास खण्ड के लोगों के मानवीय मूल्य प्रभावित होते हैं। थारू जनजाति के संस्कार इन्हें अन्य जाति से भिन्न बनाती है। एक तरफ यह समुदाय अपनी परम्पराओं को जीवित रखे अपनी अलग पहचान बना रखी है। वहीं दूसरी तरफ वर्तमान समय में अन्य जनसमुदाय के सम्पर्क एवं शिक्षा के बढ़ते स्तर के फलस्वरूप इनके परम्पराओं में कई परिवर्तन हुए है। जैसे–मनोरंजन के पौराणिक साधनों को इन्होनें त्याग दिया है तथा तीज जैसे त्यौहार का प्रचलन समाप्त हो चुका है। थारू समाज के लोग हिन्दू धर्म को मानते है। ये लोग पहले मूर्ति पूजक नहीं थे, ये लोग अपने ईष्ट देव की पूजा करते थे। ये लोग तंत्र–मंत्र, जादू–टोना, भूत–प्रेत, आत्मा में विश्वास रखते हैं। आजकल ये लोग धर्मान्तरण भी कर रहे है। थारू समाज में साक्षरता दर में तीव्रता से वृद्धि हुई है। संख्या की दृष्टि से दोनों ब्लॉकों में आज भी थारू जनजाति के निरक्षर व्यक्तियों की संख्या अधिक है। 2011 की जनगणना के अनुसार खटीमा की कुल साक्षरता दर 76.39 प्रतिशत तथा सितारगंज की कुल साक्षरता दर 71. 95 प्रतिशत है।

◆◆◆

# भौगोलिक परिस्थितियाँ तथा मानवीय मूल्य

**सोमेन्द्र सिंह[1] एवं सौरभ भारद्वाज[2]**
*[1]असिस्टेन्ट प्रोफेसर, [2]छात्र बी० एड० द्वितीय वर्ष, शिक्षक शिक्षा विभाग, राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर (उ०प्र०)*

## सारांश

भारत एक विविधता वाला देश है। इसकी विविधता यहां के भौगोलिक स्वरुप में, सभ्यता–संस्कृति में, कला में, धर्म में, विचारों में देखने को मिलती है। इसके साथ साथ यह देश गाथाओं तथा प्राचीन परम्पराओं का कर्मस्थल तथा इतिहास का जनक रहा है।

यहां हम भारत के भौगोलिक स्वरुप की बात करते है। तो 'भारतवर्ष' के उत्तर में पर्वत राज हिमालय जिसकी बर्फ से ढकी ऊँची ऊँची पर्वत चोटियाँ अनुपम छटा को संजोए हुए है। वही पश्चिम में थार का मरुस्थल है। पूर्व में सुन्दर वन का डेल्टा है तो दक्षिण में समुद्र तटीय मैदान है। मध्यवर्ती भाग में उपजाऊ मिट्टी युक्त मैदानी भाग तथा पठारी भाग भारतवर्ष की खूबसूरत स्वरुप को दर्शाता है।

भारत के भौगोलिक स्वरुप में भारतीय जीवन शैलियों की भव्यता विराजमान है। भारतीय संस्कृति इन सभी भौगोलिक परिस्थितियों में अलग–अलग है। यहां विभिन्न धर्म, जाति के लोग रहते है। जिनके भोजन, वस्त्र, आवास, मान्यताएं अलग–अलग है। वे भिन्न–भिन्न धर्मों का पालन करते है। परन्तु इस विविधता पूर्ण भौगोलिक परिवेश में मानवीय मूल्यों की भी समरसता देखने को मिलती है। विभिन्न संस्कृति को धारण करने वाले लोगों के सामाजिक मूल्य, मानवीय मूल्य, नैतिक मूल्य, आध्यात्मिक मूल्य, मनोवैज्ञानिक मूल्य एक है।

भारत देश में सभी लोगों के लिए समान कर्तव्य, न्याय, अधिकार की व्यवस्था है। सभी लोग न्याय, ईमानदारी, प्रेम, अहिंसा, दया, नैतिकता आदि मानवीय मूल्य के पक्षधर है। सभी का स्वभाव एक समान है। एक त्यौहार या उत्सव किसी घर या परिवार के लिए सीमित नहीं है। पूरा समुदाय आपस में मिलकर एक साथ मनाते है तथा दुख के क्षण में भी एक साथ रहते है।

संक्षेप में कह सकते है भारतवर्ष का भूगोल चाहे कितना ही अलग क्यों न हो यहां के लोग एक दूसरे के धर्म, संस्कृति के प्रति आस्था रखते है। यहां मानवीय मूल्यों में एकरुपता परिलक्षित होती है।

◆◆◆◆

# शिक्षा एवं मानवीय मूल्यों के सन्दर्भ में सांवेगिक बुद्धि की प्रासंगिकता

**हिमाँशु शर्मा**
*बी0एड0 / एम0एड0 विभाग (आई0ए0एस0ई0), म0ज्यो0फु0 रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली(उ०प्र०)*

## सारांश

शिक्षा के माध्यम से केवल भौतिक सम्पन्नता प्राप्त करना ही पर्याप्त नहीं होता शिक्षा के द्वारा हम एक अच्छे इंसान और वेहतर नागरिक भी बनने चाहिए। हम इस बात से इंकार नहीं कर सकते कि वर्तमान शिक्षा से हमने असंख्य भौतिक उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं, लेकिन आधुनिक समय में शिक्षा मानवीय मूल्यों परम्परा व आदर्शों की उपेक्षा कर संवेदनहीन होती जा रही है। यदि हम देखें तो यह पायेंगे कि हम शिक्षण तो वेहतर करने में सफल रहे पर वास्तव में अधिगम को बेहतर नहीं बना पाये। अधिगम से अर्थ है– विचारों को आत्मसात करना। आज हम 16 साल विद्यालयों में छात्रों को पढ़ाने के बाद छात्र की यह गारन्टी नहीं ले सकते कि, यह छात्र एक वेहतर इंजीनियर, डॉक्टर होने के साथ एक अच्छा इंसान भी होगा। मुंशी प्रेमचन्द्र द्वारा लिखित नमक का दरोगा कहानी को पाठक्रम में इस उद्देश्य से सम्मिलित किया गया कि हम छात्रों को यह सिखा सकें की जीवन की कठिन से कठिन परिस्थियों में भी हमें रिश्वत नहीं लेनी चाहिए, लेकिन अनेक तन्त्रों में ऊपर से नीचे तक अधिकतर पदाधिकारियों के हाथ रिश्वत में रंगे रहते हैं। अतः इन कहानियों की सार्थकता निष्प्रभावी हो जाती है। वास्वत में हमें शिक्षा का मूल्य बालकों को समझाना चाहिए। हमने बालकों को संसाधन के रूप में विकसित किया न कि अच्छे नागरिकों के रूप में। संसाधन अर्थात मशीन जो संवेदनाओं से शून्य है।

एक शिक्षक के लिए आवश्यक है कि हम अपने क्रियाकलापों भावनाओं विचारों के बीच सम्बन्ध को समझें तथा इनको पहचान कर प्रतिक्रिया करें। संवेगात्मक बुद्धि व्यक्ति में परानुभूति, अध्यवसाय में दृढ़ता, आवेश नियन्त्रण, स्पष्ट एवं प्रभावी सम्प्रेषण, विचारात्मक निर्णय, समस्या समाधान और दूसरों के साथ समायोजन करने की क्षमतायें विकसित करती है।

विद्यालय में संवेगात्मक प्रबुद्ध शिक्षक कक्षा वातावरण को सुरक्षित एवं आरामदायक बना सकता है। जिससे अधिगम में आसानी रहे अतः स्पष्ट है कि एक शिक्षक की प्रत्येक छात्र के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका एवं जिम्मेदारी रहती है। शिक्षक जो कुछ भी करता है छात्र उसी का अनुसरण करता है। इसलिए शिक्षक को उदाहरणार्थक होना चाहिए।

शिक्षा व्यवस्था का अग्रगामी अभिप्रेरक, व्यवस्थापक एवं अस्तित्व को बनाये रखने वाला शिक्षक ही है। इस कारण शिक्षक में संवेगात्मक बुद्धि का होना अति आवश्यक है।

◆◆◆◆

# तनाव के कारण किशोरों में मानवीय मूल्यों का अविकास

**विवेक आर्य**
*शोधार्थी मनोविज्ञान, कुमाउं विश्वविद्यालय, नैनीताल (उ०ख०)*

## सारांश

मानव जीवन की भूमिका बचपन है तो वृद्धावस्था निष्कर्ष है। किशोरावस्था जीवन की सर्वाधिक उर्जावान अवस्था होती है। इस अवस्था में किशोरों को अधिक ज्ञान न होने के कारण वह धीरे–धीरे तनाव की ओर अग्रसर होने लगते है। युवा होते ही वह कई तनावों से घिर जाते हैं। युवा बनना कुछ और चाहते है परन्तु विवश होकर कुछ और ही करने लगते हैं। यहीं से तनाव आरम्भ हो जाता है। अपने वर्तमान जीवन से असंतुष्ट होकर उनका मानसिक संतुलन बिगड़ने लगता है। आज विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिर्पोट के अनुसार प्रतिवर्ष लगभग 8 लाख लोग आत्महत्या करते हैं। भारत में प्रत्येक 55 मिनट में एक छात्र आत्महत्या कर लेता है। पिछले पांच वर्षों की बात करें तो देश में 52 प्रतिशत की वृद्धि छात्र आत्महत्याओं में हुई है। पांच वर्षों में लगभग 40 हजार छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। अमेरिकी मनोरोग एसोसिएशन की रिपोर्ट के अनुसार अत्यधिक मनोरोग लगभग 14 वर्ष से आरम्भ हो जाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 20 प्रतिशत किशोरों को मानसिक रोगों से ग्रसित पाया गया। किशोरों में मानसिक तनाव विभिन्न कारणों से उत्पन्न होता है जैसे– माता–पिता से अनबन, मस्तिष्क में रसायनों के असन्तुलन से, आनुवांषिक, पोशक तत्वों की कमी, मादक द्रव्यों के सेवन से, घरेलू हिंसा, गरीबी, आदि। किशोरों में चिड़चिड़ापन, उदासी, निराशा, आत्मसम्मान में कमी आदि कई लक्षण तनाव के दौरान दिखाई पड़ते हैं।

किशोर एवं किशोरियों में यह विश्वास कि प्रौढ़ों का उसके बारे में अच्छा विचार नहीं है उसका प्रौढ़ावस्था में प्रवेश कर पाना कठिन कर देता है। उसका माता–पिता के साथ तनाव उत्पन्न कर देता है। जिससे माता–पिता एवं किशोर के बीच एक दीवार खड़ी हो जाती है जिससे वह अपनी समस्याओं को हल करने में उनकी मदद नहीं ले सकता है। किशोरावस्था ऐसी अवस्था होती है जब किशोर बालक की इच्छाओं और समाज की अपेक्षाओं में घोर अन्तर्द्वन्द्व चलता है। फ्रायड के अनुसार किशोर बालक की विजातीय कामुकता में उसके शैशवावस्था की कामुकता की स्पष्ट झलक पायी जाती है। किशोर बालक अपनी प्रेमिका में अपनी मां का स्नेह ढूंढ़ता है तथा किशोरी अपने प्रेमी में अपने पिता का प्यार देखना चाहती है। अतः कामुकता किशोरावस्था की मूलभूत समस्याओं में से एक है। ब्लेयर, जोन्स, सिम्पसन व किन्स ने अपने अध्ययन में पाया है कि 95 प्रतिशत किशोर व किशोरियां 15 वर्ष तक की आयु तक पहुंच कर नियमित रुप से काम–क्रिया में लग जाते हैं। पुराने एवं नए मूल्यों के मध्य द्वन्द्व की स्थिति उत्पन्न होती है और द्वन्द्व

संवेगात्मक अस्थिरता को जन्म देता है। इस अवस्था में किशोरों पर सामाजिक दबाव पड़ता है जिसके परिणामस्वरुप वे अपना व्यवहार समाज द्वारा निर्मित मानकों के अनुरुप करते हैं। यदि उनका व्यवहार समाज द्वारा मान्य नियमों व मानकों के अनुरुप नहीं है तो उन्हें इसके लिए दण्ड व तिरस्कार भी सहना पड़ता है। वे आत्म नियन्त्रित व स्वतन्त्र होने के लिए चिन्तित रहते हैं।

किशोरों में बढ़ते तनाव के कारण आज किशोर समाज के साथ समायोजन करने में असक्षम हो रहें हैं। संयुक्त परिवार के विघटन के कारण उनमें मानवीय व नैतिक मूल्य विकसित नहीं हो पा रहें हैं। पारिवारिक दबाव व अरुचिकर कार्यों में संलग्न रहने के कारण उनकी इच्छाओं का दमन होता है फलस्वरुप वह किसी भी प्रकार के मूल्यों को सीखने में कोइ रुचि नहीं रखते तथा कभी कभी मूल्यों का विरोध करते हुए भी पाए जाते हैं।

◆◆◆

# कल्याणकारी अर्थशास्त्र एवं मानवीय मूल्य

**डॉ0 सीमा मलिक**
*असिस्टेंट प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग, गोकुलदास हिन्दू, गर्ल्स कॉलेज, मुरादाबाद 244001*

## सारांश

कल्याण अर्थशास्त्र, अर्थशास्त्र की एक शाखा है जो कुल (अर्थव्यवस्था व्यापी) स्तर पर कल्याण का मूल्यांकन करने के लिए सूक्ष्म करने के लिए आर्थिक तकनीको का उपयोग करती है। सामजिक कल्याण को मापने के हाल के प्रयासो में आर्थिक स्वतंत्रता (क्षमता द्रष्टिकोण के रूप में ) सहित उपायो की एक विस्तृत श्रंखला शामिल है मानवीय कल्याण से अर्थशास्त्र को जोड़ते हुए मार्शल ने कहा था कि अर्थशास्त्र के अध्ययन का मुख्य विषय मानव अथवा मानवीय कल्याण है और धन इस उद्देश्य की पूर्ति का एक साधन है मार्शल के विचारों का समर्थन उनके समकालीन अर्थ शार्त्रियो जैसे प्रोफेसर पीगू, कैनन, क्लार्क आदि द्वारा भी किया गया है मार्शल ने माना था को अर्थशास्त्र का सम्बंध सुख के साधनो की प्राप्ति ओर उपभोग से है। जिसका अर्थ यह हुआ कि अर्थशास्त्र का अंतिम लक्ष्य कल्याण में वृद्धि करना है

वास्तव में कल्याण के अर्थशास्त्र के सिद्धांतों को लागू करने का प्रयास सार्वजनिक अर्थशास्त्र के क्षेत्र में वृद्धि कर देता है। यह अध्ययन की सामाजिक कल्याण में सुधार करने के लिए सरकार कैसे हस्तक्षेप कर सकती है। कल्याण अर्थशास्त्र भी सार्वजनिक अर्थशास्त्र के विशेष उपकरणो के लिए सैद्धान्तिक नींव प्रदान करता है। जिसमे लागत–लाभ विश्लेषण शामिल है जबकि कल्याण अर्थशास्त्र ओर व्यवहारिक अर्थशास्त्र से अन्तदृष्टि के संयोजन ने एक नए

उपक्षेत्र ,व्यवहारिक कल्याण के निर्माण को जन्म दिया है। संक्षेप में हम कह सकते है कि कल्याण अर्थशास्त्र उच्च मानवीय मूल्य को स्थापित करने में एक महत्वपूर्ण आधार स्तम्भ का काम करता है और इससे मानवीय कल्याण में वृद्धि की जा सकती है

◆◆◆◆

# विज्ञान एवं मानवीय मूल्य

**प्रतिभा सिंह**
*असिस्टेंट प्रोफेसर, यू एरा कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी गजियाबाद (उ०प्र०)*

## सारांश

मूल्य शब्द स्वयं में एक अमूर्त एवं अत्यन्त व्यापक अर्थ समेटे हुए है जिसमें अनेक प्रकार के आयामों को देखा व परखा जाता है। ये एक ओर किसी समाज की संस्कृति, तो दूसरी ओर समाज के सदस्यों के व्यवहार की कसौटी माने जाते हैं। मानवीय मूल्य समाज द्वारा मान्यता प्राप्त वे इच्छाएं व लक्ष्य हैं जिन्हें मानव समाज के माध्यम से सीखता है और वे उसकी व्यक्तिनिष्ठ अभिलाषाएं बन जाती है। दूसरे शब्दों में मानवीय मूल्य ही निर्णयों के आवश्यक एवं अपरिहार्य तत्व हैं। सामाजिक व राजनीतिक जीवन को समझने में भी मानवीय मूल्य इसी प्रकार की भूमिका का निर्वाह करते हैं। मूल्य व्यक्ति व समाज के व्यवहारों को नियन्त्रित व सद् मार्ग की ओर निर्देशित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मूल्यों मानव का बोध विवेक शक्ति उत्पन्न होने पर सम्भव होता है।

विज्ञान का सर्वोच्च लक्ष्य है–प्राकृतिक व्यवस्थाओं को संचालित करने वाले मूल नियमों की खोज करना।यह खोज और इस खोज से प्राप्त "ज्ञान" दोनों स्वतः मूल्यवान है। अतः वैज्ञानिक सत्यानुसन्धान को एक महान और पवित्र कर्त्तव्य के रूप में देखते हैं। इसीलिए यदि वैज्ञानिक "सत्य" से मानव का अहित होता हो, तो भी विज्ञान इसे अपना दोष नहीं मानता। पर ऐसी निर्वैयक्तिक, भावनाशून्य तटस्थता और मूल्य निरपेक्षता नैतिक मानवीय दृष्टि में दायित्व–हीनता का पर्याय मानी जाएगी। इस असामंजस्यपूर्ण स्थिति से बचने के लिए ही वैदिक चिंतकों ने समस्त विधाओं को अध्यात्म के सूत्र में पिरोया था। इसी तथ्य को रेखांकित करते हुए अरस्तू ने कहा था कि विज्ञान को यदि जीवन मूल्यों से मुक्त किया गया तो परिणाम खतरनाक होंगे। अतः नैतिक एवं मानवीय मूल्यों तथा विज्ञान के बीच विभाजन की इस वैचारिक बाधा रेखा को तोड़ना होगा। किंतु यह विज्ञान का अध्यात्म से समन्वय के बिना संभव नहीं है।

◆◆◆◆

# माध्यमिक विद्यालयों के अध्यापकों के समायोजन पर सैद्धान्तिक व आर्थिक मूल्यों के प्रभाव का अध्ययन

(सहारनपुर जनपद के विशेष सन्दर्भ में)

**डॉ० रतन सिंह**
*स0 प्रोफेसर, बी०एड०,कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर गौतमबुद्धनगर (उ०प्र०)*

## सारांश

वैदिक काल से लेकर वर्तमान तक औपचारिक शिक्षा हेतु विद्यालय एक सषक्त माध्यम के रूप में विधमान है। माध्यमिक शिक्षा, प्राथमिक शिक्षा व उच्च शिक्षा के मध्य एक कड़ी का काम करती है। माध्यमिक विद्यालयों में पढने वाले छात्र,छात्राएं किशोर अवस्था में होते है। किशोरावस्था को आंधी–तूफान कि अवस्था कहा जाता है ऐसी अवस्था में अध्यापकों का परम दायित्व होता है कि वें छात्रो के समायोजन करने में सहायता करें तथा उन्हें मूल्यपरक् शिक्षा प्रदान करें। अध्यापको की समस्याओं को दूर कर सरकार, प्रबंध तंत्र, समाज, अध्यापकों को अपने विद्यालय एवं परिवेष में समायोजन करने में सहायक होगा। भारत सरकार द्वारा माध्यमिक शिक्षा समीक्षा हेतु गठित ताराचंद समिति" (1948), 1952 में "माध्यमिक शिक्षा आयोग", 1965–66 में "राष्ट्रीय शिक्षा आयोग" (कोठारी आयोग) ने भी अपनी सिफारिशो में अध्यापक समायोजन पर विशेष बल दिया है। भारतीय समाज ने वैदिक काल से ही मूल्य शिक्षा की आवश्यकता का अनुभव करते हुए शिक्षा में अनेक प्रयास किये गये शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न समय पर गठित आयोगो एवं समितियों ने मूल्य शिक्षा को प्रस्तवित करने हेतु अपनी सिफरिशें प्रस्तुत की।

**संकेत शब्द** : सैद्वान्तिक,आर्थिक,मूल्य, माध्यमिक स्तर, समायोजन, आयोग, शैक्षिक, समष्टि, परिसूची, सांख्यिकीय, प्रविधियां.

◆◆◆◆

# मूल्य शिक्षा का स्वरूप एवं योग

**हिना**
*विद्यार्थी एमए योग, यू पी आर टी ओ यू बरेली, कॉलेज, बरेली (उ०प्र०)*

## सारांश

शिक्षा एक ऐसा आहार है जिस पर पूरा जीवन निर्भर करता है। यदि व्यक्ति की शिक्षा प्रणाली सुनियोजित न हो तो एक अच्छे जीवन की कल्पना करना असम्भव सा हो जाता है क्योंकि

जो शिक्षा हम बच्चे को देंगे वही उसके भविष्य का निर्माण करेगी। बच्चे के अच्छे भविष्य निर्माण के लिए उसे जिस प्रकार विशेष तकनीकी शिक्षा दी जाती है या विशिष्ट क्षेत्र मे पारंगत किया जाता है उसी प्रकार मानवीय मूल्यों को बढ़ाने के लिए अनेक शिक्षाप्रद साधनो का प्रयोग किया जाता है, जिसमे योगशिक्षा का अपना एक अलग महत्व है। यह शिक्षा एक ऐसी शिक्षा है जो सभी शिक्षा प्रणालियों के साथ सरलता से सम्मिलित हो जाती है और अपना सकारात्मक प्रभाव छोड़े बिना नहीं रहती है वेसे तो सभी शिक्षा प्रणालियों का उद्देश्य व्यक्ति को सर्वागीण विकास करना होता है परंतु सर्वप्रथम बच्चे की सामान्य बुद्धि को प्रशिक्षित किया जाता है और उसके शिक्षा का उद्देश्य निर्धारित किया जाता है। इसी बीच अनेक परिवर्तन एवं परिस्थितियों का सामना भी करना पड़ता है। इन परिवर्तनों को सकारात्मक रूप योग शिक्षा के द्वारा सरलता से दिया जा सकता है और जब विद्यार्थी विशिष्ट शिक्षा के लिए तैयार हो जाता है तब वह अपना लक्ष्य निर्धारित करता है। विशिष्ट शिक्षा के लिए बालक की रुचि और क्षमता का ध्यान भी आवश्यक रूप से रखना पड़ता है इस समय बालक को एकाग्रता और तीव्र बौद्धिक क्षमता की अधिक आवश्यकता पड़ती है जो कि योग द्वारा सरलता से प्राप्त की जा सकती है। यौगिक प्रणालियों द्वारा बालक की विशिष्ट शिक्षा में उसके लक्ष्य में एवं उसकी दक्षता को बढ़ाया जा सकता है। व्यक्ति के जीवन में सामान्य एवं विशिष्ट दोनों ही शिक्षायोन का अपना ही महत्व है परंतु साथ ही साथ वेयक्तिक एवं समूहिक शिक्षा भी आवश्यक है। अतः हम यह कह सकते हैं कि शिक्षा कि कोई पद्ित क्यों न हो योग के द्वारा निसंदेह उसके स्वरूप एवं उसके मूल्यों को निखारा जा सकता है, जो कि बालक एवं व्यक्ति के सम्पूर्ण जीवन को प्रभावित करती है। उनके अंदर मानवीय मूल्यों का भी विकास करते है।

◆◆◆

# योग- जीवन जीने की कला

**श्रीमती बबीता**
*असिस्टेन्ट प्रोफेसर, शारीरिक शिक्षा, के.आर. गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, मथुरा (उ०प्र०)*

## सारांश

"योग कोई प्राचीन मिथक नही है। यह वर्तमान की सबसे बहुमूल्य विरासत है। यह आज की आवश्यकता है और कल की संस्कृति" –स्वामी सत्यानन्द सरस्वती बिना किसी समस्या के जीवन भर तंदुरुस्त रहने का सबसे अच्छा, सुरक्षित, आसान और स्वस्थ तरीका योग है। इसके लिए केवल शरीर के क्रियाकलापों और श्वांस लेने के सही तरीकों का नियमित अभ्यास करने की आवश्यकता है। यह शरीर के तीन मुख्य तत्वों; शरीर, मस्तिष्क और आत्मा के बीच संपर्क को नियमित करता है। यह शरीर के सभी अंगों के कार्यकलाप को नियमित करता है और कुछ बुरी परिस्थितियों और अस्वास्थ्यकर जीवन–शैली के कारण शरीर और मस्तिष्क को परेशानियों से बचाव करता है। यह स्वास्थ्य, ज्ञान और आन्तरिक शान्ति को बनाए रखने में मदद करता है।

अच्छे स्वास्थ्य प्रदान करने के द्वारा यह हमारी भौतिक आवश्यकताओं को पूरा करता है, ज्ञान के माध्यम से यह मानसिक आवश्यकताओं को पूरा करता है और आन्तरिक शान्ति के माध्यम से यह आत्मिक आवश्यकता को पूरा करता है, इस प्रकार यह हम सभी के बीच सामंजस्य बनाए रखने में भी मदद करता है।

आज की तेज रफ्तार जिंदगी में अनेक ऐसे पल हैं जो हमारी स्पीड पर ब्रेक लगा देते हैं। हमारे आस–पास ऐसे अनेक कारण विद्यमान हैं जो तनाव, थकान तथा चिड़चिड़ाहट को जन्म देते हैं, जिससे हमारी जिंदगी अस्त–व्यस्त हो जाती है। ऐसे में जिंदगी को स्वस्थ तथा ऊर्जावान बनाये रखने के लिये योग एक ऐसी रामबाण दवा है जो, माइंड को कूल तथा बॉडी को फिट रखता है। योग से जीवन की गति को एक संगीतमय रफ्तार मिल जाती है।

◆◆◆◆

# मानव मूल्यों में योग का महत्व

**सर्वेश गुप्ता**
*छात्रा, उ0प्र0राजर्शि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय इलाहाबाद, अध्ययन केन्द्र बरेली कालेज बरेली*

**सारांश**

योग कोई धर्म नहीं है, यह जीने की एक कला है जिसका लक्ष्य है– स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन। मनुष्य का अस्तित्व शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक है, योग इन तीनों को संतुलित विकास में मदद करता है। शारीरिक व्यायाम के अन्य रुप जैसे– ऐरोविक्स केवल शारीरिक तंदरुस्ती को ही सुनिश्चित करते हैं। उनमें आध्यात्मिक या सूक्ष्म शरीर के विकास के लिये कुछ नहीं है। यौगिक अभ्यास शरीर में दोबारा से ब्रह्माण्डीय ऊर्जा भर देते है और निम्न सुसाध्य करते हैं–

- सही संतुलन और सद्भाव प्राप्त करने में मदद करता है।
- स्व–चिकित्सा प्रोत्साहित करता है।
- शरीर से विषाक्त पदार्थ और मन से नकारात्मक विचार को बाहर निकाल देता है।
- व्यक्तिगत शक्ति में वृद्धि करता है।
- आत्मबोध में सुधार करता है।
- सजगता, ध्यान और एकाग्रता में मदद करता है, जो कि बच्चों के लिये विशेष रुप से महत्वपूर्ण है।

- योग साधक फिर से उत्साहित और युवा महसूस करते हैं, इस प्रकार योग प्रत्येक साधक को शरीर और मन को नियंत्रित करने के लिये शक्ति प्रदान करता है।
- योग के अभ्यास की कला व्यक्ति के मन, शरीर तथा आत्मा को नियंत्रित करने में मदद करती है, यह भौतिक और मानसिक संतुलन करके शांत शरीर और मन प्राप्त करवाता है, तनाव और चिंता का प्रबंधन करके आपको राहत देता है। यह शरीर में लचीलापन, मांसपेशियों को मजबूत करने और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ाने में मदद करता है।

योग आसन शक्ति, लचीलापन और आत्मविश्वास का निर्माण करता है। योग का नियमित अभ्यास करने से वनज में कमी, तनाव से राहत, प्रतिरक्षा में सुधार और एक स्वस्थ जीवन शैली बनाये रखने में मदद प्राप्त हो सकती है।

2014 में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के रुप में मनाने का सुझाव दिया था क्योंकि गर्मियों में सूर्य उत्तरी बिन्दु पर स्थित होता है और यह दिन उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लम्बा दिन होता है।

अतः योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है।

◆◆◆

# मूल्य परक शिक्षा एवं योग का शिक्षार्थियों पर प्रभाव

**शुभम् गुप्ता**
*छात्र एम0ए0 योग, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल (उ०ख०)*

**सारांश**

शिक्षा शब्द की व्युत्पत्ति संस्कृत की 'शिक्ष' धातु से हुई है, जिससे अभिप्राय है सीखना, अर्जित करना, ग्रहण करना, ज्ञानात्मक रुप से संवृद्ध होना।

अंग्रेजी में शिक्षा को Education कहते हैं जो कि लैटिन शब्द Educare से बना है, जिसका तात्पर्य है– to lead, to draw, to acquire. अर्थात आगे बढ़ना, निकालना, खींचना(ग्रहण), अर्जित करना।

मूल्य के लिये अंग्रेजी में Value शब्द है। Value की निष्पत्ति लैटिन शब्द Velere से हुई है जिसका तात्पर्य है "to be worthy" जिसका अर्थ है ''सार या महत्व''।

यदि शिक्षा का तात्पर्य निकालना, ग्रहण करना, अर्जित करना है तो मूल्य आधारित शिक्षा का तात्पर्य ''सार या महत्व'' है। जब हम किसी भी शिक्षा को मूल्य आधारित शिक्षा में देखते हैं, तो अनेक उदाहरण हमारे समक्ष स्पष्ट रुप से दिखाई देते हैं जैसा कि विवेकानंद जी ने इसी संदर्भ में कहा है कि– शिक्षा में व्यक्ति, समाज तथा राज्य के अनिवार्य तत्वों को शामिल किये जाने की आवश्यकता रहती है तब ही वह समग्र तथा पूर्ण शिक्षा हो पाती है। वास्तव में शिक्षा व्यक्तित्व तथा चरित्र निर्माण का सर्वाधिक सशक्त साधन हैं। यदि इस शिक्षा में योग शिक्षा को भी सम्मिलित कर लिया जाये तो और अच्छे परिणाम प्राप्त किये जा सकते हैं जिसका प्रभाव हम शिक्षार्थी और समाज पर सकारात्मक रुप से देख सकते हैं। योगमार्ग अन्तःकरण की शुद्धि का बहुत ही सरल मार्ग है जिसके द्वारा शारीरिक विकास के साथ साथ मानसिक विकास भी सरलता से किया जा सकता है। योग की अनेक ऐसी क्रियाएं हैं जिनके द्वारा बौद्धिक क्षमता का विकास किया जा सकता है। साथ ही साथ अनेक ऐसे सकारात्मक पहलू भी अनायास जुड़ जाते हैं जिनका सकारात्मक प्रभाव मानव जीवन पर पड़ता है।

◆◆◆

# योग एवं शारीरिक शिक्षा में मानवीय मूल्य

**विपिन कुमार एवं डॉ प्रवेश कुमार**
*[1]छात्र (बी.एड. प्रथम वर्ष), [2]असिस्टेंट प्रोफेसर, बी.एड.विभागाध्यक्ष, राजकीय रजा स्नातकोत्तर, महाविद्यालय रामपुर (उ०प्र०)*

## सारांश

आधुनिक समय में संपूर्ण विश्व के लिए योग शारीरिक शिक्षा एवं खेल जीवन की सभी क्रियाओं को समृद्ध व स्वस्थ बनाए रखने के लिए परम आवश्यक है। आज भाग–दौड़ भरी जिंदगी में मानव भौतिकवादी सोच के कारण शारीरिक क्षमताओं को अनजाने में पिरोए जा रहा है। जिससे वह शारीरिक व मानसिक रूप से अक्षम बनगयाहै। जिसे मानव मूल्यों में कमी हो रही है। प्राचीन समय में शारीरिक शिक्षा मांसपेशियों को विकसित करके शरीर को स्वस्थ रखने तक ही सीमित था। जिसमें मनुष्य शिकार, भार–वहन, लकड़ी काटने, नदी में तैरने, तालाब वसमुद्र में गोता लगाने में सक्षम होता था।

लेकिन वर्तमान परिदृश्य इसके विपरीत है वर्तमान में एक धारणा है कि"स्वस्थ शरीर में हीस्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है" और शारीरिक शिक्षा के अंतर्गत व्यायाम, खेलकूद एवं मनोरंजन करना आदि है।

"योग जीवन का वह दर्शन है जो मनुष्य को उसकी आत्मा से जोड़ता है।"

आजअसाध्य बीमारियों के बढ़तेसमय में योग का महत्व और बढ़ जाता है। भयंकर असाध्य बीमारियों का इलाज योग से संभव है जैसा कि हावर्डमेडिकल स्कूल के विशेषज्ञों ने पाया कि योग चार तत्वों का मिश्रण है हाव–भाव, सांस लेने का तरीका, तनाव मुक्त तथा ध्यानआदि हैंजोस्वस्थ पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। जो लोग योग करते हैं, योग उन लोगों की रक्त धमनियों को 69% लचीला बना सकता है। यह औषधि के बिना धमनियों के ब्लॉकेज में भी कमी ला सकता है शोधकर्ताओं का कहना है कि यह शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली एवं डायबिटीज में जरूरत की औषधियों में 40% तक की कमी लाने में मदद करता है। जो लोग योग करते हैं, वे चिकित्सा सेवाओं का 43% कम इस्तेमाल करते हैं योग ना करने से कई सारे विकार उत्पन्न हो जाते हैं। जिससे लोगों में नकारात्मक प्रभाव बढ़ते जा रहे हैं। हिंसा स्थिरता में कमी, ध्यान में भटकाव आलस्यएवं कमजोरी आदि हैं, जो मानव के विकास में बाधक होते जा रहे हैं। लोगों का स्वभाव चिड़चिड़ा होता जा रहा है जिससे मानवीय मूल्यों में कमी आ रही है। भारत सरकार की तत्परता में 21 जून 2015 से विश्व समुदाय योग दिवस के रूप में मना रहा है।

"योग मनुष्य के मानसिक शारीरिक आध्यात्मिक ऊर्जा को बढ़ाता है।"

योग भारतीय दार्शनिक प्रणालीका एक अंश है।योग एवं शारीरिक शिक्षा एक सिक्के के दो पहलू हैंदोनों को एक दूसरे से अलग नहीं रख सकते हैंयोग एवं शारीरिक शिक्षा मिलकर एक नया उत्पाद है जो हर समस्या का रामबाण है।

"एक बीमार शरीर मनुष्य के मन को बीमार बनाता है।"

◆◆◆◆

# योग, आध्यात्म, स्वास्थ्य एवं माननीय मूल्य

**डॉ0 रजनी रानी अग्रवाल**
*एसो0प्रो0 अर्थशास्त्र, राज0म0 स्ना, महाविद्यालय, रामपुर (उ०प्र०)*

## सारांश

शिक्षा समाज व देश की रीढ़ है। आज मानवीय मूल्यों व योग की सभी को आवश्यकता है। इससे सुख–शांति प्राप्त होती है। शांति व सद्भाव का वातावरण बनता है। योग जी भरकर जीने की जड़ी बूटी है। योग एक प्रबल ऊर्जा की अवस्था है। योग हमारी मानसिक क्षमता को बढ़ाता है। योग से डायबिटीज़, हाइपरटेंशन जैसी लाइलाज बीमारी ठीक हो रही है। योग एक जीवन पद्धति है। आज हम होलिस्टिक हेल्थ की बात करते हे। योग मन व शरीर विचार व कर्म, समय व उपलब्धि की एकात्मकता है। एक ओर योग मानवजीवन मे सुख–शांति लाता है, वही

उन्हे स्वस्थ भी रखता है। इनसे मन शांत और जीवन संतुष्ट हो जाता है। मेडिकल सांइस भी कहता है कि स्वस्थ रहने के लिये दवाई से ज्यादा खुश रहना जरूरी है।

आत्मा के निजी सात गुण है और उनका हमारे शरीर पर प्रभाव पड़ता है। ज्ञान, पवित्रता, शांति, सुख, प्रेम, आनंद और शक्ति। अगर गुणों की ऊर्जा सकारात्मक तो उसका शरीर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जहॉ विज्ञान समाप्त हो जाता है, वहॉ योग काम करता है। खेलकूद से शरीर शक्तिशाली बनता है। लेकिन स्वस्थ तन के साथ स्वस्थ मस्तिष्क होना भी जरूरी है। मन की शक्ति योग से ही आयेगी। मन को कंट्रोल करना होगा। योग और आध्यात्म को जीवनं मे अपनाने से कर्म करने की भावना विकसित होती है। श्रेष्ठ जीवन शैली और उच्च मानसिकता से ही सम्पूर्ण स्वास्थ्य प्राप्त होगा। राजयोग मेडिटेशन व्यक्ति को हर परिस्थिति मे अपने आपको समायोजित कर सरल, सहज और खुशहाल तनावमुक्त जीवन जीने का विश्वास प्रदान करता है। हमारे अंदर का संसार जितना अच्छा होगा उतना ही अच्छा हमारा बाहरी संसार होगा। योग ही इसका एकमात्र साधन है।

◆◆◆◆

# नैतिक मूल्यों के सुधार के सन्दर्भ में योग की अनिवार्य, आवश्यक तथा महती भूमिका

**डॉ. विनीता एम चौधरी**
*असिस्टेंट प्रोफेसर, न्यू एरा कॉलेज, गाज़ियाबाद (उ०प्र०)*

## सारांश

किसी कर्म के परिणाम, प्रभाव या गुण के सन्दर्भ में जिस सार या महत्व को मापित किया जाता है। वही उसकी Value या मूल्य होता है। यदि शिक्षा व्यवस्था में सचमुच सुधार लाना हो तो शिक्षा में नैतिक मूल्यों का समावेश जरूरी है क्योंकि कोई कार्य यदि सुस्पष्ट नीति के बिना किया जाए तो वह सफल नहीं हो सकता। नीति से ही नैतिक शब्द बना है जिसका अर्थ है सोच–समझकर बनाए गए नियम या सिद्धांत। हमें इस सांसारिक सुखों के लिए ईश्वर ने इस दुनिया में नही भेजा है, इसी पराकाष्ठा पे अपनी व्यक्तित्व विशेष का सही एवं उपयुक्ता को अपनाते हुए, नैतिक, सामाजिक, पारिवारिक एवं उपयोगी पहलुओं को ध्यान मे रखते हुए जीवन को वैकल्पिक विन्दुओ में केंद्रित करना चाहिए। इन मूल्यों के प्रति उदासीनता के फलस्वरूप सामाजिक विघटन, स्वार्थपरकता, हिंसा, घृणा, राष्ट्र के प्रति असम्मान या उदासीनता का भाव जनित होता है। जो लोग योग करते हैं उनमें नैतिक मूल्य होते हैं। योग नैतिकता को जन्म देता है तथा लोगों का स्वाभाव इससे बेहतर बनता है। अच्छी आदतों के विकास में योग

एक अहम भूमिका निभा सकता है। हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में विश्व भर में मनाए जाने का सराहनीय फैसला लिया गया। यह हम सभी भारतीयों के लिए एक गर्व का विषय है। सभी को अपने जीवन में योग को शामिल करना चाहिए तथा दूसरों को भी जागरूक करना चाहिए। योग शिक्षा एवं नैतिक शिक्षा एक साधन है और इस साधन का प्रमुख उद्देश्य व्यक्ति के व्यवहार संबंधी क्रियाओं–कलाओं, आध्यात्म का ज्ञान कराना है। योग किसी धर्म विशेष का प्रचार नहीं करता, अपितु हमें जीवन को कैसे जिया जाए यह सिखाता। अतः योग शिक्षा एवं नैतिक शिक्षा विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

◆◆◆◆

# महर्षि अरविन्द के योग की वर्तमान मानवीय मूल्य प्रासंगिकता का निरूपण

**भरत लाल बारी**
*शोध छात्र (योग विभाग), महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, सतना (म०प्र०)*

## सारांश

वर्तमान समय में मानवीय मूल्यों के विकास में योग को महत्वपूर्ण एवं सशक्त माध्यम माना जाता है। क्योंकि भारत एक विविध धर्मो वाला देश होने के कारण मानवीय मूल्यों को अधिक महत्व दिया जाता है। मानवीय मूल्यों में सत्य, धर्म, शांति, प्रेम, अहिंसा आदि का मानव–जीवन में समावेश होने से जीवन शांतिपूर्ण एवं स्थायित्व और मानव जीवन सुखमय व आनंद से परिपूर्ण रहता है।

भारत में सदियों से ऋषि मुनियों द्वारा योग व प्राणायाम का अभ्यास किया जाता रहा है। यह संस्कार भारत की ही देन हैं। भारत में प्रत्येक व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में कार्य प्रारंभ करने से पहले प्रार्थना करता है। घर तथा परिवारो में प्रातः तथा सांयकाल को प्रार्थना की जाती है।

लेकिन आज के इस नये दौर में नवीन पीढ़ी ने पाश्चात्य मूल्यों को अपना लिया है और पश्चिमी देशों का प्रभाव बढ़ने के कारण व्यक्तिगत ''द्वंद एवं भ्रम फैल रहा है कि अब यही हमारी संस्कृति है जिससे नवीन एवं पुरानी पीढ़ी के बीच अन्तराल उत्पन्न होने लगा है। इस समस्या का मूल कारण है मानवीय मूल्यों का ह्रास।

लेकिन नवीन पीढ़ी को भारतीय मानवीय मूल्यों से अवगत कराना है तो उन्हे योग तथा

उसकी क्रियाएँ शरीर तथा मन को अनुशासित कर जीवन के चरमोद्देश्य आनंद की प्राप्ति में सहायक सिद्ध होती हैं। आत्मा में निहित विशेषताओं की निधियों को खोज निकालना योग से ही संभव होता है। एकांत, मौन व ध्यान मनुष्य की मानसिकता पर गहरा सकारात्मक प्रभाव छोड़ते हैं। यही कारण है कि आधुनिक चिकित्सक भी 'योग' अभ्यास करने का निर्देश देते हैं। महर्षि अरविन्द द्वारा प्रतिपादित योग पद्धति के द्वारा नैतिक–प्रसाधन पर बल दिया जाता है। अपनी संपूर्णता में योग मानव के व्यक्तिगत कल्याण के साथ–साथ समष्टिगत कल्याण भी सिद्ध करता है।

◆◆◆◆

# योग, शारीरिक शिक्षा एवं मानवीय मूल्य

**कमल कान्त**
*एम0एड0 (द्वितीय वर्ष), बरेली कॉलेज, बरेली (उ०प्र०)*

## सारांश

योग का मानव–जीवन में विशेष महत्व है। योग को जीवन जीने की कला कहा जाता है। योग शब्द की उत्पत्ति संस्कृत भाषा की 'युज' धातु से मानी जाती है जिसका अर्थ होता है– ''जोडना'', मिलना एवं रोकना या बाँधना''। यहां पर 'जोड़ना' शब्द से तात्पर्य स्वयं को अच्छे एवं सकारात्मक विचारों से जोड़ना है। 'मिलना' शब्द से आशय आत्मा एवं परमात्मा के मेल से है। 'रोकना या बाँधना' शब्द चित्त की वृत्तियों को रोकने या एक स्थान पर बाँधकर रखने को दर्शाता है। योग का जनक भगवान शिव को माना जाता है। योग के प्रथम सूत्रकार महर्षि पतन्जलि है। इनके नाम पर ही योग को पतंजलि दर्शन भी कहा जाता है।

वर्तमान समय में शारीरिक शिक्षा का ज्ञान प्रत्येक मानव के लिए अति आवश्यक है। शरीर– विज्ञान से सम्बन्धित शिक्षा को शारीरिक शिक्षा कहा जाता है। शारीरिक शिक्षा व्यक्ति के सन्तुलित शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मानव के विकास के सभी पक्ष आपस में सम्बन्धित होते हैं। इस प्रकार शारीरिक शिक्षा का मानव के बहुमुखी विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है। अतः शारीरिक शिक्षा से तात्पर्य ऐसी शिक्षा से है जो व्यक्ति को स्वस्थ रखते हुए सन्तुलित ढंग से उसका सर्वांगीण विकास करने में सहायक होती है।

मूल्य एक मानव विश्वास है जिसके आधार पर मनुष्य वरीयता प्रदान करते हुए कार्य करता है। मूल्यों का मानव जीवन में विशेष महत्व है। मानव के लिए आवश्यक मूल्यों को ही मानवीय मूल्य कहते हैं। मानव जीवन में सामाजिक, नैतिक, आध्यात्मिक, संवैधानिक एवं

सांस्कृतिक मूल्यों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। योग वह माध्यम है जिसके द्वारा व्यक्ति का उन्नयन एवं परिष्कार करते हुए उसमें मानवीय मूल्यों को विकसित किया जा सकता है। शारीरिक शिक्षा भी मानवीय मूल्यों के विकास में अभूतपूर्व योगदान देती है। अतः योग एवं शारीरिक शिक्षा ऐसे सशक्त साधन है जो मानवीय मूल्यों का विकास करते हैं।

◆◆◆

# धर्म, दर्शन एवं मानवीय मूल्यो का शिक्षा में प्रासगिकता

**दीपक कुमार शर्मा[1] एवं डॉ0 गिरीश कुमार वत्स[2]**
*[1]सहायक आचार्य (शिक्षा विभाग), राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर (उ०प्र०),*
*[2]प्राचार्य, ए0टी0एम0एस0 कॉलिज ऑफ ऐजूकेशन, अच्छेजा, हापुड़ (उ०प्र०)*

## सारांश

धर्म और शिक्षा का सम्बंध ऐतिहासिक है। विश्व इतिहास के आदिकाल से ही धर्म ने षिक्षा को प्रभावित किया है और षिक्षा ने भी धर्म को धर्म ने सिद्धान्त दिया, शिक्षा ने उसका प्रयोग किया। धर्म मूल्य का निर्धारण करता है, शिक्षा उस पर अमल करती है। धर्म–जीवन की प्रथम सीढ़ी है, तो शिक्षा–दूसरी सीढ़ी है। धार्मिक विचारों में परिवर्तन होने से ही शिक्षा के रूप में परिवर्तन होता रहा है।

धर्म की षिक्षा का उत्तरदायित्व केवल एक अध्यापक पर नहीं हो सकता। आवष्कता पड़ने पर किसी एक अध्यापक को विषेश रूप से यह कार्य सौंपा अवष्य जा सकता है और यह अध यापक धर्मों का सैद्धान्तिक विवेचन करने में सक्षम होगा। यह अध्यापक मृदु स्वभाव का होगा। उसमें सहनशीलता, धैर्य, विवेक, संयम, वस्तुनिष्ठ, दृष्टिकोण, सरलता आदि गुण होंगे। वह धर्म के प्रति श्रद्धा व आस्था रखेगा और उसका सम्पूर्ण आचरण प्रेम से ओत–प्रोत होगा। किन्तु यदि अन्य आध्यापक विपरीत गुणों से युक्त होंगे तो एक अध्यापक अकेले कुछ नहीं कर सकता। अध यापक अपने जीवन में धार्मिक षिक्षा को नहीं उतार सकते तो वे यह कैसे आषा कर सकते हैं कि छात्र उनका अनुकरण करके सदाचारी बन सकेंगे। वस्तुतः मूल्य एक व्यवस्था है। मूल्य–यथार्थ तथा आदर्ष के विभेद के मध्य संयोजक की भूमिका निभाते हैं। मूल्यों का बोध विवेक–शक्ति उत्पन्न होने पर ही संभव है। भारतीय मनीषा के अनुसार, सभी मूल्यों को धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष–चार कसौटियों में विभक्त किया गया है। इनमें से दृष्टिभेद से किसी एक को, दो को, तीन को अथवा चारों को जीवन का मूल्य बनाया जा सकता है, पर केवल अर्थ एवं काम को साध्य बना देने से आदर्शवादिता एवं नैतिकता से मानव वंचित हो जायगा। अतः अधिकांष विचारकों ने अर्थ, काम एवं धर्म की त्रिवेणी को ही व्यावहारिक जीवन का मूल्य माना, पर इन्हें

साध्य नहीं माना। उसकी दृष्टि में मोक्ष या आत्मोपलब्दि ही परम मूल्य है, शेष की महत्ता भी मोक्ष के लिए है, स्वतन्त्र नहीं। धर्म, अर्थ एवं काम साधन हैं तथा साध्य है मोक्ष। इनका परस्पर औचित्य–अर्थ का काम के अनुसार, काम का धर्म के अनुसार तथा धर्म का मोक्ष के अनुसार होना ही है। यदि समाज की विचारधारा इन चार कसौटियों पर इसी प्रकार आधारित हो, तो हम निश्चय ही कह सकते हैं कि ऐसे समाज का नैतिक मूल्य समुत्रत है एवं सर्वथा ग्राह्य है। इसी त्रिवर्ग साधन को व्यक्ति एवं समाज की मर्यादा के अनुरूप अपनाना तथा साध्य मोक्ष की ओर अग्रसर होना ही नैतिकता है। धर्म और नैतिकता के अभाव में शिक्षा का कोई अर्थ नहीं। शिक्षा की सार्थकता धर्म के सन्दर्भ में ही है।

◆◆◆◆

# भारतीय समाज में मानवीय मूल्यपरक शिक्षा एवं योग का महत्व

**डॉ० गरिमा**
*असिस्टेंट प्रोफेसर योग, साहू राम स्वरूप महिला, महविद्यालय, बरेली (उ०प्र०)*

**सारांश**

विश्व में भारतीय संस्कृति प्राचीनतम एवं सर्वोत्कृष्ट मानी गई है इसका मुख्य स्रोत वैदिक संस्कृति है जिसका प्रभाव मानवीय मूल्य शिक्षा पर निरंतर पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। शिक्षा में भी अनेक परिस्थितियों के भी अनुकूल परिवर्तन एवं संशोधन हुए हैं, परंतु फिर भी शिक्षा को एक प्रकाश के रूप में माना जाता है जो कि अंधकार रूपी अज्ञान से प्रकाश रूपी ज्ञान की ओर ले जाता है। जिसका जीवांत उदाहरण "तमसो मा ज्योतिर्गमय", "सा विद्या विमुक्तये" आदि शास्त्र युक्त कथनों से प्राप्त होता है। यह मानवीय मूल्यपरक शिक्षा, मानवीय मूल्यों के साथ साथ समाज एवं संस्कृति के विकास में भी सहायक है। जैसा कि हम प्राचीनकाल में गुरुकुल आश्रम की व्यवस्था के विषय में सुनते आयें हैं जहां विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करते थे और साथ ही साथ योगमय जीवनशैली व्यतीत करते थे। वे ब्रह्मचर्य सदा जीवन उच्च विचार, समता त्याग आदि से परिपूर्ण जीवन व्यतीत करते थे। यह व्यवस्था एवं शिक्षा विद्यार्थी के सर्वागीण विकास में सहायक होती थी। विशेषकर शारीरिक मानसिक विकारों से मुक्त उच्चतम विकास एवं बौद्धिक ज्ञान के विकास में सहायक होती थी।

आज वर्तमान समय में कुछ विकृत स्वरूप शिक्षण पद्धति का कहीं कहीं पर देखने को मिलता है। गुरुकुल एवं आश्रम व्यवस्था अब अधिक देखने को नहीं मिलती परंतु यदि योग–शिक्षा के साथ पुनः शिक्षापद्ित को सम्मिलित कर पाठ्यचर्या एवं दिनचर्या में सम्मिलित किया जाए तो अभी भी मानवीय मूल्यों के ह्रास को रोका जा सकता है। साथ ही साथ योगमार्ग के साधनो का

अनुकरण करके भारतीय समाज में मूल्यपरक शिक्षा का सकारात्मक प्रभाव देखा जा सकता है। यह समाज व्यक्ति, शिक्षार्थी, शिक्षक सभी के लिए एक मिसाल बन सकता है, क्योंकि मानव के विकास का मूल साधन शिक्षा को माना जाता है और इस शिक्षा में यदि हम योग को भी सम्मिलित कर लें तो व्यक्ति अपने जीवन के उद्देश्यों को सरलता से प्राप्त करने योग्य बना देगा। यह योगपरक शिक्षा मनुष्य के व्यवहार उसके वास्तविक स्वरूप और उसके लक्ष्य का सही बोध करने में सक्षम है।

अतः हम यह कह सकते हें कि भारतीय समाज में यदि शिक्षा में योग–शिक्षा को सम्मिलित कर दिया जाए तो समाज में मानवीय मूल्यों के ह्रास को रोका जा सकता है और मानवीय मूल्यों को बढ़ाया जा सकता है।

◆◆◆

# योग, शारीरिक शिक्षा एवं मानवीय मूल्य

**डा0 नीतू सिंह**
*प्रवक्ता, संस्कृत विभाग, दीक्षित महाविद्यालय, रामपुर (उ०प्र०)*

## सारांश

योग सांगोपांग सर्वागीण विकास का दूसरा नाम है। वास्तव में जो भी सारयुक्त श्रेष्ठ एवं श्रेयस है उसी से जुड़ना योग है। इसे ही आत्म तत्व आदि विभिन्न नामों से अभिहित किया गया है। इस रूप में योग आध्यात्मिक पूर्णीकरण तक का लक्ष्य रखता है इसके अतिरिक्त आसन एवं प्राणायाम के अभ्यास के रूप में योग में शारीरिक अभ्यास एवं स्वास्थ्य के मूल्य समाहित है। यम एवं नियमो।के रूप में इसमें सामाजिक, राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय मूल्य समाहित हैं। प्रत्याहार, धारणा एवं ध्यान न केवल मानसिक दृणता उत्पन्न करते है वरन जागरूकता, संकेन्द्रण की क्षमता, दक्षता, भावात्मकता को प्रवल बनाते है। इस प्रकार योग में शारीरिक मानसिक, सामाजिक, राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय सभी मूल्यों के घटक किसी न किसी मात्रा में सम्मिलित होते हैं।

शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह स्वास्थ्य के बारे में पूरी जानकारी रखे। स्वास्थ्य की जानकारी यदि प्रत्येक व्यक्ति रखे तो हम बहुत सी जानकारियां प्राप्त कर सकते है जैसे संतुलित आहार, रोग एवं रोकथाम, वायु पानी, विद्यालय एवं पड़ोस के वातावरण की जानकारी बड़ी आसानी से रख सकते हैं। इससे हम स्वच्छता के बारे में भली भांति जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

◆◆◆◆

# महर्षि वात्स्यायन का दर्शन और शिक्षा

**डॉ० प्रदीप कुमार[1] एवं नितिन कुमार त्यागी[2]**
*[1]असिस्टेंट प्रोफेसर, शिक्षा विभाग, राज. रज़ा पी.जी. कॉलेज, रामपुर, [2]शोधार्थी, चौ० चरण सिंह विवि०, मेरठ (उ०प्र०)*

## सारांश

प्रस्तुत शोधपत्र का उद्देश्य वर्तमान शिक्षा के सन्दर्भ में पुरातन भारतीय संस्कृति के अनुसार शिक्षा के भारतीयकरण हेतु बताये गये उपाय तथा विशेष रूप से महर्षि वात्स्यायन के विचारों के अनुरूप शिक्षा के भारतीयकरण की सम्भावनाओं की खोज करने का प्रयत्न करना हैं इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अध्ययनकर्ता ने महर्षि वात्स्यायन एवं अन्य प्राचीन मनीषियों के विचारों का गहन विश्लेषण कर भारतीय संदर्भ में उनको मूल्यांकित किया है। शोध पत्र सांराषित करता है कि वर्तमान की भारतीय शिक्षा–प्रणाली प्रधानतः पश्चिमीकरण पर आधारित है। अतः इसके भारतीयकरण की आवश्यकता है, जिससे कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति के अनुरूप व्यक्ति विकसित किये जा सकें।

**मुख्य शब्द–** भारतीयकरण – भारतीय आदर्षों व मूल्यों के अनुरूप होने की प्रक्रिया; शिक्षा के उद्देश्य – पश्चिमी तथा भारतीय दोनों, पाठ्यक्रम व षिक्षण विधि – भारतीय और पश्चिमी संप्रत्यय; महिला शिक्षा तथा गुरु–शिष्य सम्बन्ध।

◆◆◆◆

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय का शिक्षा दर्शन

**डा0 विकास गर्ग**
*सीनियर ऐकेडेमिक फेलो, भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद, दिल्ली*

## सारांश

शिक्षा मानव जीवन की पूर्णता है। वस्तुतः मानव का सम्पूर्ण जीवन ही शिक्षा ग्रहण की एक प्रक्रिया होता है। शिक्षा प्रक्रिया मानवीय विचारों व आदर्शों से निर्मित होती है। वही साथ ही यह उनको पुनःनिर्मित भी करती है। प्रत्येक शिक्षा प्रणाली का अपना आदर्श, मूल्य विश्वास, पद्धति और एक शिक्षा दर्शन होता है। ब्रिटिश उपनिवेशवाद ने भारत में जिस शिक्षा प्रणाली को विकसित किया था वह उनके आदर्शों एवं हितों की पूर्ति हेतु थी। जिसका दर्शन लॉर्ड मैकाले के द्वारा अभिव्यक्त किया गया था।

15 अगस्त 1947 ई0 के उपरांत 'स्वराज्य' के व्यवहारिक क्रियान्वयन हेतु प्रयासरत 'भारतीय राष्ट्र' में ब्रिटिश शिक्षा नीति की उपयोगिता एवं सार्थकता पर्याप्त विवादास्पद और प्रायः सीमित ही थी। कई महान भारतीयों स्वामी विवेकानन्द, बालगंगाधर तिलक, महात्मा गाँधी, रविन्द्र नाथ टैगोर और श्री अरविन्द ने भारत की शिक्षा प्रणाली के दर्शन पर अपने विचारों को स्वतन्त्रता से पूर्व भी अभिव्यक्त किया था। स्वतन्त्र भारत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपने शिक्षादर्शन को प्रस्तुत किया। जो अत्याधिक महत्वपूर्ण सामंजस्य पूर्ण और पूर्णतया प्रसांगिक है।

भारत के स्वर्णिम अतीत के प्रति दीनदयाल उपाध्याय आस्था रखते है परन्तु उनका शिक्षा दर्शन पूर्णतया आधुनिक, उदात्त एवं सार्वभौमिक है।

वें भारतीय चिंतन परम्परा के 'सा विद्या या विमुक्तये' के आदर्श को स्वीकार करते हैं। धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष के चतुः पुरूषार्थ के लक्ष्य की अभिप्राप्ति हेतु मानवीय क्षमताओं का विकास करना आपके शिक्षा दर्शन का उददेश्य है। आपके शब्दों में, शिक्षा वह है जो शरीर मन बुद्धि का संस्कार करते हुए आत्म उपलब्धि का मार्ग प्रशस्त करें। अतः व्यक्ति में ज्ञान, चरित्र और अनुशासन तीनों का विकास होना चाहिए। पंडित दीनदयाल की शिक्षा प्रणाली एक प्रयोगात्मक जीवन दर्शन है।

जो जीवन के प्रत्येक बिन्दु से निकटता से सम्बंधित है। उनके अनुसार 'सर्वभूते हिते रताः' की कसौटी हेतु 'मानवीय कर्तव्य बोध' के विकास की क्षमता किसी शिक्षा प्रणाली में अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। जहाँ एक व्यक्ति के लिए शिक्षा प्राप्त करना ऋषि ऋण चुकाने का कर्तव्य है। वहीं शिक्षा प्रसार कर अपने सदस्य को आत्मनिर्भर बनाना समाज का दायित्व है। अतः दीनदयाल जी एक ऐसी शिक्षा प्रणाली के विकास के पक्षधर है। जो भारतीय संस्कृति के संदेश को समाहित करते हुए भारत की वर्तमान और भावी समस्याओं के हल खोज सके। जो भारत की शाश्वतता के साथ उसकी विकासमान आत्मा को संयोजित कर सके। जैसा आपने पुनः पुनः दोहराया था। सम्पूर्ण विश्व के ज्ञान और भारत की अपनी सम्पूर्ण परम्परा के आधार पर हम पूर्वजों के भारत से अधिक गौरवशाली भारत का निर्माण करेंगें। जिसमें जन्मा मानव अपने व्यक्तित्व का विकास कर सम्पूर्ण सृष्टि के साथ एकात्मकता का साक्षात्कार कर नर से नारायण बन सके। यही हमारी संस्कृति का शाश्वत एवं प्रवाहमान रूप है। आज दिग्भ्रम के चौराहे पर खडे विश्व मानव के लिए यही हमारा दिग्दर्शन है।

◆◆◆

# धर्म एवं मानवीय मूल्य

**डॉ0 रेखा शर्मा**
*पोस्ट डॉक्टरल फैलो, एन0एम0एस0एन0 दास पी0जी0 कॉलेज, बदायूँ (उ०प्र०)*

## सारांश

मानव जीवन मनुष्य के लिये ईश्वर द्वारा प्रदत्त एक अतुलनीय, अनुपम एवं अमूल्य उपहार स्वरूप है।मानव जीवन के चार प्रमुख पुरुषार्थ माने गये हैं–धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष। इन चारों का ही महत्व मानव जीवन में लक्षित होता है।इनमें प्रथम पुरुषार्थ धर्म है।धर्म ही वह मूल तत्व है, मानव जीवन का जिसके कारण मनुष्य, मनुष्य बन पाता है और अपने वास्तविक स्वभाव में स्थित हो पाता है।यह धर्म की ही देन है कि जिसके कारण मनुष्य आकृति के साथ–साथ प्रकृति से भी मनुष्य बन पाता है।धर्म के अभाव में मनुष्य, मनुष्य जैसा दिख तो सकता है किन्तु मनुष्य हो नहीं सकता। धर्म को धारण करने वाला व्यक्ति सदा सर्वदा के लिए भयमुक्त एवं विजयी हो जाता है।श्रीमद्भगवद्गीता में मानवीय मूल्यों को दैवीय सम्पदा के नाम से अभिहित किया गया है। ये मानव जीवन को मूल्यवान बनाने की क्षमता रखते हैं, इस कारण इन्हें मानवीय मूल्य कहा जाता है।

ये मानवीय मूल्य ही आध्यात्मिक विकास का द्वार खोलते हैं, हमारे भीतर स्थित देवत्व को स्वतः जाग्रत करते हैं और परम सत्य की ओर अग्रसारित भी करते हैं।आध्यात्मिक विकास के द्वारा ही व्यक्ति अपनी व्यक्तिगत और सामाजिक शंकाओं व समस्याओं को दूर कर सकता है। इसी कारण आध्यात्मिक विकास ही नैतिक जीवन को व्यवहारिक बनाता है।परिवार मानव की प्रथम पाठशाला है। बालक परिवार से ही संस्कार अर्जित करता है।माता पिता के पश्चात् बालक विद्यालय में गुरुवरों के श्री चरणों में बैठकर सदाचार की शिक्षा प्राप्त करता है। अतः शिक्षालयों में पाठ्यक्रम और आचरण के माध्यम से शिक्षकों को मानवीय मूल्यों की शिक्षा देनी चाहिये।विद्यालयी शिक्षा के विभिन्न विषयों के माध्यम से बालकों में नैतिक गुणों का आविर्भाव सम्भव होता है।नैतिक मूल्यों की शिक्षा द्वारा अनुशासन, शारीरिक श्रम, सहकारिता तथा भाईचारे की भावना को प्रोत्साहित किया जाये। संस्कार शिविरों तथा समूह भाव को उद्वेलित करने वाले आयोजन अधिकाधिक हों, ताकि आज का बालक संस्कारवान् नागरिक बन सके और मानवीय मूल्यों की स्थापना से राष्ट्रीय चरित्र का सतत् उत्थान हो सके।

◆◆◆◆

# धर्म, दर्शन में वर्णित मानवीय मूल्यों की प्रासंगिकता – 'वेदान्त दर्शन के परिप्रेक्ष्य में'

**संगीता राठौर**
*शोध छात्रा, वीरांगना रानी अवन्ती बाई लोधी रा०म० महाविद्यालय, बरेली (उ०प्र०)*

## सारांश

धर्म और दर्शन मानव जीवन के दो पूरक स्तम्भ है भारतीय दर्शनों ने मानव मूल्यों की अलग से पहचान कराई है। उसमे भी वेदान्त दर्शन का सामाजिक, धार्मिक एवं आचार की दृष्टि से बहुत अधिक महत्व है। क्योंकि वेदान्त दर्शन मानव जीवन के हर क्षेत्र में अहम भूमिका निभाता है। चाहे वह आध्यात्मिक हो या व्यावहारिक क्षेत्र से सम्बन्धित हो। वेदान्त दर्शन युगों–युगों से मानव जीवन के लिए जीवन की नश्वरता की शिक्षा देकर परमार्थ के लिए प्रेरित करता है।

वेदान्त दर्शन मानव मूल्यों का अक्षुण सिन्धु है। परम–ब्रह्म परमत्मा ने ईश्वर और माया की मोहासक्ति से इस नश्वर व भौतिक संसार का निर्माण किया है। ईश्वर ने इस भौतिक संसार के प्राणी जगत में मानव सबसे सुन्दर रचना है। मानव जाति की उत्पत्ति स्वयं व दूसरे के हित के लिये हुई है। भोग हेतु नहीं। मानव को सभ्य व संस्कारी बनाने के लिये प्राचीन भारतीय ऋषियों–मुनियों ने मानवीय मूल्यों का निर्माण किया है। इनका प्रेरणा स्त्रोत भारतीय, संस्कृत वांग्ड्मय ही है। मानवीय मूल्य है– धर्म, सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, मनोनिग्रह निष्काम भावना श्रद्वा दान त्याग ज्ञान, आदि गुण है जो मानव के चरित्र का निर्माण कर उसे एक आदर्श नागरिक बनाते हैं। इतना ही नहीं अपने देश के चरित्र का भी निर्माण करते हैं– प्राचीन भारतीय समाज इन्ही मानवीय मूल्यों को धारण करता हुए ''जगद्गुरू'' के रूप में स्थापित हुआ। इतना ही नहीं सम्पूर्ण विश्व को मानवीय मूल्यों की शिक्षा भी देने का श्रेय भी भारत को ही जाता है। भारत प्रधानतः आध्यात्मिक देश रहा है इसलिए भारत आध्यात्मिक और व्यावहारिक ज्ञान का संगम स्थान है। आज समाज में चारों ओर मानवीय मूल्यों का निरन्तर पतन हो रहा है। जिसका कारण है काम, क्रोध, अहंकार, लोभ, मोह, ईष्या, हिंसा, असत्य और अधर्म आदि दुर्गण जो समाज के अज्ञानी मानव को निरन्तर अंधकार की ओर ढकेल रहे है।

◆◆◆

# भारतीय संस्कृति का आधार रामायण में प्राप्त मानवीय मूल्य

**अजय कुमार**
*शोध छात्र, बरेली कालेज, बरेली (उ०प्र०)*

## सारांश

संस्कृति और मानवीय मूल्य परस्पर एक ही वृक्ष पर लगने वाले फल हैं। संस्कृति का शाब्दिक अर्थ सुधरी हुई स्थिति से है अर्थात् समाज में व्यक्ति का चारित्रिक, मानसिक, व्यक्तिगत स्वभाव से है। यही स्वभाव मानवीय मूल्यों की नींव है। कोई भी समाज तभी सुदृढ़ होगा जब उसमें दया, धर्म, परोपकार, सत्यभाषिता, करूणा, विश्व कल्याण, अहिंसा, धर्म–अर्थ–काम–मोक्ष का विधिवत समायोजन आदि गुणों का विकास होगा। जब ये समस्त गुण किसी मनुष्य में निवास करने लगते हैं तो वे मानवीय मूल्य कहलाते हैं यही हमें अन्य जीवों से अलग रखते हैं।

भारतीय संस्कृति के आधारभूत नायक श्री राम पर तो सम्पूर्ण मानवीय मूल्यों से ओत–प्रोत थे। बाल्यावस्था से लेकर गमनावस्था तक उन्होंने संसार के कल्याण के लिए अपने सभी सुखों का त्याग किया। उन्हीं पर आधारित श्री वाल्मीकि रामायण में तो सम्पूर्ण भारतीय संस्कृति को परिभाशित किया गया है। इसका प्रारम्भ ही दया से ओत–प्रोत श्लोक से हुआ है–

"मा निषाद! प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः।
यत्कौळच मियुनादेकमवधीः काममोहितम्।।"

इसमें जो करूणा का भाव प्रकट हुआ वही करूणा इस सम्पूर्ण रामायण में पग–पग पर दिखाई दे रही है। रामायण का प्रत्येक आख्यान मानवीय गुणों को प्रकट कर रहा है। बालकाण्ड में राजा दशरथ के राजदरबार का वर्णन एवं उनके मन्त्रियों में जो योग्यता, सत्यभागिता तथा परोपकार का होना ही उस समाज मानवीय गुणों का भण्डार होगा ऐसा कहा जा सकता है। वहीं कुशनाभ द्वारा अपनी कन्याओं में उपलब्ध क्षमादान की प्रस्तुति एवं क्षमा को श्रेष्ठ गुण बताते हैं। इसी प्रकार विभीषण का रावण को उपदेश तथा कुम्भकर्ण का विभीषण लज्जित करना आदि व्याख्यान भी मानवीय गुणों को प्रकट करते हैं।

यही कारण है कि समाज में आज भी रामायण का पाठ किया जाता है ताकि उसमें उपलब्ध गुणों का मनुष्य अनुकरण करे किन्तु वर्तमान समय में रामायण का पाठ तो सर्वत्र होता है, लेकिन उसका अनुकरण नहीं। इस प्रकार यह रामायण चिरकाल तक मानवीय गुणों का प्रसार करती रहेगी।

◆◆◆

# भारतीय समाज में नैतिक मूल्यों का ह्रास

**डॉ० भूपेन्द्र कौर[1] एवं अभिषेक यादव[2]**
*[1]सहायक प्राध्यापिका, [2]शोध छात्र, शिक्षा विभाग, आईएफटीएम विश्वविद्यालय, मुरादाबाद (उ०प्र०)*

## सारांश

आज के भारतीय जीवन मे जो नैतिक मूल्यो का ह्रास हो रहा है वह बहुत ही शोचनीय एवं दुखद धटना है। नैतिक मूल्यो की प्रतिष्ठा के बिना हम कदापि प्रगति की मंजिल पर अग्रसर नही हो सकते। संतोष तथा शांति सबसे बडा धन होता है। इनकी प्राप्ति नैतिकता की भावना के बिना असम्भव है। अत; हमे राष्ट्र तथा समाज की उन्नति के लिए नैतिक मूल्यो को सर्वोपरि स्थान देना होगा। तभी हम प्रगति की मंजिल पर अबोध गति से बढ सकेगे। समाज मे ऐसे समाजसेवी संगठनो का निर्माण करना होगा जो निस्वार्थ भाव से लोगो की सेवा करे।

**की–वडर्स:** समाज, शिक्षा, मूल्य, संस्कृति नैतिक मूल्य।

◆◆◆

# भारतीय संस्कृति का प्रतीक संगीत एवं मानवीय मूल्य

**डा0 मोनिका दीक्षित**
*विभागाध्यक्ष–संगीत विभाग, किशोरी रमण महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा (उ०प्र०)*

## सारांश

वर्तमान समय में ऊँची आकांक्षाओं का दबदबा है, जिससे भौतिक प्रगति के लिए तकनीकी ज्ञान पर सारा बल दिया जा रहा है। बदलते भौतिकवादी समाज में व्यक्ति के मूल्य लुप्त हो गए है। अर्थ पहले अन्य काम बाद में। धन ने मूल्यों पर अतिक्रमण कर लिया है ऐसे में विद्यालय विद्या के आश्रय न रहकर अर्थ के आलय बन गये है। आज आवश्यकता है मूल्य व मान्यताओं को विवेक की कसौटी पर कसने की। मूल्य हमारे वे सिद्धांत एवं जीवन निर्वाह के नियम है जो हमारे जीवन के उद्देश्य की पूर्ति हेतु दिशा निर्देश करते है। व्यक्तित्व को पूर्णता प्रदान करने वाली संश्लेषणात्मक शक्तियों को मूल्य कहा जाता है। वस्तुतः आज भी शिक्षा का उद्देश्य ज्ञान को उत्पन्न कर विस्तृत करना ही है।

डॉ. सत्यकेतु के शब्दों में– ''चिन्तन द्वारा अपने जीवन को सरस, सुन्दर और कल्याणमय बनाने के लिये मनुष्य जो प्रयत्न करता है उसका परिणाम संस्कृति के रूप में प्राप्त होता है।''

संस्कृति द्वारा मनुष्य के सोचने का ढंग, विचार, धार्मिकता, सामाजिकता आदि सभी अवस्थाओं का ज्ञान होता है। संस्कृति समाज का दर्पण है और कला संस्कृति का। संगीत एक कला है और उसमें संस्कृति की झलक, अनुरूपता, मान्यताओं और परम्पराओं आदि का वहन होना चाहिये। संगीत में भारतीय संस्कृति के इन आदर्शो मान्यताओं और परम्पराओं को एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है।

किसी भी कला के प्रति अनुराग मनुष्य की विशेषता है। इस दिशा में संगीत कला का शिक्षा में अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है। संगीत शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति का संपूर्ण विकास तथा सुप्त गुणों की अभिव्यक्ति है। महान संगीत जब महान विचार मे बदल जाता है तो वह हमें एक अद्भुत ताकत देता है। मन को विषाद– अवसाद से मुक्ति दिलाता है। जीवन को अर्थ पूर्ण बनाता है और अपनी रचनात्मकता को निखारने के अवसर देता है।

गाँधी जी का '' वैष्णव जन तो तेन्हे कहिये '' तथा '' रघुपति राघव राजा राम '' गीत जन समूह के हृदय में षान्ति का संचार कर मानवता को जन्म देने का काम करते है। विद्यार्थियों में चरित्र निर्माण, ज्ञानवर्धन, देश व समाज के प्रति प्रेम, अनुशासन आदि प्रवृत्तियों के संवर्धन में संगीत हमेषा से ही सहायक रहा है।

◆◆◆◆

# भारतीय संस्कृति एवं मानवीय मूल्य

**डॉ. कविता कन्नौजिया**
*एसोसिएट प्रोफेसर, समाजशास्त्र, विभाग, किशोरी रमण महिला, स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा उ०प्र०)*

## सारांश

भारत की संस्कृति अति प्राचीन संस्कृति है। जीवन की शुद्धि के लिए किए गए आवश्यक कृत्य /संस्कार की योजना संस्कृति है। भारतीय संस्कृति में प्राचीनता, निरन्तरता, आध्यात्मिकता, विविधता में एकता, समन्वय वादिता, उदारता, ग्रहणशीलता, चिंतन की स्वतंत्रता जैसी महत्वपूर्ण गुण सम्मलित हैं। बेहतर शिक्षा सभी के लिए जीवन में आगे बढ़ने और सफलता प्राप्त करने के लिए अनिवार्य है। मनुष्य अपने प्राकृतिक अवस्था से निकल कर सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक एवं धार्मिक व्यवस्था में संगठित हुआ है। प्रारंभिक अवस्था में मानव जाती की पहली आवश्यकता भूख मिटाना तथा अपने जीवन की रक्षा करना और दूसरी आवश्यकता ब्रह्मांड या दुनिया के बारे में जानना, अर्थात जहाँ ज्ञान साध्य है वहीं शिक्षा ज्ञान प्राप्त करने का साधन है।

मूल्य वे अवधारणाएं या मानक हैं जो यह मूल्यांकन करते हैं कि हमारा कार्य, विचार, गुण तथा भावनायें वांछित हैं या नहीं। शिक्षा मनुष्य की इच्छाओं को नए अर्थ देती है जो कि सकारात्मक परिणाम की और ले जाती है। शिक्षा जहाँ मानसिक, शारीरिक समस्याओं को दूर करती है वहीं दूसरी तरफ आध्यात्मिक पूर्णता भी देती है। यह जीवन में संतोष और स्थिरता को जन्म देती है शिक्षा के आदर्श उद्देश्य, विषय सामग्री तथा छात्रों का दैनिक जीवन मूल्यपरक हो तो समाज के लिए कल्याणकारी होता है। भारतीय संस्कृति सार्वभौमिक आदर्शों से प्रेरित है जैसे "सत्यं शिवं सुन्दरं", सर्व कल्याणकारी है जैसे "वसुधैव कुटुम्बकम"। मानवीय मूल्य चिंतन का विषय है, आवश्यकता इस बात की है कि शिक्षक स्वयं भी मानवीय मूल्य से युक्त व्यक्तित्व को प्रदर्शित करे जिससे सत्य, धर्म, प्रेम, अहिंसा जैसे मूल्यों पर चलते हुए "सर्वे भवन्तु सुखिनः" के आदर्शों को प्राप्त करा सके। मूल्य का अंतिम उद्देश्य सबका कल्याण करना है, मानवता की भलाई करना है, मानवता की रक्षा करना है यही हमारी नजर में सबसे बड़ा मानव मूल्य है।

आधुनिक समाज स्वार्थपरता, अकर्मण्यता, कामुकता, दुराचार, भ्रष्टाचार से ग्रसित है। आज के छात्रों में माता पिता के प्रति भक्ति, गुरूजनों के प्रति आदरभाव स्वदेश के प्रति भक्ति अपने कर्तव्यों, आपसी प्रेम भाव, प्राणियों के प्रति दया भाव, प्रकृति की रक्षा, सत्य, ईमानदारी जैसे नैतिक मूल्यों को विकसित करने की आवश्यकता है।

◆◆◆◆

# भारतीय संस्कृति एवं मानवीय मूल्य

**डॉ० अश्विनी कुमार**
*इतिहास विभाग, बीसलपुर जिला पीलीभीत (उ०प्र०)*

## सारांश

भारत को विविधताओं वाला देश कहा जाता है। जहां भारत में अनेक प्रान्त हैं वहीं अनेक धर्म एवं भाषाएं भी देखी जाती हैं। कोई विदेशी जो भारत से अपरिचित हो वह भारत को देखकर इसे एक देश नहीं बल्कि कई देशों का समूह कहेगा। यहां प्राकृतिक विभिन्नताएं इतनी अधिक समृद्ध हैं कि इतनी किसी देश में नहीं। उत्तर में हिमालय की बर्फ से ढकी चोटियों से दक्षिण की ओर बढ़ने पर गंगा यमुना व ब्रह्मपुत्र के समतल मैदान मिलते हैं। इनसे आगे बढ़ते ही अरावली, सतपुड़ा, नीलगिरि की पहाड़ियों के बीच समतल, रंग–बिरंगे भाग दिखाई देते हैं। एक ओर हिमालय की बर्फीली जलवायु तो दूसरी ओर समतल मैदानों में लू और कन्या कुमारी का सुखद मौसम है। असम में जहां वर्ष भर में 300 इंच वर्षा होती है वहीं राजस्थान के जैसलमेर में वर्ष में दो चार इंच भी वर्षा नहीं होती। यहं हर प्रकार की वनस्पति, फल–फूल, खनिज सम्पदा और जानवर पाये जाते हैं।

जलवायु की विभिन्नता का प्रभाव यहां के निवासियों के रहन–सहन, खान–पान, वेश–भूशा, शरीर और मस्तिष्क पर भी देखा जा सकता है। हमारे देश को ऊपर से देखने पर भाषा, धर्म, तथा जाति के आधार पर विभिन्नता ही नजर आयेगी। परन्तु इसके नीचे फैली एकता और समता की भावना इन विभिन्नताओं को उसी प्रकार समेटे हुए हैं जैसे रेशमी धागे में बुद्धजीवी मोतियों की ऐसी माला जो अपनी सुन्दरता से दूसरों को आकर्षित करती है और दूसरों की सुन्दरता से स्वयं ही सुशोभित होती है। यह एक ऐतिहासिक सत्य है यहां भिन्न–भिन्न जाति एवं सम्प्रदाय के लोग अलग–अलग नामों से भारत के महा समुद्र में रह रहे हैं।

◆◆◆

# भारतीय संस्कृति मानवीय मूल्यों का जनक

**डॉ० पल्लवी सिह**
*सह–आचार्य संस्कृत विभाग, के. आर. गर्ल्स पीजी कॉलेज, मथुरा (उ०प्र०)*

## सारांश

"संस्कार जन्मा संस्कृतिः"जिसमें संस्कारों का योगदान हो उसे संस्कृति कह सकते हैं। संस्कार जातीय एवं परम्परागत होते हैं जो पीढ़ी दर पीढ़ी मानव जाति को मिलता हैं। भारतीय संस्कृति या वैदिक किंक हिन्दू संस्कृति ऋग्वेदादि सहितायें, ब्राह्मण ग्रंथ आरण्यक, उपनिषद् तथा दर्शन ग्रंथ पर आधारित हैं। हमारे विचार हमारी आराधना प्रणालियों तथा हमारे संस्कार पुरुषार्थ चतुष्ट्य, वैवाहिक सोलह संस्कार थे वैदिक संस्कृति पर आधारित है। यह संस्कृति महान आदर्शों एवं उदारता की चरम पराकाष्ठा, जो सदा ही दीयताम (दो), दमताम (दया का) तथा दम्यताम (इंद्रियों निग्रह करो) का संदेश सुनाती रही हैं। व्यक्ति से समष्ठि तक हर व्यक्ति श्रयस प्राप्ति का साधन धर्म पथ को ,धर्म जो कर्तव्य परायणता हैं उसे जीवन का आधार मानता हैं। ऋत या नियमावत से ईश्वर भी बँधे हैं। भारतीय संस्कृति की समन्वयवादिता एकादमकता, समन्वय की इसी उदात्त भावना ने इसे गौरवमीय और वंदनीय बनाया हैं। आध्यात्मिकता से परिपूर्ण भारतीय संस्कृति विश्व बंधुता एवं वसुधैव कुटुम्बकम का पाठ पढाती हैं। कर्मवाद व्यवस्था व्यक्ति विशेष का मर्यादित जीवन जीने को अभिप्रेरित करता हैं पुरुषार्थ चतुष्ट्य के धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष हर व्यक्ति का जीवन मूल हो। स्थूल की अपेक्षा सूक्ष्म, भौतिक की अपेक्षा पारभौतिक को भारतीय संस्कृति में प्रधानता मिली हैं।व्यक्त की अपेक्षा अव्यक्त को महत्व दिया गया, यही दार्शनिकता की शुरुआत हैं। धर्म का पालन करते हुए मानव जीवन के आनंद के लिए अर्थ एवं काम की भी प्राप्ति होनी चाहिए। पर समस्त कार्यों की मर्यादित एवं धर्म के आधार पर करे ताकि पश्चात चरम एवं स्थाई आनंद मोक्ष प्राप्ति संभव हो।

वर्णाश्रम व्यवस्था समस्त सामाजिक नियमावली एवं मर्यादित व्यवहार का आधार रहा हैं। भारतीय सोलह संस्कार में गर्भधारण से लेकर अन्त्येष्टि संस्कार तक नियम निर्धारित हैं। यम,नियम और यज्ञ, सत्य, अहिंसा, अस्तैय, ब्रह्मचर्य तथा अपरिग्रह ये पाँच यम होते हैं। जिनका भारतीय संस्कृति में अपरिघर्य महत्व है और यही नैतिक के नींद भी हैं। पाँच नियम–शौच संतोष तप स्वाध्याय तथा ईश्वर प्रणिधान से मानव जीवन के उभयन में सहायक एवं नैतिक मार्ग हैं। त्याग, उदारता और संश्लिष्टता ये भारतीय रोम –रोम में व्याप्त है।

"तेन त्यक्तेन भुञ्जीथाः"–संसार की अनेक समस्याओं का त्याग और उदारता में निहित हैं। विश्वबन्धुत्व तथा विश्व कल्याण की भावना भारतीय संस्कृति की धरोहर "उदारं चरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्" यह उदात्त मनुष्य को श्रेष्ठ एवं स्वार्थ छोड़कर परोपकार करने देता हैं।" आत्मवत् सर्वभूतेषू तथा मित्रस्योहं समीक्षामहे" के आदर्श हैं हमारे नैतिक मार्ग।

भारतीय संस्कृति में निहित, आशावाद सर्व अवसरानु मूलता, गतिशीलता, आत्मविश्वास की भावना, तप, संतोष सहिष्णुता, ज्ञान परायणता नैतिकता के मार्गदर्शनक भंडार भारतीय संस्कृ ति मानव को मंगलकारी एवं शुभ मार्ग की ओर प्रेरित करता और शाश्वत संदेश सुनाती रही हैं मानव मात्र के विकास एवं उत्थान करती रहेगी।

◆◆◆

# भारतीय हिन्दी साहित्य में मानवीय गुण

**श्रीमती हेमलता**
*असि.प्रो.–हिन्दी, वी.आर.ए.एल. राजकीय, महिला महाविद्यालय, बरेली (उ०प्र०)*

## सारांश

भारतीय हिन्दी साहित्य की पृष्ठभूमि, धर्म एवं संस्कृति रही है इस महान संस्कृति का आधार हे सत्यं, शिवम् एवं सुन्दरम इसी वजह से साहचर्य, प्राणिमात्र के प्रति दया, ज्ञान–विज्ञान से युक्त दृष्टि, आचार एवं चरित्र का समवेत रूप क्षमा, मृदुता, निर्भयता, सरलता, शत्रुता का अभाव और देवी सम्पति का भाव समाहित है। माधुर्य एवं प्रकाश का समन्वय चूंकि धर्म एवं संस्कृति का मुख्य तत्व हे यही भावना साहित्य में पूर्णतः सम्भव हे। इसलिए सम्पूर्ण हिन्दी साहित्य में माधुर्य एवं प्रकाश का समन्वय निरन्तर दृष्टि गोचर होता है।

हमारी संस्कृति एवं साहित्य सभी के प्रति समभाव रखती है। भगवदगीता में वर्णित है 'जो सब भूतो में द्वेषभाव से रहित है, किसी प्राणी से द्वेष नहीं करता। जो मित्रता से युक्त एवं करूणामय

है, जो ममता से रहित और अहंकार से रहित है जो सुख–दुःख में सम तथा अन्तः करण में राग–द्वेष से परे है। जो क्षमावान है, जो सदा हुए मन बुद्धि से मुझे अर्पित है, वही प्रिय है।

अद्वेष्टा सर्वभूतांनी मैत्रः करूण एवं च।
निर्ममों निरहंकारः समदुःखसुखः क्षमी।।
संतुष्टः सततं योगी यतात्मा दृढ़निश्चयः।
मय्यपिंतमनोबुद्धियों मद्भक्तः स मे प्रियः।।

(भ.गी. 12.13.14)

धर्म एवं संस्कृत की देन साहित्य है, इसलिए साहित्यकार ऐसा सामाजिक–सांस्कृतिक–चेतना सम्पन्न परिवेश तैयार करने का सदैव प्रयास करता है जिसमें लोक–कल्याण छिपा हो। इसलिए यदि हम हिन्दी–साहित्य की पृष्ठभूमि पर नजर डाले तो ज्ञात होता है आदिकाल से लेकर आधुनिक काल तक में साहित्यकार सामंती व राजाश्रय व्यवस्था को चुनौती देते हुए 'मुक्ति स्वप्न' अर्थात् खुशहाल समाज की कल्पना करता है।

भक्ति काव्य में मध्यकालीन सांमती परिवेश की सामाजिक–राजनीतिक–सांस्कृतिक चुनौतियों को स्वीकार करते हुए वैश्विक स्तर पर कालजयी स्वर दिया। भक्त कालीन कवियों ने देवचरित के आधार पर साहित्य की रचना की है। परन्तु उनका उद्देश्य अवतारवाद, लीलागान, प्रार्थना भाव व आत्मनिवेदन तक ही सीमित नहीं है अपितु वह वैयक्तिक आकांक्षाओं को महत्व न देकर सामाजिक आकांक्षाओं को सर्वप्रथम वरीयता देते है। इसलिए उनके सम्पूर्ण साहित्य में सामाजिक–कल्याण का भाव प्रगट अथवा अप्रगट रहता हैं।

अंत में कहा जा सकता है कि भारतीय संस्कृति में पाचन करने की शक्ति है और अनेक रूप रंग, आकार, भाषा वैविध्य के बाद भी समरसता की ओर सदैव बढ़ती है। यही पृष्ठभूमि को आधार मानते हुए सम्पूर्ण हिन्दी साहित्य में साहित्यकार मानवतावादी दृष्टिकोण अपनाता है और ऐसे संसार की रचना करता है जिसमें 'समता' की दृष्टि हो। कबीर ने कहा है–

मद्ध अकास आय जहँ बैठे, जोत शब्द उजियारा हो।
सेत सरूप राग जहँ फूलै साई करत बिहारा हौ।

इस प्रकार भक्त कवियों ने लोकवादी चेतना और मानवीय सरोकार को समेटते हुए खुशहाल एवं समृद्ध समाज का निर्माण करने का प्रयत्न किया।

◆◆◆◆

# हिन्दी साहित्य में मानवीय जीवन मूल्यों की अभिव्यक्ति

**डॉ० निधि शर्मा**
*असिस्टेंट प्रोफ़ेसर, हिन्दी विभाग, किशोरी रमण महिला, स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा*

## सारांश

आरंभ से ही मानव सुविधापूर्वक जीवन यापन करने के लिए कुछ नियमों का निर्धारण करता है, जो सार्वभौमिक और सार्वकालिक होते हैं किन्तु इनमें समयानुसार थोड़ा–बहुत परिवर्तन होता रहता है। इनका विकास, विभिन्न परिवेश, परिस्थितियों में होता है, इसलिए प्रत्येक देश के धर्म, दर्शन, संस्कृति में भिन्नता दिखाई पड़ती है किन्तु सर्वत्र ही मूल्यों के निर्धारण में मानव के उत्थान–पतन और कल्याण की भावना मूल में रहती है, जैसा कि प्रसिद्ध समाजशास्त्री सुड्स ने लिखा है– "मूल्य" दैनिक जीवन में व्यवहार को नियंत्रित करने के सामान्य सिद्धान्त हैं। मूल्य न केवल मानव व्यवहार को दिशा प्रदान करते हैं, बल्कि वे अपने आप में आदर्श भी हैं।

सभी प्रकार के मूल्य मानव–जीवन से संबंधित होते हैं। इसलिए मूल्यों को मानव–जीवन से अलग रखकर नहीं देखा जा सकता है, क्योंकि समाज के साथ ही मूल्यों का प्रारंभ परिवार से होता है। परिवार के दायरे से बाहर निकलकर मनुष्य व्यापक समाज में आता है। ग्राम, प्रांत, देश सब उन व्यापक समाज के घटक हैं। अतः साहित्य समाज का दर्पण है। उपनिषदों के 'सत्यम' वद् धर्मचार' से लेकर कबीर तथा तुलसीदास से लेकर रहीम के नीति काव्य तक व्याप्त नीति साहित्य मानव मूल्यों की प्रतिष्ठा का प्रत्यक्ष प्रयास है। आधुनिक साहित्य में 'मूल्य' शब्द का प्रयोग वैयक्तिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक तथा सांस्कृतिक स्तर का संपूर्ण मानव व्यवहार के मानदंड के रूप में किया जाता है। 'मूल्य' शब्द का आवश्यकता, प्रेरणा, आदर्श, अनुशासन, प्रतिमान आदि अनेक अर्थों में प्रयोग होता है। आज मनुष्य पुराने विचारों को काल बाह्य समझने लगा है, प्राचीन मूल्य अस्वीकृत हो रहे हैं और नए–नए मूल्य स्वीकार किए जा रहे हैं।

◆◆◆

# भारतीय संस्कृत साहित्य एवं मानवीय मूल्य " पुराणों के सन्दर्भ में"

**आंचल सक्सेना**
*शोधछात्रा, वी0रा0अ0लो0रा0म0 महाविद्यालय, बरेली (उ०प्र०)*

## सारांश

भारतीय साहित्य एवं संस्कृति में मानवीय मूल्यों का अद्वितीय स्थान है। अनेक क्षेत्रों में हुए विभिन्न परिवर्तनों के फलस्वरूप भी आज भी भारतीय संस्कृति उसी गौरव के साथ प्रतिष्ठित है जैसी प्राचीनकाल में हुआ करती थी। आधुनिकता के बढ़ते प्रभाव के होते हुए भी भारतीय

संस्कृति के विभिन्न तत्व मनुष्य जीवन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

भारतीय संस्कृति की प्रधान विशेषता है मूल्य की प्रधानता। यहॉ मनुष्य के भीतर मूल्यों का निर्माण व विकास उसके जन्म से प्रारम्भ हो जाता है तथा मृत्यु पर्यन्त चलता रहता है। इन मानवीय मूल्यों से मनुष्य को अवगत कराने के कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका साहित्य की रही है। साहित्य के माध्यम से ही हमें संस्कृति के विभिन्न तत्वों के विषय में ज्ञान प्राप्त होता है।

भारतीय संस्कृति की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का सांगोपांग वर्णन जितना संस्कृत साहित्य में प्राप्त होता है, उतना अन्यत्र कहीं नहीं मिलता। संस्कृत साहित्य के अर्न्तगत पुराणों में मानवीय मूल्यों की विशद व सूक्ष्म रूप से व्याख्या की गयी है विभिन्न पुराणों के अर्न्तगत दया, दान, क्षमा, त्याग, धर्मपालन, सत्यनिष्ठा, धैर्य, विचाराभिव्यक्ति आदि विभिन्न मानवीय मूल्यो की यथास्थान चर्चा की गयी है।

यथा गरूड़पुराण में कुसंगति को लोक विनाशक की संज्ञा देते हुए इससे दूर रहने को निर्दिष्ट किया गया है–

सद्भिः सगं प्रकुर्वीत सिद्धीकामः सदा नर :।
नासद्भिरिहलोकाय परलोकाय वा हितम्।।

अर्थात् सिद्धि की कामना रखने वाले मनुष्य को सदैव सज्जनों की संगति करनी चाहिए। असज्जनों की संगति से न तो इस लोक में कल्याण होता है और न ही परलोक में।

इसी प्रकार दान को ऐसे मानवीय मूल्य के रूप में अभिहित किया जाता है जो मनुष्य के भीतर विद्यमान होकर उसे दूसरे से अलग या विशेष स्थिति प्रदान करता है।

मत्स्यपुराण में राजा बलि का आख्यान दान रूपी गुण का परिचायक है–

बलि राजा भवतत्रा
सर्वेभ्यो दानकर्मणा।
त्यागी भूत्वातु लोके
च कीर्तिमान भवत्रदा।।

इस दृष्टि से मानवीय मूल्यों के अन्तर्गत वे सभी मूल्य अथवा गुण आते है जो विद्यमान होने पर मनुष्य को अन्य सामान्य जनो से श्रेष्ठ प्रतिष्ठित करते है।

भारतीय संस्कृति में संस्कृत साहित्य के अन्तर्गत अनेक मानवीय मूल्यों को वर्णित किया गया है जो न सिर्फ मनुष्य को उत्तमता प्रदान करते हैं बल्कि शाश्वत मूल्य "सत्यम् शिवम् सुन्दरम् " की प्राप्ति में भी सहायक सिद्ध होते हैं। इन मूल्यों का समूल वर्णन सहस्त्र वर्ष पूर्व

पुराणकार वेदव्यास जी ने पुराणों के अन्तर्गत किया, जिनका अध्ययन कर हम उन्हे अपनी जीवनशैली का अभिन्न अंग बना सकते हैं।

ये सभी मानवीय मूल्य मनुष्य की पुरुषार्थ चतुष्टय धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की प्राप्ति में सहायक सिद्ध होते हैं।

◆◆◆

# भक्तिकालीन साहित्य में मानवीय मूल्य

**डॉ0 अरुण कुमार एवं डॉ0 निशात बानो**
*[1]असिस्टेण्ट प्रोफेसर हिन्दी विभाग, राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर (उ०प्र०)*
*[1]एसोसिएट प्रोफेसर हिन्दी विभाग, राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर (उ०प्र०)*

## सारांश

मानवीय मूल्य समस्त मानव की आचारसंहिता के आधार हैं। सामाजिक, नैतिक, आध्यात्मिक, भौतिक, सौन्दर्यात्मक, एवं मनोवैज्ञानिक मूल्यों का निर्माता मनुष्य ही है। यदि इन मूल्यों में अधिकार, कर्तव्य, न्याय, ईमानदारी, सत्य, प्रेम, अहिंसा, बन्धुत्व, दया, करुणा, ममता आदि का सौन्दर्य न हो तो वे मूल्य अपनी महत्ता, श्रेष्ठता, सार्थकता और आदर्श को तिरोहित कर देंगे। वे अक्षुण्ण कदापि न रहेंगे। वर्तमान परिवेश में मनुष्य जाति, वर्ग, धर्म, सम्प्रदाय, क्षेत्र, भाषा, अमीर, गरीब आदि न जाने कितने संकीर्ण बन्धनो से आबद्ध होकर एवं सहज मानवीय मूल्यों– को त्यागकर सत्य, अहिंसा, प्रेम, बन्धुत्व, दया, क्षमा, त्याग, शील, विनय, सेवा, समर्पण, संयम, सदाचार, सहयोग आदि सद्प्रवृत्तियों से विमुख होता जा रहा है। जिन सद्प्रवृत्तियों के आधार पर सृष्टि में समन्वय स्थापित होता है, सत्यम् शिवम् सुन्दरम की संकल्पना साकार होती है, वे प्रवृत्तियॉ कहीं तिरोहित होती जा रही हैं। वर्तमान विज्ञान और तकनीकी ने 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की कहावत को यथार्थ स्वरूप प्रदान तो किया है किन्तु यह केवल सूचना एवं भौतिक तन्त्रों तक ही सीमित होकर रह गया है। व्यक्ति विश्व से जुड़कर भी अपने घर एवं मन में अकेला है। मनुष्य अधिभौतिकतावदी सुख के अन्धी दौड़ में अपने सहज मानवीय मूल्यों से दूर होता जा रहा है। धन–वैभव, लोभ–लालच, पद–प्रसिद्धि के व्योमोह में वह आध्यात्मिकता को विस्मृत करता जा रहा है।

भक्तिकालीन साहित्य शाश्वत मानवीय मूल्यों का उद्घाटन करता है। भक्ति की अजश्र पीयुष–धारा में प्रवाहित होकर ये मूल्य मानवता को अमर बनाने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। कबीर, सूर, तुलसी, जायसी, मीरा, रसखान की वाणी लोगों के मन–मस्तिष्क को अभिसिंचित करती है,

हृदय में रस का संचार करती है, अधिभौतिकता से आध्यात्मिकता के समुन्नत शिखर पर प्रतिष्ठित करने का सद्प्रयास करती है और सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि मनुष्य में मानवीय गुणों को विकसित कर उसे सच्चा मनुष्य बनने के योग्य बनाती है। यदि मनुष्य इन सार्वभौमिक मुल्यों को ईमानदारी से धारित करे तो सृष्टि में सौन्दर्य की कमी नहीं रहेगी। सत्य, प्रेम, मित्रता, मधुर वचन, धैर्य, परोपकार, दया, दान, सेवाभाव, विनय, क्षमा, संतोष, श्रम आदि मानवीय मूल्यों से सृष्टि में सुख, समृद्धि, सौहार्द्र एवं प्रसन्नता की स्थापना की जा सकती है।

**मुख्य शब्द–** भक्तिकाल, साहित्य, मानवीय मूल्य, 'वसुधैव कुटुम्बकम्', अधिभौतिकता, आध्यात्मिकता, सौन्दर्यात्मक, सार्वभौमिक मूल्य।

◆◆◆◆

# मधुकर अष्ठाना के गीतों में मूल्यचेतना

**(कुछ तो कीजिए, नवगीत संग्रह के विशेश परिप्रेक्ष्य में)**

**डॉ0 मो0 असलम खाँ[1] एवं कुँवर डॉ0 महाराणा प्रताप सिंह चौहान 'विद्रोही'[2]**
*[1]प्राचार्य, [2]अध्यक्ष, शोध एवं स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग, डॉ0 राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय, ऑवला, जिला बरेली(उ०प्र०)*

## सारांश

गीत आदि हैं, अनादि है, शाश्वत है, कालजयी है, अजर है, अमर है, इसीलिए मानव जाति के उत्स से लेकर अद्यावधि उसका सहचर बना हुआ है। हालॉकि भाव, शिल्प और बन्ध की दृष्टि से उसमें समयानुरूप परिवर्तन होता रहा है। यही उसकी जीवंतता एवं प्रामाणिकता का सबसे बड़ा सबूत है। ऐसे समय में जब गीत को खारिज करने की कोशिशें हो रही थीं, हिन्दी कविता राजनैतिक षड्यन्त्रों और दॉव–पेंचों की शिकार होकर कुछेक सहित्यिक शिविरों में कैद हो गई थी। आलोचकों के अलग–अलग खेमें बन गए थे। ऐसे में गीत को नूतन अन्तर्वस्तु एवं शिल्प के सहारे संजीवनी देकर जब पुनर्जीवन देने का यत्न और प्रयत्न हुआ, तो उसे नवगीत की संज्ञा से नवाजा गया। सातवें दशक में कुछ रचनाधर्मी गीत को लेकर किसी भी प्रकार की समझौतापरस्ती से अलग हटकर आगे आए। उनमें एक नाम मधुकर अष्ठाना का भी था।

अष्ठाना जी जो भी गीत लिखते हैं, ऐसा लगता है कि कागज पर उतारने से पहले उसकी एक सुविचारित योजना उनके अर्न्तमन में काफी पहले रूप ले चुकी होती है। इसीलिए अष्ठाना जी की रचनाएँ ''वाग्विलास' का सुख नही देती, अपितु उनमें आत्मा की पुकार मौजूद है। उनके अनुसार ''गीत रागात्मक अन्तश्चेतना के मूल में ही समाहित अनुभूतियों की संवेदना से व्यंजित एक ऐसा शब्द यज्ञ है, जिसके लघुतम छान्दसिक स्वरूप में सामान्यजन की पक्षधरता

के साथ समसामयिक भावतत्व व विचारतत्व का समन्वय होता है। जो उक्त संवेदना की चिंगारी का विस्तारकर, उसे विशाल अग्नि भण्डार के रूप में परिवर्तित कर अपूर्व ऊर्जा से परिपूर्ण कर देता है, जिसमें समस्त विसंगति, विषमता, विडम्बना, विरूपता, विघटन आदि के ध्वस्त करने की क्षमता होती है।'' इन पंक्तियों में पर उपदेश कुषल बहुतेरों की अच्छी खबर ली गई है। ''दे रहे उपदेश, खाली पेट का विश्वास लेकर, लोग जयजयकार में डूबे हुए हैं, ह्रास देकर।'' आज पारस्परिक विश्वास का इतना अभाव हो गया है कि समाज में हमारा चरित्र निरन्तर एकांगी और छोटा होता जा रहा है। समूहगत भावना के लोप से व्यक्ति स्वयं में ही संकुचित होकर अपनी प्रगति को अवरूद्ध कर रहा है। कुएँ का मेंढ़क बनकर गरिमापूर्ण प्रतिष्ठा, विद्वता और सुयश की कामना का कोई मूल्य नही होता है।'' फिर भी हर किसी में आवेश उत्तेजना एवं मूल्यों के प्रति अनास्था का भाव दिन–प्रतिदिन गाढ़ा होता जा रहा है। इतना ही नहीं कुकुरमत्तों की तरह मनोनुकूल मूल्यों को गढ़ने की होड़ सी लग गई है। कुछ–कुछ यूँ–

''मरा ऑख में, किन्तु खून में, उतर गया पानी, कथा श्रवण की,
युवा हृदय को, लगती नादानी, काँपने लगी, दीप की बाती, पुलक लगी ढ़ँपने।''

समग्र रूप में देखें, तो अष्ठाना जी प्रगतिवादी पक्षधरता के कवि हैं, कहीं वे धूमिल के साथ खड़े दिखाई देते हैं, तो कहीं कबीर के साथ, तो कहीं दबे कुचले लोगों के घांव पर निराला की भांति भावना का मरहम लगाने में संलग्न दिखते हैं। तो कहीं उनमें त्रिलोचना की छवि दिखाई देती है। अन्त में, उनकी इस पंक्ति के साथ इस आलेख को विराम देता हूँ–

''रोजी रोटी दे न सके, जो केवल भाषण को, आग लगे ऐसे सिंहासन को।''

◆◆◆◆

# हिन्दी साहित्य की सन्त काव्यधारा में अभिव्यक्त मानवीय मूल्यों का तात्त्विक विश्लेषण

**डॉ0 ज़ेबी नाज़**
*असिस्टेन्ट प्रोफेसर–हिन्दी विभाग, राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर (उ0प्र0÷*

## सारांश

महान और कालजयी साहित्य वही होता है जो मनुष्य उसके अस्तित्व व अस्मिता के समक्ष संकट उत्पन्न करने वाले और मानवीय मूल्यों को विस्मृत करने वाले तत्वों के समक्ष प्रश्नचिन्ह लगाता है तथा मानवीय मूल्यों को अंगीकार कर लोकमगंल की अवधारणा को साकार करता है। निस्संदेह मध्ययुगीन भक्तिकाल की सन्त कव्यधारा साहित्य के उक्त मानवीय

मूल्यपरक दृष्टिकोण को पूर्णतः आत्मसात करती तथा साहित्य के मार्ग से लोककल्याण की विचारधारा का बखूबी निर्वहन करती है।

प्रस्तुत शोधपत्र में हिन्दी साहित्य की संत काव्यधारा की वैचारिक एवं सैद्धान्तिक पृष्ठभूमि का विष्लेशण करते हुए प्रमुख सन्त कवियों का परिचय प्रस्तुत किया गया है। उक्त शोधपत्र के अन्तर्गत यह तथ्य निरूपित करने का प्रयास किया गया है कि संतों की काव्यरचना का मूलाधार मानव एवं मानवता कल्याण था। तत्कालीन राजनैतिक अशान्ति, सामाजिक अव्यवस्था, धार्मिक ऊहापोह, आर्थिक विषमता, साहित्यिक अवमूल्यन तथा सांस्कृतिक पतन के युग में सत्याचरण के विश्वासी कर्मण्य एवं निर्भीक संत काव्यधारा के कवियों ने अपनी सहजानुभुति को स्पष्ट वाणी के रूप में अभिव्यक्त कर शाश्वत मानवीय मूल्यों को अपने साहित्य में प्रतिष्ठापित किया।

उक्त शोधपत्र में सन्त काव्यधारा में विद्यमान अहिंसा, समदर्षिता, करूणा व प्रेम का संदेश, सत्यवादिता, परोपकार, संयम, आत्मोथान, दया, क्षमाशीलता, मिथ्याचार, बाह्याडम्बर व मूर्तिपूजा का विरोध, जनसेवा, उत्कृष्ट वाणी, गुरू सम्मान, निष्काम सेवा व आनन्द आदि मानवीय मूल्यों को गम्भीर, तार्किक व सूक्ष्म संवेदनात्मक दृष्टि से विश्लेषित करने का प्रयास किया गया है।

हिन्दी साहित्य की सन्त काव्यधारा में अभिव्यक्त मानवीय मूल्यों का तात्विक विष्लेशण एवं बेबाक पड़ताल करना तथा वर्तमान मानवीय मूल्यों के उत्तरोत्तर हास के युग में इन मध्ययुगीन सन्तों द्वारा स्थापित शाश्वत जीवन मूल्यों की प्रासंगिकता एवं सार्थकता रेखांकित करना उक्त शोधपत्र का उद्देश्य है।

**मुख्य शब्द** : सन्त, मानवीय मूल्य, अहिंसा, मानव कल्याण, विश्वबंधुत्व, समदृष्टि, बाह्याडम्बर एवं वाणी।

◆◆◆◆

# साहित्य एंव मानवीय मूल्य

**अभिषेक कुमार**
*असिस्टेंट प्रोफेसर बी0 एड0 विभाग आर0 एस0 एम0 (पी0जी0) कॉलेज धामपुर, जिला बिजनौर (उ०प्र०)*

## सारांश

मूल्य जीवन के साथ जुड़ा शब्द है। मूल्य केवल व्यवहार की दिशा ही निर्धारित नहीं करते अपितु अपने आप में आदर्श भी होते हैं। हमारा साहित्य किसी भी भाषा में हो उसमें मानवीय मूल्यों के दर्शन अवश्य होते हैं साहित्य और मूल्यों का अटूट रिश्ता है। साहित्य समाज से अलग

नही किया जा सकने वाला एक हिस्सा है। मानव समाज किसी न किसी रूप में साहित्य से जुड़ा रहा है। साहित्य का अर्थ ही है कि हित के साथ या हित सहित चलने वाला माध्यम या वह कार्य जो माता पिता, गुरूजन सदियों से अपनों के लिए करते आये है। वही साहित्य उससे भी बड़े स्तर पर मानव समुदाय के लिए करता आया है। दुनिया में सामान्यतः वही साहित्य प्रचलित हो पाता है जो किसी न किसी रूप में मानवीय मूल्यों से जुड़ा हो। साहित्य में प्राचीन काल से ही हम मानवीय मूल्यों का विवरण देखते हैं प्राचीन काल के साहित्य में हमें आदर्शोन्मुखी भगवान श्री राम के गुण दिखाई देते है। प्राचीन काल से ही शास्त्र विद्या और साहित्य दोनों समान्तर रूप से समाज में चले आ रहे है। जहां शास्त्र परंपरागत रूप से मानवीय मूल्यों का निरूपण करते हैं, वही साहित्य कविता कहानी या अन्य रूपों में इसे गूंथकर निरूपित करता है। हर युग में साहित्य अध्ययन समाज की बदलती दशा और दिशाओं का परिचय कराता है, जिसमें मानवीय मूल्य भी शामिल है।

साहित्य और जीवन मूल्य का शाश्वत संबंध है। साहित्य की पहचान का वास्तविक आधार आज भी मानवीय मूल्य ही है। साहित्य मानवीय संस्कृति, सभ्यता एवं व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति है। डा0 जगदीशचंद्र गुप्त का मत है, ''कला और साहित्य दोनों एक प्रकार से जीवन का ही परिविस्तार करते है। मानव मूल्यों की स्थापना साहित्यकार से इस बात की अपेक्षा रखती है कि वह साहित्यिक मूल्यों को भी उतना ही आदर प्रदान करे जितना मानव मूल्यों को, क्योंकि तत्वतः दोनों एक ही हैं'' साहित्य और मूल्य एक सिक्के के दो पहलू है। साहित्य का संबंध व्यक्तिगत रूचि न होकर सामाजिक, आर्थिक, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था से होता है वहीं जीवन का साहित्य कहलाता है।

♦♦♦♦

# साहित्य एवं मानवीय मूल्य

**मधु रानी**
*शोधार्थी–हिन्दी, एम0जे0पी0 रूहेलखण्ड वि0वि0 बरेली (उ0प्र0)*

## सारांश

भारतीय साहित्य में मानवीय मूल्यों का चिंतन एवं अभिव्यक्ति प्राचीन काल से होती रही है। व्यक्ति के चरित्र एवं आचरण का मूल्यांकन मानवीय मूल्यों के आधार पर ही होता है। साहित्य न केवल मानवीय मूल्यों को प्रतिबिम्बित करता है, बल्कि उन्हें परिमार्जित कर सुदृढ़ आधार पर स्थापित भी करता है। "साहित्यकार व्यक्ति से अधिक समाज, समाज से अधिक राष्ट्र को महत्व देता है। अपनी लेखनी के माध्यम से मानव मे दया, प्रेम, त्याग, सद्भाव, उदारता तथा

परोपकार जैसे मानव मूल्यों की प्रतिष्ठा के लिए प्रेरित करता है।"

हिन्दी साहित्य के आदिकाल में बौद्ध साहित्य करूणा, मैत्री, भ्रातत्व और जैन साहित्य अहिंसा, संयमपूर्ण जीवन निर्वाह, सदाचार और विश्वकल्याण की भावना जैसे मूल्यों से ओत–प्रोत है। अपने राज्य के लिए मर मिटने वाले शौर्य, वीरता व त्याग का विशद् वर्णन भी इस काल के साहित्य की अनमोल धरोहर है। भक्तिकालीन साहित्य मानवीय मूल्यों की टकसाल है। कबीर व सभी सन्त कवियों, तुलसी, सूर, जायसी के काव्य की मूल संवेदना ही मानवीय मूल्य है। पारसनाथ तिवारी लिखते हैं– "सच्ची बात है कि हिन्दी साहित्य में कबीर से बड़ा मानवतावादी कोई नही हुआ।" तुलसीकृत 'रामचरितमानस' मानवीय मूल्यों का शिखर ग्रन्थ है। हिन्दी साहित्य की अमर निधि 'रामचरितमानस' मानवीय मूल्यों का भण्डार है। रहीम कृत नीति विषयक दोहे भी मानवीय मूल्यों की दृष्टि से हिन्दी साहित्य में मील का पत्थर है।

रीतिकालीन साहित्य में बिहारी लाल में प्रेम व भक्ति, भूषण में राष्ट्रीय प्रेम, गिरिधर, बैताल व सम्मन में मृदु वाणी, सत्संग महत्व, परोपकार, अहंकार परित्याग आदि मूल्यों की अभिव्यक्ति हुई है। "समाज के कल्याण तथा सांसारिक व्यवहारिकता की ज्ञानप्राप्ति के दृष्टिकोण से नीति विषयक काव्य परमोत्तम सिद्ध हुआ है।"

आधुनिक कालीन साहित्य में भरतीय संस्कृति के बैशिष्ट्य अहिंसा, समता, सहिष्णुता, सत्यनिष्ठा, सहानुभूति, करूणा, परोपकार, राष्ट्र प्रेम व मानवतावाद आदि मानवीय मूल्यों की अभिव्यक्ति भारतेन्दु, माखनलाल चतुर्वेदी, दिनकर, जयशंकर प्रसाद, पंत, निराला, मैथिलीशरण गुप्त व महादेवी वर्मा के साहित्य में हुई है। साहित्य द्वारा स्थापित मानवीय मूल्य व्यक्ति के चरित्र निर्माण में सहायक होते हैं जिससे समाज में स्वस्थ प्रवृत्तियों का विकास होता है। निःसन्देह भारतीय साहित्य मानवीय मूल्यो की दृष्टि से समृद्व है।

◆◆◆◆

# ब्राह्मण ग्रन्थों में नैतिकता एवं मानवीय मूल्य

**ज़फर अली**
*शोध छात्र, वी.आर.ए.एल. राजकीय महिला महाविद्यालय, बरेली (उ०प्र०)*

## सारांश

वर्तमान परिपेक्ष्य में यदि हम मानवीय मूल्यों की बात करें तो इनमें अत्यधिक गिरावट आयी है आज मनुष्य में परमार्थ के स्थान पर स्वार्थ की भावना घर कर गयी है। अपने स्वार्थ के

वशीभूत होने के कारण मानव–मानव के कष्टों का निवारण नहीं कर रहा है, बल्कि उसकी मजबूरी का लाभ प्राप्त करना चाहता है। मानवीय मूल्य विघटन का क्षेत्र दिन–प्रतिदिन समाज को खोखला बना रहा है। अतः मनुष्य को अपने प्राचीन ग्रन्थों को अध्ययन करने की परम आवश्यकता है। इन प्राचीन ग्रन्थों में ब्राह्मण ग्रन्थों का स्थान सर्वोपरि है। ब्राह्मण ग्रन्थों में मनुष्य के व्यवहार करने की प्रक्रिया वर्णित है। अतः ब्राह्मण ग्रन्थों के अनुशीलन से मानव जाति को सही दिशा प्राप्त हो सकती है और उसके व्यवहार में परिवर्तन आ सकता है। साथ ही वह स्वार्थ से परार्थ की भारतीय साहित्य विश्व के समस्त साहित्यों में सर्वाधिक प्राचीन है। इनमें भी प्राचीन संस्कृत साहित्य है। संस्कृत साहित्य में मानवीय मूल्यों का उत्कृष्ट वर्णन हुआ है। वैदिक साहित्य से लेकर लौकिक साहित्य तक मानवता तथा नैतिकता का व्यापक वर्णन किया गया है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है अतः समाज में उसे ऐसा आचरण करना चाहिए जिससे कि किसी को कोई दुःख ना हो। प्राचीन काल का वैदिक मानव 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना से अनुप्राणित था। वह समस्त क्रियायें एक दूसरे के सहयोग से करता था। सत्य बोलता था, नैतिक व्यवहार करता था, चरित्रवान था, किन्तु आज का मानव इन समस्त भावनाओं से दूर होता जा रहा है। परोपकार की भावना आज के मनुष्य के हृदय से लुप्त हो चुकी है। हम देखते है कि वेद, आरण्यक, उपनिषद् व ब्राह्मण ग्रन्थों में मानवीय मूल्यों पर सम्यक् प्रकाश डाला गया है। इसके अतिरिक्त लौकिक साहित्य में भी विभिन्न ग्रन्थों के माध्यम से मानवीय मूल्यों का व्यापक वर्णन किया गया है। ब्राह्मण ग्रन्थों में ऐतरेय, शांखायन, तैत्तिरीय, शतपथ, गोपथ आदि प्रमुख हैं जिनमें मानवीय मूल्यों पर व्यापक प्रकाश डाला गया है। शतपथ ब्राह्मण में तो सत्य को सर्वश्रेष्ठ मूल्य सिद्ध किया गया है और कहा गया है कि सदैव सत्य भाषण ही करना चाहिए कभी भी असत्य भाषण नहीं करना चाहिए।

शांखायन ब्राह्मण में भी मानवीय व्यवहार के नियामक तत्व प्रचुरता में उपलब्ध हैं। वाणी संयमन की उपादेयता का व्याख्यान षांखायन मे।दृष्टिगोचर होता है। तैत्तिरीय ब्राह्मण में मैत्रीभाव पर विशेष बल दिया गया है इसमें बताया गया है कि जिनके साथ सात पगों की भी यात्रा हो चुकी है वे सब मित्र कहलाते हैं। उनके प्रति सखाभाव को कभी हानि नहीं पहुँचनी चाहिए। माता, पिता, पुत्र आदि के प्रति सदैव आदर रखना चाहिए। गोपथ ब्राह्मण में भी सर्षिट हेतु श्रम तथा तप पर बल दिया गया है। इस प्रकार हम देखते हैं कि ब्राह्मण ग्रन्थों में मानवीय मूल्य अवधारणा पर विशेष बल दिया गया है। इनमें सत्य, दम, षम, दान, त्याग, धर्म, सन्तान आदि पर सम्यक प्रकाश डाला गया है। अतः ब्राह्मण ग्रन्थ मानवीय मूल्यों की आधारशिला हैं।

◆◆◆◆

# पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता एवं उपाय

**सैय्यद अब्दुल वाहिद शाह[1] एवं सुशील सहगल[2]**
*[1]असिस्टेंट प्रोफेसर, शिक्षक शिक्षा विभाग, [2]छात्र बी.एड. (द्वितीय वर्ष), राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर (उ0प्र0)*

**सारांश**

प्रस्तुत शोध के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता तथा पर्यावरण संरक्षण प्रभावी उपायो पर प्रकाश डाला गया है। आज ऐसा कोई देश नहीं है जो पर्यावरण समस्या का सामना न कर रहा हो। प्रस्तुत शोध के माध्यम से पर्यावरण प्रदूषण कया है? पर्यावरण प्रदूषण के स्त्रोत क्या है? मानव जनित पर्यावरण प्रदूषण के मुख्य कारण क्या है? पर्यावरण प्रदूषण दुष्पणिाम तथा पर्यावरण संरक्षण के उपायो पर प्रकाश डाला गया है। ग्लोबल एनवायरनमेंट आउटलुक रिपोर्ट – GEO के माध्यम से पर्यावरण प्रदूषण के घातक परिणाम और विभिन्न आंकड़ों को पेश किया गया है जो हमें पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता एवं महत्व से अवगत कराती है।

◆◆◆

# पर्यावरण संरक्षण में मानवीय मूल्यों की भूमिका : भारतीय परिवेश में

**डॉ० अरविन्द कुमार एवं मौ० आज़म**
*[1]असि० प्रो०, बी०एड० विभाग [2]छात्र, बी०एड० (प्रथम वर्ष), रा० रजा पी०जी० कॉलेज रामपुर*

**सारांश**

मनुष्य तथा पर्यावरण दोनों ही एक–दूसरे से सम्बंधित हैं। यह आधारभूत सत्य है कि पर्यावरण के मिटने से मानव जाति का अस्तित्व ही मिट जाएगा। पर्यावरण को बचाने के लिए जागरूकता, सजगता तथा अपने दायित्व अर्थात मानवीय मूल्यों का पूर्ण ईमानदारी से प्रत्येक मनुष्य को निर्वहन करना चाहिए। समाज को जागरूक करने के लिए ही 1972 सेसंयुक्त राष्ट्र संघ ने 5 जून को प्रत्येक वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस मनाना आरंभ किया। परंतु आज हम पर्यावरण के बारे में केवल गांधी जयंती,पर्यावरण दिवस,भाषण प्रतियोगिताओं तथा संगोष्ठियोंमें ही बात करते नजर आते हैं। हमारी संस्कृति में जगत के सभी प्राणियों के सुखी तथा निरोगी होने कीकामना की गई है जो वृहदारण्यक उपनिषदमें "सर्वेभवंतुसुखिनः, सर्वेसन्तुनिरामया।" में भी विधमान है।

गांधीजी ने विभिन्न देशों के औद्योगिक विकास एवं आधुनिक समाज के द्वारा पर्यावरण

पर पड़ने वाले प्रभावों को देखते हुए कहा था कि–"प्रकृति हमारी जरूरतों को पूरा कर सकती है किंतु हमारे लालचों को नहीं।"

वर्तमान समय में ग्लोबलवार्मिंग, ग्लेशियरों का पिघलना,सुनामी,बाढ़ों का आना, वर्षा की कमी तथा भूमि अपरदन आदिबहुत सारी ऐसी समस्याएं हैं जो विश्व के विभिन्न भागोंअथवा संपूर्ण विश्व को प्रभावित कर रही हैं।जबकि मानव पर्यावरण की रक्षा करने वाला मैनेजर है।अतः हमें मानवीय मूल्यों का पालन करते हुए अपने पर्यावरण को संरक्षित करना चाहिए।हम अपनी नैतिक जिम्मेदारी का वहन करते हुए पर्यावरण संरक्षणमें अहमभूमिका सुनिश्चित करें।

◆◆◆

# डिजिटल इंडिया

**डॉ0 शैलेन्द्र कुमार**
*प्राचार्य, सैयद डिग्री कालेज, सैदपुर (बदायूँ)*

**सारांश**

डिजिटल इंडिया भारत सरकार द्वारा चलाए जाने वाले एक बहुत ही अच्छा कार्यक्रम है। यह सरकार के द्वारा 1 जुलाई 2015 डिजिटल सप्ताह के रूप में (1 जुलाई से 7 जुलाई तक) भारतीय सरकार द्वारा डिजिटल इंडिया प्रोजेक्ट की शुरुआत हुई यह प्रोजेक्ट अनिल अंबानी, अजीम प्रेमजी, साइरस मिस्त्री जैसे बड़े हस्तियों की उपस्थिति में लांच किया गया है जिसमें यह संकल्प लिया गया है कि भारत को आई टी, शिक्षा, कृषि आदि में नए विचारों द्वारा डिजिटल शक्ति देकर भारत को और आगे बढ़ाना है दूर संचार और सूचना तकनीक तकनीकी मंत्रालय द्वारा इसकी योजना और अध्यक्षता की गई है।

डिजिटल इण्डिया वह कार्यक्रम होगा जो देश को डिजिटल रूप से सशक्त सोसाइटी में बदल देगी और भारत को एक नया रूप दे देगी। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम से देश की हर जानकारी और रिकॉर्ड को स्वच्छता से इलेक्ट्रॉनिक मोड़ में रखा जा रहा है जो कि आगे काम में सरलता के साथ–साथ तेज गति को लाएगा। देश के लोगों के बेहतर विकास और वृद्धि के लिए रूपांतरित भारत के लिए यह एक बहुत ही प्रभावशाली योजना है। सुशासन और अधिक नौकरियों के लिए भारत को डिजिटल विस्तार देना इसका लक्ष्य है। डिजिटल इंडिया का मुख्य लक्ष्य सभी सरकारी सुविधाओं को इलेक्ट्रॉनिक रूप से उपलब्ध और इंटरनेट से जोड़ने का काम शुरू किया गया है। डिजिटल इंडिया की सफलता के लिए देश की बड़े–बड़े कंपनियों ने काफी खर्च किया है अब तक इसमें तो 4.5 लाख करोड़ खर्च कर चुके हैं इससे 18 लाख लोगों को

नौकरी मिलेगी यह भारत सरकार की बहुत ही अच्छी योजना है इसे भारत की एक अलग पहचान होगी। डिजिटल इंडिया गांव से लेकर शहर तक हर क्षेत्र में जुड़ेगा और हमारे देश का नाम रोशन करेगा .हमारा देश दूसरे देशों से मदद लेता था और अब मदद देने वाला देश बनेगा. इसे भारत की एक अलग ही पहचान होगी।

डिजिटल इंडिया से डेटा का डिजिटलाइजेशन आसानी से होगा जो भविष्य में चीजों को तेज और दक्ष बनाने में मदद करेगा। इसमें कागजी कार्य और समय और मानव की मेहनत की भी बचत होगी। सरकार और निजी क्षेत्र में गठबंधन स्थापित करें कई बड़े गांव में डिजिटल लेस इलाकों में भी बदलाव लाएगा और वह भी डिजिटलाइजेशन होगा। भारत के सभी गांव और शहर और नगर तकनीकी होंगे। राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय मुख्य कंपनियां 2019 तक इस प्रोजेक्ट को पूरा करने की योजना है इसमें अंबानी द्वारा 2.5 लाख करोड़ का निवेश किया गया है इस योजना द्वारा इंटरनेट सेवा के साथ दूरदराज के ग्रामीण इलाकों तक पहुंचेगा इंटरनेट से नागरिक को सुधार कर सकता है इस योजना से हर एक को काफी फायदा होगा।

◆◆◆

# डिजीटल शिक्षा एवं विद्यार्थियों में मूल्यों का विकास

**डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार[1] एवं डॉ0 शशि सिंह[2]**
*[1]एसोशिएट प्रोफसर, अध्यापक शिक्षा विभाग, वर्धमान कॉलेज, बिजनौर (उ०प्र०)*
*[2]एसोशिएट प्रोफसर, शिक्षा विभाग, गोकुलदास हिन्दू गर्ल्स कॉलेज, मुरादाबाद (उ०प्र०)*

## सारांश

प्रायः यह विश्वास किया जाता है कि शिक्षा केवल विद्यालयों तथा महाविद्यालयों के माध्यम से ही प्रदान की जाती है। परन्तु वास्तविकता यह है कि विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के अतिरिक्त अनेक साधनों के माध्यम से भी शिक्षा प्रदान की जाती है। परिवार, समुदाय, धर्म, राज्य, पुस्तकालय, पुस्तक, रेडियो, सिनेमा, टेलीविजन, आडियो कैसेट, वीडियो कैसेट, सी0डी0, टेलीकान्फ्रेसिंग एवम् इन्टरनेट आदि ऐसे साधन हैं जो शिक्षा को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करते हैं। जहाँ एक ओर शिक्षार्थियों की मांगे भिन्न–भिन्न हैं तथा उनकी कुशलता व उच्च शिक्षा की आवश्यकता अलग–अलग है वहीं औपचारिक शिक्षा प्रणाली की अपनी सीमाएं भी हैं। इन्हीं सीमाओं को लचीलापन प्रदान करने के लिए डिजीटल शिक्षा प्रणाली का अविर्भाव एक पूरक के रूप में हुआ है।'' किसी व्यक्ति/विद्यार्थी के चरित्र व आदर्श का परिचय देने में मूल्य महत्वपूर्ण होते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) के अनुसार ''हमारे बहुवर्गीय समाज में शिक्षा को सर्वव्यापी

और शाश्वत मूल्यों को प्रोत्साहित करना चाहिए तथा भारतीय जन में राष्ट्रीय एकता की भावना बढ़े और संकीर्ण सम्प्रदायवाद, धार्मिक अतिवाद, हिंसा, अन्धविश्वास व भाग्यवाद को समाप्त किया जा सके। हमें ध्यान रखना चाहिए कि मनुष्य अकेला शून्य में निवास करने वाला प्राणी नहीं है। मूल्यपरक शिक्षा उसके विशिष्ट सामाजिक तथा सांस्कृतिक संदर्भ से जुड़ी होनी चाहिए और विश्व जनित व शाश्वत मूल्यों से उनका सम्बन्ध होना चाहिए। वैज्ञानिक दृष्टिकोण, समानता, पर्यावरण संरक्षण, प्रजातंत्र, स्वतन्त्रता, बन्धुत्व, समाजवाद व धर्म निरपेक्षता आदि मूल्यों का महत्व होना चाहिए। प्रारम्भिक स्तर पर मूल्यपरक शिक्षा ठोस गतिविधियों तथा जीवन की परिस्थितियों के अनुरूप होनी चाहिए। माध्यमिक तथा अन्य उच्च स्तरों पर विद्यार्थी स्वयं मूल्यों की तार्किकता को समझकर उन्हें विचार व कार्य रूप में ढाल सकेंगे।'' जीवन में मूल्य परक शिक्षा की प्रासंगिकता पर विचार करते हुए शर्मा (2003) कहते हैं –''आदर्श रूप में संविधान में निर्देशित मूल्य एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को मूल्यपरक शिक्षा का केन्द्र होना चाहिए। साथ ही मूल्यपरक शिक्षा के कार्यक्रम की सफलता घर विद्यालय के आदर्श वातावरण तथा शिक्षक के आधार पर होनी चाहिए।'' भारत में वर्तमान मूल्य व्यवस्था के संदर्भ में विधि शास्त्री पालकीवाला कहते हैं –''चार दषकों की स्वतंत्रता के बाद जो तस्वीर आज भारत में उभर कर सामने आती है वह एक ऐसे शक्तिशाली राष्ट्र की तस्वीर है। जो 'नैतिक पतन' की अवस्था में है, हम आत्मा के घोर विघटन और मूल्यों के अनियंत्रित पतन से त्रस्त हैं, यह कई प्रकार से प्रकट है। भ्रष्टाचार, हिंसा और अनुशासनहीनता, लोकतन्त्र के नाम पर भीड़तन्त्र, सम्मान की भावना तथा सार्वजनिक औचित्य का सर्वत्र अभाव है। आज हमारा सामाजिक जीवन अनसुलझे तनावों, संघर्शों एवं हिंसा से खोखला हो गया है। झूठे मूल्यों और झूठे नायकों की पूजा ने आज इतना अधिक महत्व प्राप्त कर लिया है कि नई पीढ़ी के विद्यार्थी विरोधाभासों और मतिभ्रमता के ढेर में खो गये हैं। आज हम भ्रष्ट राजनीतिज्ञों, गैर–जिम्मेदार व्यापारियों, बेईमान भाषणकर्ताओं, मतलबी लोगों, षराबियों और अनैतिक लोगों को पूर्णता के प्रतिरूप मानते हुए पूजे जाते हुए देखने के साक्षी हैं।'' मूल्यपरक शिक्षा के महत्व व आवश्यकता को देखते हुए भारत में आज शिक्षा मंत्रालय, एवं अनेकों सरकारी संगठनों के साथ–साथ स्वतन्त्र रूप से कार्य करने वाले एन0जी0ओ0 आदि मूल्यपरक शिक्षा विद्यार्थियों तक ले जाने का कार्य कर रहे हैं। भारत में मूल्य आधारित शिक्षा पर विचार व्यक्त करते हुए एस0 वी0 चव्हाण समिति (1999)' कहती है ''सत्य, धर्म, शांति और अहिंसा वह मुख्य सार्वभौमिक मूल्य हैं जिनको मूल्य आधारित शिक्षा कार्यक्रम की आधारशिला के रूप में अपनाया जा सकता है। यह पांच सार्वभौमिक मूल्य मानव व्यक्तित्व के पांच पक्षों–बौद्धिक, भौतिक, भावात्मक, मनोवैज्ञानिक व आध्यात्मिक को प्रतिबिम्बित करते हैं। इन मूल्यों को शिक्षा के पांच प्रमुख उद्देश्यों यथा–ज्ञान, कौशल, स्थिति, दृष्टि व बोध के साथ भी सहसम्बन्धित किया जा सकता है।'' समिति के यह विचार शिक्षा में मूल्यों की आवश्यकता व महत्व को स्पष्ट रूप से

स्थापित करते हैं। व्यक्ति के निर्माण में मूल्य आधारित शिक्षा एवं आदर्शों का बड़ा हाथ होता है। चरित्र एवं मूल्यों की परस्पर निर्भरता पर महान शिक्षा शास्त्री क्रो एवं क्रो'' कहते हैं कि ''चरित्र नैतिक या नीति शास्त्रीय मूल्यों से निश्चित रूप में साहचर्य रखता है।''

◆◆◆◆

# नए युग के लिए अभ्यास में नैतिक नेतृत्व और नेतृत्व शैलियाँ

**डॉ० विनय कुमार शर्मा, डॉ० जुबैर अनीस, डॉ अमित अग्रवाल, डॉ० महेंद्र पाल सिंह यादव**
*वाणिज्य संकाय, राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामपुर (उ०प्र०)*

## सारांश

''नैतिक'' शब्द की व्याख्या में ''व्यवहार में सही और गलत के सिद्धांतों से संबंधित'' या (मरियम वेबस्टर, 2009) शामिल हैं। सीखने की संस्थाएं एक सफल राष्ट्र की नींव का प्रतिनिधित्व करती हैं, इस नैतिक नेतृत्व को शिक्षा में दृढ़ता से निहित किया जाना चाहिए। सही और गलत कार्यवाही के बीच अंतर करने की यह क्षमता कानून के पालन से परे अच्छी तरह से फैली हुई है– नैतिक व्यवहार किसी भी स्थिति के लिए सबसे उपयुक्त होता है, क्योंकि नैतिकता के उनके प्रदर्शन का उनके छात्रों के व्यवहार पर सीधा प्रभाव पड़ेगा जो पूरे वयस्क जीवन में कई कठिन निर्णयों का सामना करेंगे। समाज में सही मायने में फर्क करने के लिए आज जिस चीज की जरूरत है, वह है मजबूत नैतिक नेतृत्व। सहयोगियों और अधीनस्थों के साथ निर्देशन और बातचीत में निर्णायक प्रबंधन शैलियों के लिए प्रभावी नेतृत्व। इसके लिए नेतृत्व के विभिन्न रूपों का ज्ञान और अधिक महत्वपूर्ण बात यह जानना आवश्यक है कि किस पद्धति का उपयोग कब किया जाए। शैलियों की एक सारणी मौजूद है, जिसमें सबसे आम है निरंकुश, डेमोक्रेटिक, लाइसेज फायर और करिश्माई। एक नेता अपने आप को या खुद को और अधीनस्थों के संबंध को कैसे देखता है, अक्सर यह निर्धारित करेगा कि वे किस शैली को जानबूझकर या अनजाने में उपयोग करते हैं। समय एवं स्थान के अनुसार नेतृत्व से लिया परिवर्तनशील होती हैं और नैतिक नेतृत्व हर स्थान पर काम आता है। प्रस्तुत शोध पत्र में नए युग के लिए नैतिक नेतृत्व की आवश्यकता और नेतृत्व शैलियों के द्वारा नैतिकता के विकास एवं विभिन्न आयामों को दर्शाया गया है।

**मुख्य बिन्दुः** आचार विचार, मूल्यों, मजबूत नैतिक नेतृत्व, नेतृत्व के विभिन्न रूपों का ज्ञान।

◆◆◆

# ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा की स्थिति और सामाजिक विकास में मीडिया की भूमिका (लखनऊ जिले के विशेष संदर्भ में)

**बृजेन्द्र कुमार वर्मा[1] एवं डॉ0 महेन्द्र कुमार पाढ़ी[2]**
*1शोधार्थी, 2सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर, जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग, बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ (उ०प्र०)*

## सारांश

भारत में ग्रामीण क्षेत्र रहवासियों के परिप्रेक्ष्य में सबसे बड़ा क्षेत्र है। भारत की बड़ी आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने के बावजूद संसाधनों की प्रचूर मात्रा शहरों में ही दिखाई देती है। ग्रामीण क्षेत्र का अपना परिचय और अस्तित्व है। ऐसे में यहां उपलब्ध साधनों में ही जीवन यापन किया जा रहा है। भारत के स्वतंत्रता प्राप्ति से आज तक लगातार ग्रामीण विकास के लिए प्रयास जारी है। बहुत कुछ लक्ष्य को पा लिया गया है फिर भी अभी और लक्ष्य हैं, जिन्हें पाना बाकी है। अभी भी विश्वविद्यालयों की उलब्धता शहरों में अधिक है। ग्रामीण विकास के लिए शिक्षा के क्षेत्र में भी प्रयास हो रहा है, लेकिन अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी है। शोधार्थी ने अपने शोध पत्र में यह अध्ययन करने का प्रयास किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा की स्थिति क्या है, इसके अलावा सामाजिक विकास में उच्च शिक्षा किस प्रकार से योगदान दे पा रहा है। अध्ययन के लिए शोधार्थी ने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ का चयन किया। यहां से शोधार्थी ने ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित उच्चतर शिक्षा संस्थानों का अवलोकन किया और छात्र–छात्राओं से आंकड़ों का संकलन किया। अध्ययन में शोधार्थी ने पाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित शैक्षिक संस्थानों की स्थिति उतनी अच्छी नहीं है, जितनी शहरों में संचालित संस्थानों में की है। शहरों में छात्रों की नामांकन औसत अधिक है। ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ रहे बच्चों में ज्ञान को लेकर अधिक उत्सुकता है।

◆◆◆◆

# मानवीय मूल्यों के संवहन का सशक्त माध्यम : संगीत कला

**डॉ0 दीपक त्रिपाठी**
*असिस्टेण्ट प्रोफसर, संगीत विभाग,, साहू जैन कॉलेज, नजीबाबाद (उ०प्र०)*

## सारांश

आज मानव समाज की सबसे बडी समस्या है असुरक्षित भविष्य, तनावपूर्ण दिनचर्या, मानसिक अवसाद आदि, जिस कारण मनुष्य की दशा एवं दिशा बिगड़ी हुई है। मानव की

मानवता इस जगत में सभ्यता की परिभाषा है, और मानवता मानवीय मूल्यों के प्रयोग से प्रतिस्थापित होती है। मानवीय मूल्यो के निर्धारण के लिए समाजशास्त्री समय–समय पर विभिन्न विधियों को अपनाते है। जिसमें एक पक्ष संगीत भी है, संगीत मानव मूल्य को निर्धारित करने का सबसे प्रभावी तरीका है। मनुष्य अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति तभी कर सकता है जब वह मानसिक रूप से स्वस्थ हो, और मानव मस्तिष्क को स्वस्थ्ता प्रदान करता है संगीत, क्योकि संगीत एक नाद विज्ञान है। जब नाद की गूँज हमारे आन्तरिक शरीर में फैलती है तो वह निष्क्रिय पड़े सभी शारीरिक अंगों को कंपित करती है जिससे सभी क्षुब्धित नसे सक्रिय हो जाती है उनमें रक्त का संचरण होने लगता है। यही कारण है कि मनुष्य संगीत की साधना से अपनी आन्तरिक शक्तियों को जाग्रत कर परमानंद की प्राप्ति कर लेता है। भगवान राम भी जब गुरूकुल में शिक्षा ग्रहण करते थे तब ऋषि वशिष्ठ की आज्ञा से माता अरूंधती सायंकाल में विद्यार्थियो को संगीत की शिक्षा देती थी।

◆◆◆◆

# भारतीय संस्कृति एवं मानवीय मूल्य

**दीपक कुमार शर्मा[1] एवं डॉ0 आशुतोष कुमार शुक्ल[2]**
*[1]सहा0 आचार्य, राज. रज़ा पी.जी. कॉलेज, रामपुर, [2]प्राचार्य, बाँके बिहारी इंस्ट्टीयूट ऑफ एजुकेशन, सरधना, मेरठ (उ०प्र०)*

## सारांश

वर्तमान समय मे षिक्षा दिन प्रतिदिन भौतिकवादी होती जा रही है। प्राचीन मूल्य एवं संस्ति समाप्त होते जा रहे है। भारतीय परम्परा के महान मूल्यों नैतिक, धार्मिक, आध्यात्मिक मूल्यों को भुलाया जा रहा है। हमें यह देखने को मिलता है। कि व्यक्ति के सामाजिक, आर्थिक, सांस्तिक, नैतिक व धार्मिक क्षेत्रो में मूल्यो में गिरावट के कारण उसके चारित्रिक पतन का संकट भी सामने आता ळें भारत अपनी कला, संस्कृति तथा दर्शन आदि की गौरवशाली परम्पराओं पर सदैव गर्व करता रहा है, परन्तु आज अनास्था तथा पारस्परिक अविश्वास के वातावरण में हमारी प्राचीन परम्परा एवं मूल्य धूमिल से हो गये हैं। आधुनिकता की भ्रामक अवधारणा अस्तित्ववादी जीवन, अनात्मपरक–नास्तिकता, पाश्चात्य सभ्यता का अन्धानुकरण तथा कुतर्क प्रधान चिन्तन आदि के कारण अतीत में अविश्वास एवं 'स्व' में अनास्था आदि कारणों से हमारे पुराने मूल्य प्रदूषित हो गये हैं। मूल्य सहित जीवन ही अर्थपूर्ण है, मूल रहित जीवन कुछ भी नही। जो मनुश्य मूल्यों को महत्व देता है। ऐसा व्यक्ति समाज मे महत्वपूर्ण स्थान रखता है। ऐसा व्यक्ति समय को महत्व देता है। अतः प्रत्येक जिस चीज का महत्व होता है, उसे हम मूल्य कहते है।

◆◆◆◆

# शिक्षा तथा मानवीय मूल्य

**हबीब इकराम**
*एसोसिऐट प्रोफेसर (से0नि0), डी0ए0वी0 ट्रेनिंग कालेज, कानपुर (उ0प्र0)*

## सारांश

शब्द शिक्षा बड़ा ही वृहद एवं विस्तृत शब्द है। शिक्षा के अनेक रूप हैं, कार्य हैं, अर्थ हैं, परिभाषा हैं और हैं, अनेक स्तर।वास्तव में देखा जाये तो शिक्षा मनुष्य को मानव बनाती है, आदमी को इंसान के रूप में परिवर्तित करती है। हम चाहे जिस प्रकार अथवा जिस स्तर की शिक्षा ग्रहण करें हमारा उद्देश्य/लक्ष्य एवं परिणाम सुन्दरता से मण्डित होना चाहिये और यह सब कुछ मिलेगा भारत के जीवन को श्रेष्ठ बनाने वाले मानवीय मूल्यों को अपनाने से।

मानवीय मूल्य जीवन के आचरण एवं व्यवहारों को बनाने वाले सूत्र एवं यंत्र माने गये है। भारतीय शिक्षाविदों एवं दार्शनिकों ने मूल रूप से मूल्यों को दो रूप में पहचाना है। प्रथम–भौतिक मूल्य तथा द्वितीय–आध्यात्मिक मूल्य। भारतीय मूल्यों के पुष्पित एवं पल्लिवत होने का श्रेय केवल वेद, उपनिषद, स्मृतियों आदि को नहीं जाता है वरन् उन मनीषियों, ऋषियों–मुनियों, साधू–संतो, पीरो–फकीरों एवं सूफियों को जाता है जिन्होने धर्म एवं संस्कृति के आधार पर समस्त को एक सूत्र में पिरोने का सफलतम प्रयास किया है। वृहदारण्यक उपनिषद कथन है–'अस्तो मा सद् गमय (हे प्रभु मुझे असत्य से सत्य की ओर ले चलो)। ज्ञान को सत्य की सिद्धि मानकर यहां कल्याण की कामना की जाती है। सत्य पर चलने से मनुष्य सदाचार के पथ पर चलने वाला बन जाता है। इसी श्रृँखला में 'सत्यमेव जयते' भी एक जगमगाता मील का पत्थर है जिसके विषय में जितना कहा जाये वह कम है।

अगला रूप आता है 'सत्यम शिवम सुन्दरम' का अर्थात् जहाँ सत्य है वहाँ शिव है और जहाँ शिव है वहाँ सुन्दरता है। सत्य कार्य करने से कल्याण की उत्पत्ति होती है इसके विपरीत जहां झूठ होगा वहां अकल्याणकारी बाते होंगी और परिणाम अमंगलकारी होंगे। अगला भारतीय मूल्य है–'वसुधैव कुटुम्बकम'। सारी वसुधा के, सारे संसार के समस्त लोग, व्यक्ति अथवा इंसान एक समान हैं।

इस्लाम की पवित्र धर्म पुस्तक कुरान में स्थान–स्थान पर प्रेम और सत्य की सीख देते हुये सारे विश्व की भलाई अर्थात वसुधैव कुटुम्ब की कामना की गयी है। एक स्थान पर परमपरमेष्वर अल्लाह ने अपने नबी हजरत मोहम्मद साहब जिनका चारों वेदों (ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद) में इकत्तीस वर्णन मिलता है और सभी धार्मिक पुस्तकों यथा–पुराणों, बौद्ध ग्रन्थों, तौरात एवं इंजील आदि में जिनका वर्णन अलग–अलग नामों से आया है।

# Let Us Inculcate Values in Next Generation Learners

**Dr. Jyoti Pandey**
*Faculty of Education and Allied Sciences, M.J.P. Rohilkhand University Campus, Bareilly*

## ABSTRACT

There are many explanations for this apparent disconnect between knowing that our life style is unsustainable and doing nothing to change it. These include that the dominant economic model is based on continuous growth; that there is a lack of communication to stakeholders and policy makers; a lack of international coordination to address global problems; that people are reluctant to change their lifestyles; and that we do not experience the impact of global environmental problems on our daily lives. This disconnect also applies to other problems such as poverty, public health issues and hunger. Everybody dislikes the consequences, but nobody is willing to make the necessary sacrifices to address the issue.

It therefore seems legitimate to ask whether humankind as a whole is interested in preserving nature for future generations and civilizations. In other words, do we care about the future of our species? Given our current rate of exploitation of natural resources, a hypothetical alien observer might come to the conclusion that we do not.

Some commentators have suggested that perhaps humans are not yet sufficiently evolved to leave this self-destructive path and that, with time, biological and cultural evolution will remedy the problem [1]. From a biological perspective, however, there is no evidence that humans are evolving toward a more environmentally conscious state. Moreover, evolution is highly stochastic and contingent and, as a consequence, totally unpredictable. Such arguments rather seem to come from religious or moral beliefs that humans are predestined to live in harmony with nature.

◆◆◆◆

# An Appraisal Study of Our Education Policy with in Judicial Limitation

**Priti Lour**
*Research Scholar , Department of Law D.A.V. College Muzaffarnagar (U.P.)*

**ABSTRACT**

Provision for free & compulsory education for children. " the State shall endeavour to provide, within a period of ten years from the commencement of this Constitution, for free and compulsory education for all children until they complete the age of fourteen years."

An education can create educated society which prepares the present generation for a bright future and enables the individual to galvanize the capacity of collective. According to ancient thinkers in India, Vidya or knowledge or learning or education is the 'third eye' of man, which gives him an insight into all affairs and teaches him how to act; it leads us to our salvation in the mundane spare it leads us to all round progress and prosperity. Education is a strong pillar of development and without education there is no development.

◆◆◆◆

# Understanding indian value system through ancient holy Scriptures

**Dr. Mamta Aswal**
*Assistant Professor, Kumaun University, Faculty of Education, SSJ Campus,* Almora,

**ABSTRACT**

Education is an essential component for inculcating values among the society. Education and values go hand in hand and are inseparable. Though today, due to fast globalization and capitalization, a huge value crisis is observed. Therefore, to restore the value system, which was once core to the Indian philosophy needs urgent attention.

Since time immemorial Govt. of India has formed various commissions and committees for the upliftment of education system in the country. The recommendation mostly emphasized on character formation and developing moral values but no sincere action/ effort were implemented for sustaining the value system. If we look back into our ancient scriptures, we find it laden with innumerable value traits such as truth, honesty, dignity, sacrifice, humility and being compassionate towards all beings. In fact 'Bhagvad Gita' enumerates 26 qualities for a person to become a total personality. These were termed as gems of values. ( Sharma & Sharma,2011).

So, one must look into our holy scriptures for vision, knowledge and lessons to be learnt. This paper focuses on the significance of Indian value system as enshrined and presented through our ancient Holy Scriptures and suggestions to protect and overcome value degradation.

**Keywords:** Values, Education, Holy Scriptures

◆◆◆◆

# Gandhian Philosophy And Human Values

**Dr. Bhaskar Chaudhary**
*Assistant Professor, Kumaun University, Faculty of Education,*
*SSJ Campus, Almora, Uttarakhand*

**ABSTRACT**

Mahatma Gandhi is an epitome of principles and values. He is a symbol of truth and peace worldwide. He not only experimented with different aspects of his own life but also integrated and propagated the values essentially required for mankind to have a happy, satisfactory, prosperous and peaceful life.

Unfortunately, those values are vanished in 21 st century. Today on all fronts be it

political, educational, cultural and economic- corruption, bribery, unethical practices prevails widely reflecting the ethos of society we are a part of. This is not the India of Gandhi, because he talked about satya(truth) and ahimsa(non-violence), insisted on being satyagrahi.

According to Gandhi ji 'Ahmisa' ought to be cultivated not merely at personal level, but at social, national and international level too, if we wish to avoid personal, social, national and international conflicts ( Manjre & patil, 2018). His thoughts and philosophy is internationally accepted and widely acknowledged. He also insisted that values are important for the development of whole personality. This paper reflects the views expressed by Gandhi ji in respect to human values, his life experiences and its role in infusing a humanitarian approach around the globe.

**Keywords:** Gandhi ji, Ahimsa, Truth

◆◆◆◆

## Human Values and Digital India

**Dr. Stuti Vashishtha**
*H.O.D., B.Ed. Department, S.M. (P.G.) College, Chandausi, Sambhal (U.P.)*

**ABSTRACT**

Human values are said to be the most inevitable, guiding axiom of our lives. It falls under a huge umbrella of sociology, psychology, philosophy, anthropology, axiology and many other disciplines. According to scholar Barbara Smith, 'Values are nothing but fundamental principles of human lives, so elementary yet so irreplaceable, which acts as a dictionary for the events and our actions, to analyze simpler concepts.' Hence, this statement proves that value could be great or small, but when attributed to a man, should have to be explained in his course of actions. But as the human lives diversify, the values also tend to get mended, changed or at times even replaced. Anything that gives you peace of mind can also be a value. On those grounds, scholar Paul Roubickez, says that 'In a sphere of values, contradictions are the rule'. He also says that the value system is always to remain permanent and it is only the human who decides what to do with it. Being in the age of digital era is easy and difficult in many ways at the same time. Technology has almost transformed everything that we see, face and experience today. Human relationships have undergone a massive change in the digital age. Words have changed into emoticons, face to face communications transformed to Skype calls, giving/receiving gifts became dedicating videos and lastly physical actions malformed into sex chats. During this course of time, we must also realize the mammoth of change in the norms and morals we had previously considered to be sacred.

The introduction of digital media has undoubtedly brought in a colossal change in the value traditions of human lives. The present study shows that digital media makes the

people undergo a process of mythmaking that makes them think that virtual relationships, the virility or hit rate of a video is more imperative than that of the degree of closeness a family bonding shares or the values that we are governed by. The films show that the age of information paves way too many new types of violence, but at the same time the character arcs advocates that 'no such thing is useful or useless by itself. 'Hence the manhandling or getting addicted to the technology is where the problem escalates thus leading to a paradigm shift of human values. Further researches may be possible by conducting intensive interviews with participants of the digital age to dig deeper on the technology human conflicts.

◆◆◆◆

## Bringing Excellence in Economics, Commerce and Management Stream of Education

**Kajol**
*Assistant Professor, S.D College of Law, Muzaffarnagar (U.P.)*

**ABSTRACT**

Education is a critical mechanism for individual socio-economic advancement And an important driver of economic mobility .more ever a well educated workforce is vital to over nation's future economic growth. American companies and business require a highly skilled workforce to meet the demands of today's increasingly.

Competitive, global economy higher education is provided through a complex public Private market with many different types of individuals and institutions participating .EX-President OBAMA has supported higher education by increasing the pell grant establishing the American opportunity tax credit expanding income based repayment for student loans and freezing the interest rate on subsidized student loans. Infect commerce , economics and management education to prepare the Manpower requirement of the industrial world at large as a field of study education Is an effective vehicle for producing the required skills to maintain economic growth. The benefits of education range from human to economic ,social, and cultural at present most of the major industries of the world are controlled and owned by the Developed western countries to over come lack of entrepreneurship in india.

MHRD Releases AISHE 2016-17 Report; Enrolment In Higher Education Increased By 8.2 Million:-The Union Minister for Human Resource and Development (HRD), Prakash Javadekar released the AISHE or All India Survey on Higher Education for the year 2016-17 in New Delhi today.

"The value of college education is not the learning of many facts but the training of the mind to think."

◆◆◆◆

# Our Past and Human Values

**Dr. Shilpi Sharma**
*Asst. Professor (Home Science Dept.), S.M. (P.G.) College, Chandausi, Sambhal (U.P.)*

**ABSTRACT**

Values are so inextricably woven into our language, thought and behavior patterns that they have fascinated philosophers for millennia. Yet they have proved so "quick-silvery" and complex that, despite their decisive role in human motivation, we remain desperately ignorant of the laws that govern them.

Initially, most of the thinking on market value and consumer values was contributed by the philosophers and religious leaders of Europe. During the late 1700's, there began to emerge various branches of philosophy which we now call the "social sciences."

Since the days of the ancient Greeks, philosophers have been concerned with values on a rather tangential basis. References to values were unavoidable as Aristotle, Kant, and others discussed aesthetics, or as Plato, Hobbes, and Rousseau deliberated over the problems of government and citizen responsibility. But, as Wekmeister points out (1967), no general theory of values was developed or enunciated by any of these thinkers.

Values are beliefs that have an inherent worth in usefulness or importance to the holder," or "principles, standards, or qualities reflected worthwhile or desirable." Values institute an important characteristic of self-concept and serve as supervisory principles for person. In literature, it is documented that values are so indissolubly woven into human language, thought and behavior patterns that they have fascinated philosophers for millennia. Yet they have proved so "quick-silvery" and complex that, despite their decisive role in human motivation, we remain desperately ignorant of the laws that govern them. (Toffler, 1969). Scott and Kluckhohn described value as a conception: explicit or implicit of desirable which influences the selection from available modes, means and end of action (1951).

◆◆◆◆

# डिजिटल इंडिया और राष्ट्रीय सुरक्षा

**रितेश कुमार चौरसिया**
*असिस्टेन्ट प्रोफेसर, सैन्य अध्ययन विभाग*

## सारांश

आज के तकनीकी युग में डिजिटल उपकरणों का उपयोग राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर एक प्रभावी हथियार के रूप में किया जा रहा है। वर्तमान परिदृश्य में देश की सुरक्षा के लिये केवल सीमाओं की पहरेदारी करना ही काफी नही बल्कि डिजिटल साधनों के कारण होने वाली चुनौतियों से निपटने के लिये, नवीन सुरक्षा का मॉडल अपनाने की आवश्यकता है जिससे राष्ट्र की आन्तरिक सुरक्षा एवं शांति बनायी जा सके। 20 अगस्त 2014 को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की बैठक में भारत को डिजिटल आधार पर सशक्त बनाने हेतु वृहद एवं महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'डिजिटल इंडिया' की स्वीकृति प्रदान की गई तथा 1 जुलाई 2015 से भारत में डिजिटल इंडिया कार्यक्रम लागू किया गया।

भारत रक्षा उत्पादन में डिजिटल उपयोग के साथ सुरक्षा एवं रक्षा के क्षेत्र में मजबूत भूमिका के साथ, विश्व के शक्तिशाली देशों की श्रेणी में आकर खड़ा हो गया है। आज रक्षा का अर्थ केवल त्रिमुखी (थल, जल एवं नभ) न होकर आगे बढ़ गया है जिसमें बाह्य अन्तरिक्ष से होने वाले खतरे भी शामिल है।

**डिजिटल इंडिया का प्रमुख सुरक्षात्मक दृष्टिकोण –**

मौजूदा/चल रहे ई–शासन पहलों का पुर्नोत्थान किया जाएगा एवं उन्हें डिजिटल इंडिया के सिद्धान्तों के साथ पंक्तिबद्ध किया जायेगा। स्कोप वृद्धि, प्रोसेस पुनर्रचना, एकीकृत अंतर्प्रयोगात्मक सिस्टम और क्लाउड और मोबाइल जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों का उपयोग नागरिकों को सरकारी सेवाओं के वितरण को बढ़ाने के लिये किया जाएगा।

ई–शासन नागरिक सेवा अभिविन्यास सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक हद तक एक केन्द्रीकृत पहल के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाएगा।

यूनिक आई.डी के उपयोग का प्रोत्साहन पहचान, प्रमाणीकरण और लाभ प्रदान करने के लिये किया जाएगा।

एनआईसी का पुनर्गठन केन्द्र और राज्य स्तर पर सभी सरकारी विभागों को आईटी समर्थन मजबूत करने के लिये किया जाएगा।

कम से कम 10 प्रमुख मंत्रालयों में मुख्य सूचना अधिकारी (सीआईओ) का पद बनाया

जाएगा ताकि विभिन्न ई–गवर्नेंस परियोजनाओं को तेजी से निर्माण, विकास एवं लागू किया जा सके।

◆◆◆◆

# उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में ह्रास – कारण तथा समाधान

**डॉ0 दिग्विजय पचौरी एवं डॉ0 बृजवाला शर्मा**
*[1]व्याख्याता – रूई की मंडी शाहगंज, आगरा, [2]प्रोफेसर – सर्वधर्म महाविद्यालय, ग्वालियर*

## सारांश

शिक्षा खासकर उच्चतर शिक्षा एक ऐसा उपाय है जो भारत को विकास के उच्चतर मार्ग पर अग्रसर कर सकता है। यह एक ऐसा दायित्व है जो असंख्य, मूर्त तथा अमूर्त रूपों में विकास के विविध क्षेत्रों में हमारी सभी प्रतिबद्धताओं को लाभ पहुँचाता है। शिक्षा व विकास के बीच सीधा व सरल सम्बन्ध है उच्चतर शिक्षा मानव पूँजी में वृद्धि करती है जो विकास की ऊँची दर सम्भव बनाती है तथा विकास के लाभ जन–जन तक पहुँचाती है।

प्रत्येक देश की शिक्षा व्यवस्था की विलक्षणताएं चुनौतियॉ एवं समस्याएं होती हैं। भारत में उच्चतर शिक्षा में जिस प्रकार से संख्यात्मक वृद्धि हुई उसी प्रकार से उसमें गुणात्मक ह्रास आता गया तथा यह गुणात्मक ह्रास ही उच्च स्तर की शिक्षा व्यवस्था के गिरते स्तर का कारण बना। हम इसको संख्यात्मक वृद्धि बनाम गुणवत्ता नहीं कहेंगे वरन् गुणवत्तापूर्ण सर्व–सुलभ एवं अभिगम्य शिक्षा व्यवस्था की रचना कहेंगे। स्वतन्त्रोत्तर भारत में उच्च शिक्षा के परिवर्तन के उद्देष्य से अनेक आयोग व समितियॉ गठित हुई। किन्तु कोई भी समस्या के समाधान के लिए प्रभावी नहीं हुई। उच्च शिक्षा व्यवस्था में आई विकृतियों के लिए शिक्षकों व विद्यार्थियों को विशेष दोष दिया जाता है तथा इसमें भी अध्यापकों द्वारा दायित्व निर्वहन न करने को मूल कारण कहा गया है। यू0 जी0 सी0 देश के सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के स्वरूप, विकास और सुधार के लिए गठित एक मात्र संस्था है तथा वही प्राध्यापकों की नियुक्तियों के लिए मानक तैयार करती है।

उच्च शिक्षा के गिरते स्तर की समस्याओं में प्रमुख यू0जी0सी0 द्वारा सही नितियॉ न बनाना तथा उनका क्रियान्वयन भी है।

विश्वविद्यालयों में षैक्षिक वातावरण की आधार भूमि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अलग–अलग प्रान्तों में की जा रही अवैधानिक मनमानी को रोकने में विफल रहा है। अयोग्य

शिक्षकों की नियुक्तियों पर रोक न लगने से समूचे देश की उच्च शिक्षा की स्थिति चिन्तनीय होती गयी है। भेदभाव, वर्गभेद और अनुशंसा के आधार पर पद प्राप्त कर रहे शिक्षक योग्य एवं परिश्रमी अध्येताओं का अवसर छीनने लगे हैं। देश में आदर्श, निष्ठावान शिक्षकों ने जो त्याग का पथ दिखाया, वह आज विलुप्त होता जा रहा है।

इस प्रकार वर्तमान में शिक्षा की मौलिकता अर्थ की मौलिकता में खो गयी है। पाठ्यक्रम निर्धारित करने में जब तक योग्य और अध्यवसायी प्राध्यापकों का वर्चस्व नहीं होगा तब तक उच्च शिक्षा में गुणात्मक सुधार नहीं किया जा सकता, चूँकि योग्य शिक्षकों द्वारा ही योग्य छात्रों का निर्माण होता है। अतः सारा दोष छात्रों पर देना अनुचित है। शिक्षा के स्तम्भ स्वरूप प्राध्यापकों की नियुक्तियों में जब तक भ्रष्टाचार और हेराफेरी का समावेश है तो इक्कीसवीं सदी की शिक्षा की नींव कैसे सुदृढ़ होगी? गुणवत्ता युक्त शिक्षा अधिक संसाधनों और अच्छी सुविधाओं मात्र से सम्भव नहीं है। यह शिक्षकों और छात्रों के दृष्टिकोण  पर भी उतनी ही आधारित है। अगर शिक्षक उद्देष्य तथा प्रतिबद्धता की भावना नहीं दर्षायेंगे, अगर वे षैक्षिक उत्कृष्टता के उॅचे मानदण्ड़ों का निर्धारण व मांग नहीं करेंगे तो विद्यार्थियों से इससे भिन्न उम्मीद कैसे कर सकते हैं। हम सभी को इस मुद्दे में शिक्षा से जुड़े सभी पक्षों का आत्म मंथन करने की आवश्यकता है योग्यता का आधार अनुशंसा ही होने पर देश की उच्च शिक्षा का षिखर पर पहुॅचना असम्भव है। इसलिए विश्व के श्रेष्ठ 20 विश्वविद्यालयों में एक भी विश्वविद्यालय भारत का नहीं है।

◆◆◆◆

# साहित्य एवं मानवीय मूल्य

**डॉ0 श्रीमति छाया रानी एवं रितेश कुमार चौरसिया**
*[1]असिस्टेंट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, दयानन्द आर्य कन्या डिग्री कॉलिज*
*मुरादाबाद, [2]असिस्टेन्ट प्रोफेसर, सैन्य अध्ययन विभाग, बरेली कॉलेज बरेली*

## सारांश

साहित्य समाज का दर्पण है। इसका अर्थ ही यह है कि दर्पण में हम सदैव अच्छा ही देखना चाहते हैं। इसी प्रकार साहित्य में भी यदि मानव मूल्यों का समावेश हो तो उसे अच्छा साहित्य ही कहा जायेगा।

भारतीय संदर्भ में यदि देखा जाये, तो अनेक साहित्यकारों ने अपनी लेखनी में मानवीय मूल्यों को सर्वोपरि रखा है, मैं यहां हिन्दी लेखकों के सम्बन्ध में ही बताना चाहूंगी कि किस प्रकार उनके लेखन में मानव मूल्यों की झलक देखने को मिलती है। सर्वप्रथम हिन्दी साहित्य के महान लेखक मुंशी प्रेमचन्द का उल्लेख करना चाहूंगी, जिन्होने अपनी अनेक कृतियों में मानवीय मूल्यों

को महत्वपूर्ण स्थान दिया है जैसे– पंच परमेश्वर नामक कहानी में उन्होनें सरपंच उस व्यक्ति को बनाया जिससे न्याय की अपेक्षा नहीं थी किन्तु यह मानव मूल्य ही थे जिन्होने न्याय करते समय उसे निष्पक्ष बना दिया।

परोपकार, अहिंसा, दया, क्षमा, निष्पक्षता, भ्रष्ट आचरण न करना आदि ऐसे मानव मूल्य हैं जिनका उपयोग अनेक साहित्यकारों ने अपने लेखन में किया है, साहित्यकार समाज में महती भूमिका निभाते हैं क्योंकि यदि वर्तमान युग से पहले जाये तो उस समय पुस्तकें ही शिक्षा का माध्यम थीं न कि आज की तरह सिनेमा, दूरदर्शन आदि। बल्कि अब तो इंटरनेट भी प्रचार एवं प्रसार का बड़ा माध्यम बन गया है।

भारतीय समाज में रामचरित मानस को मानव मूलयों का स्त्रोत ही माना गया है। इसके रचियता गोस्वामी तुलसीदास ने कितने सुन्दर ढंग से भाई, पुत्र, पत्नि, सेवक, राजा के कर्तव्यों को बताते हुए इसके पात्रों द्वारा समाज को सही मार्ग पर चलने के लिये प्रेरणा प्रदान की।

रामधारी सिंह दिनकर ने कुरूक्षेत्र के 'छठे सर्ग' में मनुष्य द्वारा विज्ञान की उपलब्धियों को बताने के साथ–साथ यह भी बताया कि आज मानव सम्पूर्ण भूमण्डल के साथ–साथ आकाश सहित अन्य ग्रहों पर भी पहुंच चुका है। सब कुछ उसकी मुट्ठी में है लेकिन वह मानव मूल्यों से विप्त हो रहा है, आवश्यकता है मनुष्य–मनुष्य से समानता का व्यवहार करे।

इसी के साथ, कबीरदास जी, गुरू जाम्भोजी, गुरू नानक आदि, साहित्यकारों ने भी अपने आहित्य में मानवमूल्यों को इस प्रकार स्थापित किया कि उनकी शिक्षाओं के आधार पर कबीर पंथी, विश्नोई व सिक्ख धर्म ही बन गये।

◆◆◆◆

# डिजिटल इंडिया एवं मानवीय मूल्य

**प्रीति दीक्षित**
*सनातन धर्म महाविद्यालय, मुजफ्फर नगर (उ०प्र०)*

## सारांश

डिजिटल इंडिया भारत सरकार द्वारा चलाये जाने वाला एक बेहतरीन कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य सशक्त समाज और ज्ञान अर्थव्यवस्था का एक डिजिटल रूप देना है अर्थात डिजिटल रूप देकर उसकी गति को ओर आगे बढाना है। 1 जुलाई में भारतीय सरकार द्वारा डिजिटल इंडिया प्रोजेक्ट की शुरूआत हुई यह प्रोजेक्ट अनिल अंबानी, अजीम प्रेमजी, साइरस मिस्त्री जैसे बडे हस्तियों की उपस्थिति में लांच किया गया है। जिसमें यह संकल्प लिया गया

है कि भारत को आई टी, शिक्षा, कृषि आदि में नये विचारों द्वारा डिजिटल शक्ति देकर भारत को और आगे बढ़ाना है। दूर संचार और सूचना तकनीक तकनीकी मंत्रालय द्वारा इसकी योजना और अध्यक्षता की गई है।

अच्छे मूल्यों वाले व्यक्ति को हमेशा दूसरें लोगों द्वारा देखा जाता है। हम अपने जीवन में जो निर्णय लेते है, वे काफी हद तक हमारे मूल्यों के आधार पर होते है। डिजिटल इंडिया के द्वारा उत्तम शिक्षा प्रदान कर मानव के चरित्र का निर्माण होगा क्योकि अच्छे मूल्य व्यक्ति को विनम्र और भरोसेमन्द बनाते है। इसके साथ ही सारे काम ऑनलाइन होने से कागज की भारी बचत होगी जिससे पर्यावरण को भी फायदा होगा।

मेरा इस विशय को लिखने का उद्देश्य यह है कि हमारे नवयुवकों को डिजिटल इंडिया के कार्यक्रमों का ज्ञान हो क्योंकि आज भी हमारे समाज में कुछ व्यक्तियों को डिजिटल इंडिया और मानवीय मूल्यों का ज्ञान नही है। इसलिए मैने अपने द्वारा सरल शब्दों का प्रयोग करके हमारी राष्ट्रीय भाषा हिन्दी में इसका विवरण प्रस्तुत किया है ।

◆◆◆◆

# मानवीय मूल्यों के सन्दर्भ में चित्रकला का दायित्व

**डॉ० मनीशा शर्मा**
*असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा (उ०प्र०)*

## सारांश

साहित्य संगीतकलाविहीनः साक्षात्पशुः पुच्छविशाणहीनः।
तृणं न खादन्नपिजीवमानस्त द्वागधेयंपरमंपशुनाम्।

अर्थात् साहित्य, संगीत और कला से विहीन मनुष्य साक्षात नाखून और सींग रहित पशु के समान है।

वास्तव में कला समाज के लिए उतनी ही आवश्यक है जितनी हमारी प्राथमिक आवश्यकताऐं जैसे खाना, पानी, सोना आदि। कला समाज का दर्पण है। प्रत्येक काल की कला उस समय के समाज, वातावरण, पहनावा, रहन–सहन आदि का प्रतिनिधित्व करती है। कला आलोचनाओं तथा कला शास्त्रों में मानव कल्याण को कलाओं का सबसे बड़ा कार्य माना गया है। चित्र सूत्र में कहा गया है कि कला धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष इन चारों पुरुषार्थों को प्रदान करने वाली होती है।

नीति शासत्र में मूल्य का अर्थ किसी वस्तु या क्रिया के महत्व को दर्शाता है जिससे उसकी श्रेष्ठता का पता चलता है। प्लेटो के अनुसार कला को केवल आनन्ददायी ही नहीं बल्कि व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के लिये उपयोगी भी होना चाहिये। प्रागैतिहासिक मनुष्य ने चट्टानों पर तत्कालीन जनजीवन को चित्रित किया।

प्राचीन सभ्यताओं के जो अवशेष मिले हैं उनसे यह स्पश्ट है कि विश्व के प्रायः सभी भागों में कलाओं ने लोगों की धार्मिक आवश्यकताओं को पूर्ण किया। धर्म के साथ–साथ राष्ट्र भक्ति भी कलाओं का दायित्व रही। प्रत्येक देश की संस्कृति और सभ्यता में कला का सीधा सम्बन्ध हम धर्म के साथ देखते हैं जैसे ईसाई कला, बौद्ध कला, इस्लामिक कला आदि। राज्यों के संरक्षण में कला का पालन पोषण हुआ और कला उन्हीं शासकों या षासन कालों के नाम से जानी गयी जैसे मौर्य कला, गुप्तकला, वाकाटक कला, पल्लवकला, मुगलकला आदि आदि।

कला मूलरूप से सत्यमं शिवं सुन्दरम् पर आधारित होती है। कला का प्रधान लक्ष्य सौन्दर्य की अनुभूति है, जो रूप के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता है, इसकी प्रेरणा कलाकार अपने चारों ओर फैली हुई प्रकृति से लेता है। सत्यम शिवम सुन्दरम के शिवम का अर्थ है नैतिक या कल्याणकारी। कलाओं में इसका विचार दो प्रकार से किया जाता है– एक विशय की दृष्टि से, दूसरा प्रस्तुतीकरण की दृष्टि से।

कलाकार समाज के साधारण सदस्यों से भिन्न और कुछ ऊपर उठा हुआ होता है अर्थात विषिश्ट होता है।

प्रत्येक कलाकार अपने देश की राजनीतिक व्यवस्था का पृष्ठपोषक होता है। सभी कलाओं में चिकला का एक विषिश्ट स्थानहै। विश्णु धर्मोत्तर पुराण के चित्र सूत्र में चित्रकला का महत्व इस श्लोक में प्रस्तुत किया गया है–

–कलानां प्रवंरचित्रम् धर्मार्थ काम मोक्षाद्।
मांगल्य प्रथम् दोतद् गृह यत्र प्रतिष्ठितिभ।।

विश्व की सभी सभ्यताओं में प्रागैतिहासक चित्र मिले हैं जो उस समय के मानवीय मूल्यों–आध्यात्मिकता, नैतिकता, न्याय, प्रकृति, मानवीय प्रेम आदि को प्रदर्षित करते हैं।

भारतमें भी जोगीमारा और अजन्ता के चित्रों से भारतीय चित्रकला का इतिहास पता चलता है। जोगीमारा के चित्र लगभग 300 ईसा पूर्व के हैं सम्भवतः अशोक कालीन। अब वह बिल्कुल जर्जर अवस्था में है लेकिन जिस समय उनकी खोज हुई (1914) तब वह कुछ अच्छी अवस्था में थे और उन्हीं चित्रों के द्वारा हमें हजारों वर्ष पूर्व की जीवन शैलीका पता चलता है। इसी प्रकार अजन्ता में चित्रित जातक कथाओं से बुद्ध का जीवन, उनका गृह त्याग, एक क्षत्रिय

से बौद्ध संत बन जाना, उस समय के रीति रिवाज, दैनिक जीवन, राजनैतिक जीवन, लगभग सम्पूर्ण सामाजिक, राजनैतिक व लोकाचार आदि परिस्थितियों के दर्शन होते हैं।

चूंकि कलाकार एक सामाजिक प्राणी है और उसकी कला की प्रेरणा उसे समाज सेही मिलती है। अतः कलाकार और कला दोनों का दायित्व मानवीय मूल्योंको प्रस्तुतकरना और प्रेरणादायी बनाना है और होना चाहिए।

◆◆◆◆

# भारतीय संविधान एवं मानव मूल्य

**मोहम्मद नासिर**
*असिस्टेंट प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान), राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामपुर (उ०प्र०)*

## सारांश

संविधान किसी राष्ट्र की शासन व्यवस्था के संचालन हेतु नियमों और कानूनों का संग्रह होता है। बिना संविधान के शासन प्रणाली के न्याय संगत होने की कल्पना नही की जा सकती, संविधान नागरिकों के अधिकारों, उनकी स्वतंत्रता एंव सरकार की सत्ता के मध्य संतुलन स्थापित करता है। प्रत्येक संविधान का अपना एक दर्शन होता है जिसमें उस देश की शासन प्रणाली के लक्ष्यों, उद्देश्यों आदि का वर्णन होता है। संविधानिक शासन का अर्थ सीमित शासन से है जिसमें मानव मूल्यों, व्यक्ति की गरिमा एवं जनसम्प्रभुता को प्रमुख स्थान दिया जाता है।

भारतीय संविधान का भी अपना एक दर्शन है और यह दर्शन प्राचीन भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्रीय आन्दोलन के मूल्यों से प्रेरित है। इसमें न केवल मानव स्वतंत्रता, भाईचारा, पर्यावरण संरक्षण, विविधता में एकता, जैसे मूल्यों का वर्णन है बल्कि "बसुधैव कुटुम्बकम" की महत्तवूर्ण अवधारणा भी है।

संविधान की प्रस्तावना, मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य, नीति निदेशक तत्व एवं अन्य प्रावधानों में व्यापक रूप से मानवीय मूल्यों का वर्णन है। मूल्यों के संरक्षण हेतु मौलिक अधिकारों की व्यवस्था है। संविधान के मूल्यों की रक्षा एवं उन्हे अक्षुण्य बनाए रखने हेतु शक्तिशाली न्यायपालिका को व्यापक अधिकार दिये गए हैं। यदि संसद का कोई कानून या कार्यपालिका का कोई आदेश मौलिक अधिकारों एवं संविधान की मूलभूत संरचना को चोट पहुँचाता है तो न्यायपालिका उस कानून या आदेश को रद्द कर सकता है। संविधान के लागू होने के बाद से उसमें 103 संशोधन किये जा चुके हैं जो बदलते समय की आवश्यक्तानुसार जरूरी थे। संविधान में प्राचीन भारतीय मूल्यों के साथ सार्वभौमिक वैश्विक मूल्यों जैसे न्याय, करूणा, सत्यनिष्ठा, कर्तव्यशीलता, ईमानदारी आदि को भी पर्याप्त महत्व दिया गया है। भारतीय संविधान में दिये गए

पर्याप्त मूल्यों एवं उनके संरक्षण के उपायो के कारण संविधान को सामाजिक न्याय का दस्तावेज भी कहा जाता है।

◆◆◆◆

# शिक्षा में मानव मूल्य और व्यावसायिक नैतिकता की भूमिका

**डॉ0 नीता गुप्ता एवं कीर्ति सिंह**

*[1]एसोसिएट प्रोफेसर एण्ड हेड, [2]शोधार्थिनी, शिक्षा शास्त्र विभाग, आईएफटीएम, मुरादाबाद*

**सारांश**

किसी भी मनुष्य के जीवन में मूल्यों का अहम योगदान रहता है क्योंकि इन्हीं के आध ाार पर अच्छा बुरा या सही गलत की परख की जाती है। मनुष्य के जीवन की सबसे पहली पाठशाला उसका अपना परिवार ही होता है और परिवार समाज का एक अंग है उसके बाद उसका विद्यालय जहाँ से उसे शिक्षा हासिल होती है। परिवार समाज और विद्यालय के अनुरूप ही एक व्यक्ति में सामाजिक गुणों और मानव मूल्यों का विकास होता है। प्राचीनकाल से भारत में पाठशालाओं में धार्मिक शिक्षा के साथ मूल्य आधारित शिक्षा भी जरूरी होती थी। शिक्षा लोगों के ज्ञान और कौशल को विकसित करने की एक प्रक्रिया है। यह ज्ञान और कौशल उसके जीवन में लागू होते है। इस बात पर भी ध्यान देना जरूरी है कि शिक्षा का एकमात्र उद्देश्य ज्ञान प्राप्ति और तकनीकी दक्षता नहीं हो हालांकि आज के समय में यह सब चीजे भी बहुत ही महत्वपूर्ण है, लेकिन असल में शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो छात्रों में ऐसी समझ और तार्किक शक्ति विकसित करें जो उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बना सकें एवं छात्रों में मानव मूल्य की समझ विकसित करें। एक अच्छा छात्र न केवल कक्षा में नैतिक मूल्यों का प्रतीक वरन् अन्य छात्रों को भी नैतिक मूल्यों का ज्ञान कराता है। शिक्षक भी छात्रों को नैतिक एवं शिष्टाचारी बनाने में अहम भूमिका निभाते है। शिक्षाविदों के पास रोचक ढंग से छात्रों तक अध्ययन सामग्री व प्रेरक संदेश पहुँचाने के ढेरो तौर तरीके होते है, पर मूल बात यही है कि क्या मौजूदा शिक्षा व्यवस्था में इन नैतिक मूल्यों को समुचित महत्व देने को तैयार है। तर्कसंगत बात तो यह है कि यदि नैतिक शिक्षा ठीक से दी जाए तो यह शिक्षा का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष है पर आज धन अर्जन की क्षमता हासिल करने को सर्वाधिक महत्व दिया जा रहा है, इन नैतिक मूल्यों को शिक्षा में कितना महत्व मिल पाएगा यह सवाल हमारे सामने है। मानव मूल्यों के समावेश होने से छात्रों में शिक्षा का स्तर बढ़ता है वह छात्र आगे जाकर एक अच्छा शिक्षक एवं एक अच्छा व्यवसायिक बनता है।

**मुख्य शब्द** : शिक्षा, मानव मूल्य, व्यावसायिक नैतिकता।

◆◆◆◆

# वर्तमान शिक्षक प्रशिक्षण का मानवीय मूल्य संरक्षण में योगदान

**ऋचा राघव**
*शोधार्थी*

## सारांश

भारतीय समाज प्राचीनकाल से ही आदर्शवादी समाज रहा है । भारतीय समाज में प्रेम, भाईचारा, सहानुभूति आदि मूल्य प्रमुख रूप से पाए जाते हैं। इन मूल्य के संरक्षण में शिक्षक का विशेष योगदान है । शिक्षक भावी राष्ट्र के निर्माता हैं, जिन पर किसी भी राष्ट्र का भविश्य टिका रहता है । जब शिक्षकों के कन्धों पर इतनी बड़ी जिम्मेदारी है तो इन शिक्षकों को दी जाने वाली शिक्षा भी विशेष होनी चाहिए जिससे यह मानवीय मूल्यों के संरक्षण में अपना योगदान दे सकें । वर्तमान भारतीय समाज में शिक्षा का स्तर तो अवष्य उठा है किन्तु शिक्षा आज मानवीय मूल्यों से काफी दूर होती जा रही है, जिसके कारण आज समाज में संवेदना एवं प्रेम का अभाव है । इसका प्रमुख कारण है भावी शिक्षक को दी जाने वाली शिक्षा में गुणवत्ता का अभाव है । यदि शिक्षकों को दी जाने वाली शिक्षा में उन्हें मानवीय मूल्यों का परिचय कराया जाएगा तो वह इस ज्ञान को आत्मसात कर अपने व्यवहार में अवष्य उतारेगा । शिक्षक वह प्रतिबिम्ब होते है जिसमें विद्यार्थी अपने भावी भविश्य को साकार होते हुए देखते हैं । शिक्षक मानवीय मूल्यों को पोशित एवं विस्तारित करता है जिससे देश का भविश्य उज्जवल बनता है । शिक्षक शिक्षा इन मानवीय मूल्यों का आधार तैयार करती है ।

◆◆◆◆

# पर्यावरण संरक्षण एवं मानवीय मूल्य

**डा0 बबली रानी**
*असि0 प्रो0 गृह विज्ञान, झम्मन लाल पी0जी0 कॉलेज, हसनपुर, अमरोहा (उ०प्र०)*

## सारांश

मानवीय मूल्य एक अमूर्त गुण है जो किसी वस्तु में निहित होता है तथा उसके महत्व की ओर इंगित करता है। समाज एवं पर्यावरण में जो भी घटना घटित होती हैं समाज एवं पर्यावरण उनका उचित अथवा अनुचित के रूप में मूल्यांकन करता है और यह मूल्य ही वैल्यू कहलाते हैं। मूल्य निर्धारण में सामाजिक एवं पर्यावरणीय, सांस्कृतिक धरोहर का भी महत्वपूर्ण स्थान होता है। मूल्य पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होते हैं देशकाल एवं परिस्थिति के अनुसार

प्रत्येक समाज एवं राष्ट्र के पर्यावरण मूल्यों में कुछ अंतर होता है। व्यक्ति अपने सामाजिक मूल्यों के अनुरूप अपने अथवा इन्हें प्राप्त करने हेतु अग्रसर एवं प्रयत्नषील रहता है।

◆◆◆◆

# शिक्षा एवं मानवीय मूल्य

**डॉ0 विजय सिंह**
*शिक्षक (भारतीय इण्टर कालेज न्यौराई, एटा)*

## सारांश

शिक्षा में मानवीय मूल्यों का स्थान प्राचीन काल से चला आ रहा है। प्राचीन काल में मानवीय मूल्यों को सर्वोच्च स्थान दिया गया था। जिस कारण विद्यार्थी अच्छा आचरण करते थे। मध्यकाल व अंग्रेजी शासनकाल में शिक्षा में मानवीय मूल्यों का पतन होना शुरू हो गया जिस कारण भारतवर्ष में कई तरह के अपराध जैसे चोरी, डकैती, हत्या, बलात्कार, भ्रष्टाचार आदि को बढावा मिला। वर्तमान काल में भी ऐसी ही स्थिति उत्पन्न हो रही है जिस कारण कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसको दूर करने के लिये शिक्षा में विभिन्न मानवीय मूल्यों को शामिल करना होगा और विद्यार्थियों को विद्यालयों में पाठ्यक्रम व पाठ्य सहगामी क्रियाओं के माध्यम से मानवीय मूल्य सिखाने होगे। ये मानवीय मूल्य निम्न प्रकार हैं जैसे शिष्टाचार, देशभक्ति, न्याय, नेतृत्व, अहिंसा, धर्मनिरपेक्षता, सहनशीलता, समानता, मित्रता, वफादारी, स्वतंत्रता, समाज सेवा, आत्म विश्वास, वृद्धावस्था का सम्मान, संयम, करूणा, आज्ञा–पालन, सहयोग, नम्रता, क्षमा, स्वानुशासन, नियमितता, समय की पाबन्दी, आत्म निर्भरता आदि। विद्यार्थियों को विद्यालय में जो शिक्षा दी जाती है उनके पाठ्यक्रम में इन सभी मानवीय मूल्यों को शामिल करना होगा। ताकि अचारण अच्छा हो और वे देश के एक आदर्श नागरिक बन सकें। शिक्षक अपनी अच्छी विचारधारा व अच्छे संस्कारों के साथ विद्यार्थियों व अन्य नागरिको को मानवीय मूल्य सिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

मानवीय मूल्यों की शिक्षा में विद्यार्थियों को अनुभव से जोड़ना चाहिए। विद्यालयों में विभिन्न महापुरूषों की जयन्तियों, धार्मिक उत्सवों का आयोजन करना चाहिए। विद्यालय में समय–समय पर मानवीय मूल्यों से सम्बन्धित भाषण, संगोष्ठी, निर्देशन, ट्यूटोरियल आदि को अपनाया जाना चाहिए। शिक्षक अपनी शिक्षा द्वारा जिन मानवीय मूल्यों को विद्यार्थियों को देना चाहता है वे सभी मानवीय मूल्य उसमें भी समाहित होने चाहिए। वर्तमान समय में शिक्षा व्यवस्था में मानवीय मूल्यों का जो पतन हो रहा है उसका प्रमुख कारण नये–नये आविष्कार व नई सूचना क्रान्ति है। हमें ऐसी शिक्षा नीति बनानी होगी जिसमें विद्यार्थी आर्थिक उन्नति के साथ–साथ

नैतिक व चारित्रिक उन्नति कर सकें। हम कितने ही योग्य व जीनियस क्यों न हो यदि हमारे अन्दर अच्छे मानवीय मूल्य नहीं हैं तो हम अपना तो भला कर सकते है। लेकिन समाज व देश का भला नहीं कर सकते। इसलिये आदर्श नागरिक व अच्छे विद्यार्थियों का निर्माण करने के लिये भारतीय शिक्षा व्यवस्था में विभिन्न मानवीय मूल्यों को शामिल करना होगा। जिससे हमारी शिक्षा मानवीय मूल्यों से ओत–प्रोत होगी।

◆◆◆◆

# विपश्यना एवं प्रेक्षा की तनाव प्रबंधन में भूमिका–एक समीक्षात्मक अध्ययन

**अशोक कुमार यादव, सुनील कुमार श्रीवास**
*शोधार्थी, महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, सतना (म०प्र०)*

## सारांश

वर्तमान समय की जीवन–षैली में बहुत परिवर्तन आए हैं। आधुनिकता की चकाचौध ने मनुष्य को अत्याधिक भौतिकवादी बना दिया है। परिणामतः उसके पास काम अधिक और समय कम रह गया है। मानसिक तनाव का स्तर दिन–प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। भारत भी इससे अछूता नहीं रहा है। पष्चिम के देशों की स्थिति तो और भी अधिक बिगड़ती जा रही है। आधुनिक सुख–सुविधाओ की प्राप्ति के कारण वहाँ के लोगों की नींद भी प्रभावित हो चुकी है। पष्चिम के कई देशों में लोगों को प्रतिदिन 'विश्रामकारी दवाएँ' लेकर सोना पड़ता है।

अब प्रष्न आता है कि क्या इस स्थिति से छुटकारा पाने का कोई तो उपाय होगा? जबाव है– हाँ। 'विपष्यना एवं प्रेक्षा तनाव प्रबंधन में भूमिका–एक समीक्षात्मक अध्ययन'नामक दार्षनिक–साहित्यक षोधका उद्देष्य जनमानस को भारत की इन दोनों प्राचीन ध्यान पद्धतियों की जानकारी से अवगत करना है, फलतः लोग इनकी विधियों को सीखकर लाभांवित हो सकें। संपूर्ण(षारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक) स्वास्थ्य प्राप्त कर सकें। राग, द्वेश और मोह से विकृत हुए चित्त को निर्मल बना सकें। दैनिक जीवन के तनाव को दूर करके सुख एवं षांति प्राप्त कर सकें। अहंभाव के बंधनों से उन्मुक्त हो सकें, एक स्वस्थ–सुखी समाज का स्वस्थ–सुखी सदस्य बन सकें। आत्ममंगल और सर्वमंगल की भावनाओं से परिपूर्ण होकर अपना जीवन सुधार सकें।

◆◆◆◆

# माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत ग्रामीण एवं शहरी विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धियों एवं मानवीय मूल्यों का तुलनात्मक अध्ययन

**डा0 रोहित कुमार**
*असिस्टेंट प्रोफेसर, भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ शिक्षा,*

## सारांश

शोध सारांश–महात्मा गाँधी के अनुसार – "शिक्षा से मेरा अभिप्राय है बच्चे के अन्दर निहित षरीर, मन और आत्मा का सर्वा[3]~गीण व सर्वोत्तम विकास करना। किसी भी देश का विकास उसकी शिक्षा पर निर्भर करता है। शिक्षा अन्धकार से प्रकाष की ओर ले जाती है। शिक्षा से मनुष्य के अन्तः चक्षु खुल जाते है। शैक्षिक उपलब्धि और मानवीय मूल्यो का माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत छात्रो के अध्ययन के लिए ललितपुर जिले एवं उसके तीन विकास खण्डों ललितपुर,जखौरा,महरौनी के राजकीय एवं गैर सरकारी शिक्षण संस्थानो को 100–100 छात्रों को लिया गया हैं। माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत् ग्रामीण एवं षहरी क्षेत्र छात्रों नैतिक मूल्यों का मध्यमान क्रमषः 11.51 व 10.50 तथा मानक विचलन क्रमषः 1.90 व 2.30 प्राप्त हुआ। "टी" का मान 3.352 आया। जो "टी" के सारणी मूल्य से अधिक है। अतः अन्तर सार्थक कहा जा सकता है एवं छात्राओं के षैक्षिक उपलब्धि का मध्यमान क्रमषः 20.88 व 29.19 तथा मानक विचलन क्रमषः 4.08 व 3.23 प्राप्त हुआ। "टी" का मान 15.85 आया। जो "टी" के सारणी मूल्य से अधिक है। अतः अन्तर सार्थक कहा जा सकता है।

**मुख्य शब्दः** माध्यमिक स्तर, ग्रामीण एवं शहरी विद्यार्थी, मानवीय मूल्य, षैक्षिक उपलब्धि।

◆◆◆◆

# वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में मूल्यों पर अधारित शिक्षा की आवश्यकता

**आराधना सिंह**
*सहायक प्रोफेसर, शिक्षा विभाग, श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय, गजरौला, उत्तर प्रदेश*

## सारांश

मूल्य परक शिक्षा की अवधारणा प्राचीन है किन्तु वर्तमान में मूल्य शिक्षा के नाम पर जो क्रियायें प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही है उनसे लगता है की देश समाज और व्यक्ति असमंजस्य और डाबड़ोल की स्थिति में है। मूल्य विहीनता को समाप्त करने के लिए शिक्षार्थी को एक प्रयोगशाला के रूप में और शिक्षक को प्रयोगकर्ता के रूप में मानकर कार्य करना होगा।शिक्षा

की महत्वपूर्ण घटक विद्यार्थी को विभिन्न प्रयोगों द्वारा मूल्यों के निर्माण का केन्द्र मान लिया जाये। इस शोध के माध्यम से यह बताने का प्रयास किया है कि, शिक्षा अनुशासन देना ही नहीं, आत्म विवेक देना भी है।

शब्दकोश– आध्यात्मिक, पाठ्यचर्या, उत्तरदायित्व, नैतिक मूल्य

◆◆◆◆

# औपनिवेशिक भारत में स्त्री शिक्षा

**(उन्नीसवीं भाताब्दी के भारत के विशेष सन्दर्भ में)**

**डा0 शशि नौटियाल**
*एसो0 प्रो0 एवं विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग, जे0वी0 जैन पी0जी0 कालेज, सहारनपुर*

## सारांश

शिक्षा किसी भी काल में सामाजिक परिवर्तन एवं लक्ष्यों की प्राप्ति का माध्यम होती है विभिन्न युगों में शिक्षा के उददेश्य एवं पद्धतियां भिन्न रही है। पूर्व की विश्वास केन्द्रित शिक्षा के स्थान पर 19वीं शताब्दी के भारत में ब्रिटिश शिक्षा एक भिन्न दृष्टिकोण आधारित एक नवीन तर्क एवं नवीन भाषा पर आधारित शिक्षा प्रणाली थी। जिसकी पद्धति एवं उददेश्य भी पूर्व कालीन शिक्षा प्रणाली से भिन्न थे।

यह अलौकिक पाठ्यक्रमों के स्थान पर लौकिक पाठयक्रम पर आधारित, प्राच्य भाषाओं के स्थान पर आंग्ल भाषा आधारित, निशुल्क के स्थान पर भुगतान आधारित शिक्षा प्रणाली थी। ब्रिटिश सरकार का उददेश्य भारत में राजनैतिक उपनिवेशवाद के पश्चात सांस्कृतिक उपनिवेशवाद की स्थापना करना था। 'गोल्ड ग्लोरी एवं गॉड' के औपनिवेशिक हित उनकी शिक्षा प्रणाली में भी प्रतिबिंबित होते थे। ईस्ट इण्डिया कम्पनी द्वारा पाश्चात्य शिक्षा की विधिवत शुरूआत 1813 के एक्ट से हुई। किन्तु शुरूआत वारेन हेस्टिंग द्वारा कलकत्ता मदरसे तथा डंकन द्वारा बनारस संस्कृत कालेज की स्थापना से हो चुकी थी। औपनिवेशिक सरकार द्वारा स्त्री शिक्षा में मामले में तत्परता न दिखाए जाने का एक कारण यह था कि स्त्री शिक्षा भारतीयों को प्रशासन में मध्यस्थ के रूप में उपयोग करने के तात्कालिक उददेश्य की पूर्ति नहीं करती थी। मैकाले मिनट में स्त्री शिक्षा की घोर अवहेलना की गई। वुडस घोषणा पत्र एवं हंटर आयोग में इस तरफ आंशिक ध्यान दिया गया। सरकार के उदासीन रवैये के बावजूद मिशनरियों द्वारा इस स्त्री शिक्षा को अपने विभिन्न लक्ष्यों की पूर्ति हेतु एक अस्त्र के रूप में उपयोग किया गया। 19वीं शताब्दी के भारत में समाज सुधारकों द्वारा नारी शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया। उनका उददेश्य

महिलाओं में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करना था। इस उददेश्य पूर्ति के लिये एवं स्त्रियों की दयनीय स्थिति में सुधार लाने के लिये, राजा राम मोहन राय, ईश्वरचन्द्र विद्यासागर, ज्योतिबा फूले, सावित्रीबाई फूले, रमाबाई रानाडे इत्यादि ने इस क्षेत्र में सराहनीय प्रयास किये। समाज सुधारकों के सराहनीय प्रयासों, मिश्नरियों के अप्रकट मंतव्य एवं ब्रिटिश शासन द्वारा आधे अधूरे मन से किये गये प्रयासों के बावजूद रूढिवादी समाज में, स्त्रियों की शिक्षा के प्रति अनिष्ठा एवं उनकी प्रशासनिक अनुपयोगिता 19वीं शताब्दी में नारी शिक्षा के एक वर्ग तक सीमित रहने का कारण बने। इसके बाद भी सीमित ही सही परन्तु इसने भविष्य के लिये एक महान एवं दृढ आधार भूमि को निर्मित करने में सहायता प्रदान की।

◆◆◆◆

# आधुनिक शिक्षा और मूल्यो पर मीडिया का प्रभाव

**डॉ० मानिक रस्तोगी[1] एवं संजय प्रसाद[2]**
*[1]असिस्टेंट प्रोफसेर, शिक्षक शिक्षा विभाग, [2]छात्र, बी.एड. (प्रथम वर्ष), राज० रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर (उ०प्र०)*

## सारांश

शिक्षा एक ऐसा साधन है जो मानव को प्राणी जगत के अन्य जीवों से पष्थक करती हैं। शिक्षा का मानव जीवन में काफी महत्व है। शिक्षा के बिना मानव पशु के समान है। शिक्षा मानव को एक सामाजिक प्राणी बनाकर सांस्कृतिक धरोहर को आगे आने वाली पीढ़ी को हस्तांतरिक करने के योग्य बनाती है।शिक्षा से ही मानव का संर्वागीण विकास होता हैं। शिक्षा शब्द संस्कृत भाषा के ''शिक्ष'' धातु से बना है। जिसका अर्थ होता हैं सीखना या सिखाना। पेस्टालॉजी के अनुसार ''शिक्षा बालक की जन्मजात शक्तियों का स्वाभाविक, समन्वित एवं प्रगतिशील विकास हैं।

व्यक्ति जिस समाज मे रहता हैं उसमे मूल्य वांछनीय, महत्वपूर्ण एवं आदरपूर्ण होते हैं। मूल्य व्यक्ति के अभिवृत्ति, निर्णय, चयन, व्यवहार तथा सम्बन्धों एवं यहां तक कि व्यक्ति के दृष्टिकोण एवं उसकी सोच को प्रतिबिम्बित करता है। मूल्यों से हमारे चिन्तन, भावनाओं एवं क्रियाओं का निर्धारण होता है। वस्तुतः मूल्य हमारे जीवन में सही कार्य करने के लिए पथ–प्रदर्शक होते हैं। मूल्य एक मानक शब्द है। अमूर्त सम्प्रत्यय हैं इसका संबध मनुष्य के भावनात्मक पक्ष से होता है जो उकसे व्यवहार को नियंत्रित एवं निर्देशित करता है।कलुकहान के अनुसार ''व्यक्ति एवं संस्कृति के ढाँचे के अन्दर मूल्य पहले के या बाल्यवस्था के समाजीकरण का परिणाम होता हैं।''

आधुनिक युग की सबसे बड़ी समस्या मानवीय मूल्यों के ह्रास के रूप में देखी जा रही है। इसलिए हमारी शिक्षा व्यवस्था में मूल्य शिक्षा का समावेश अत्यन्त आवश्यक है। मूल्य के विकास में विद्यालय का दृष्टिकोण, उसकी आतंरिक व्यवस्था, शिक्षकों का आदर्श आपसी सहयोग, बच्चो के प्रति भावनाओ आदि का महत्व है। मूल्यों की शिक्षा में विद्यालय में दी जाने वाली शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है।

वर्तमान शिक्षा भावनात्मक उदारता और वैचारिक सहिष्णुता विकसित करने में प्रभावी भूमिका कम ही निभा पा रही है, इसका परिणाम संघर्ष और असंतुलन के रूप में सामने आ रहा है। अतः मूल्य आधारित शिक्षा ही व्यक्तित्व के सर्वतोन्मुखी विकास में सहायक हो सकती है।

संचार माध्यम (मीडिया) को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहा जाता है। किसी भी देश की उन्नति व प्रगति में मीडिया का बहुत बड़ा हाथ होता है। संचार माध्यम समाज का निर्माण एवं पुनः निर्माण करता है। आधुनिक युगमें संचार माध्यम का सामान्य अर्थ समाचार पत्र, पत्रिकाओं, टेलीविजन, रेडियो, इण्टरनेट आदि से लिया जाता है। आज भारत विश्व का सबसे बड़ा समाचार पत्र का बाजार है। प्रतिदिन 10 करोड़ प्रतियां बिकती हैं। मानवीय मूल्यो को विकसित करने में संचार माध्यम का बहुत बड़ा योगदान होता हैं।

◆◆◆◆

राष्ट्रीय सेमिनार आयोजकों
को

**हार्दिक शुभकामनाएं**

# श्याम पुस्तक भण्डार (रजि०)

मिस्टन गंज, रामपुर,
दूरभाष-0595-2324671

*पुस्तकालय हेतु हर प्रकार की पुस्तकें, कार्यालय सम्बन्धी समस्त स्टेशनरी एवं हर प्रकार के प्रिन्टेड रजिस्टर एवं परीक्षा सामग्री उचित मूल्यों पर प्राप्ति का मुख्य केन्द्र*

डी.आर. आहूजा 9897378300
आकाश आहूजा 9997955600

3 Star Category By Director of Industries U.P.
Oriental®
FURNITURE HOUSE
GOVT. APPROVED SUPPLIER
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
Neerav Agarwal
9837074875
New Exclusive Showroom
Domestic Furniture, Office Furniture, School Furniture, Decorative & Other Typical Furniture
मा. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा
निर्यात प्रोत्साहन मंत्री सत्यदेव पचौरी,
अपर मुख्य सचिव हथकरघा रमा रमण
एवं आयुक्त/निदेशक उद्योग
के. रविन्द्र नायक द्वारा लघु उद्यमी
प्रोत्साहन प्रादेशिक पुरस्कार वर्ष
2017–18 प्राप्त करते हुए सम्मानित
उद्यमी नीरव अग्रवाल
110, SIKLAPUR NEAR DINESH NURSING HOME, BAREILLY-243001 (U.P.)
Tel. : 0581-2550666 (Showroom) 9411245870 (Resi) Mob. : 9837074875
Branch At : U - 24, Durga City Centre , Haldwani, Nainital (Uttarakhand)
E-mail : orientalfurniturehouse01@gmail.com

# इंडियन बैंक
# Indian Bank

◆ Your Own Bank ◆

## Our Mission

- To be a Common Man's bank
- To provide all Financial Products and Services under one roof at a fair and transparent manner to all customers
- 100% CBS, 100% Digital

1. Deposit Products
   a. Saving Bank Accounts
   b. Current Account, Supreme Current A/c
   c. Special A/c for Salaried, Senoir Citizen, Women
2. Term Deposits
3. Loan -
   Salary Loan | Home Loan | NRI Home Loan | Plot Loan, NRI Plot Loan | Top-up Loan | Vehicle Loan | Salary Loan | Pension Loan | Ind Mortgage | Rent Encashment
4. Other Facility & Services
   Demand Draft | Internet Banking | Mobile App | Lockers | Credit Card | Health Insurance | Life Insurance | Mutual Funds | POS, Scan & Pay | UPI and Merchant App

**Technical Product**

1. Indpay 2. IB Smart Remote 3. Net Banking 4. ATM, Mobile APP 5. IB Collect, V-Collect 6. E. Purse 7. IB Small Merchant App.

*With Best Compliments From*


**Rizwan Ali**
Branch Manager
Mob. : 95805 05153

**Harsh Singh**
AHM

Rampur Branch, Ph. : 0595-2352233